


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 111 | बुधवार, 03 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण तृतीया विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया





## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा के कटक में मछली बाजार में आग

ओडिशा। ओडिशा के कटक में सोमवार तड़के एक मछली बाजार में आग लग गई। आग में 30 से ज्यादा दुकानें जलकर खाक हो गईं। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय व्यापारियों के मुताबिक, आग सुबह करीब 2:30 से 3 बजे के बीच एक दुकान में लगी और देखते ही देखते आसपास की दुकानों तक फैल गई। कुछ ही देर में पूरा बाजार आग की चपेट में आ गया। यह बाजार प्रेस चौक के पास स्थित है। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की करीब 8 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। डिप्टी फायर ऑफिसर अबनी कुमार स्वैन ने बताया कि दमकलकर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### सेना का ऑपरेशन 10वें दिन भी जारी

**नई दिल्ली**। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के डोरी माल इलाके के घने जंगलों में सुरक्षा बलों का ऑपरेशन शेरूवाली सोमवार को लगातार 10वें दिन भी जारी रहा। जवानों ने संदिग्ध ठिकाने वाले इलाके की घेराबंदी बनाए रखते हुए तलाशी अभियान चलाया। सर्च ऑपरेशन के दौरान जंगल से गैस स्टोव और अन्य सामान बरामद किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, इलाके में आतंकियों के मौजूदगी होने के संकेत है। बलों ने जमीनी टीमों के साथ तकनीकी निगरानी भी बढ़ा दी है। पूरे क्षेत्र में कॉम्बिंग और सर्च ऑपरेशन जारी है, ताकि छिपे सुरक्षा आतंकियों का पता लगाया जा सके।

### केरलम में डेढ़ साल के बच्चे की मारपीट से मौत

**तिरुवनंतपुरम**। केरलम के नेडुमंगड में लगातार शारीरिक प्रताड़ना और मारपीट से एक डेढ़ साल के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बच्चे की मां अखिला और उसके लिव-इन पार्टनर अश्कर को गिरफ्तार किया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया कि बच्चे के शरीर पर कुल 51 चोटों के निशान थे। पैरों पर सिगरेट और लाइटर से जलाने के निशान मिले।

### दिल्ली में स्कूल ऑफ प्लानिंग की बिल्डिंग में आग



**नई दिल्ली**। दिल्ली के आईटीओ इलाके में स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) में सोमवार सुबह आग लग गई। दमकल की 8 गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शिक्षा मंत्रालय और दिल्ली फायर सर्विस ने स्पष्ट किया कि आग मंत्रालय के ऑफिस में नहीं, एसपीए भवन में लगी थी।

# 114 और राफेल की तैयारी में भारत

## दुनिया के सबसे बड़े लड़ाकू विमान सौदों में शामिल हो सकता है नया समझौता

■ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना की ताकत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में भारत ने एक बड़ा कदम बढ़ाया है। भारत सरकार 114 नए राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। इस बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह चार दिवसीय दौरे पर फ्रांस पहुंचे हैं। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार भारत ने फ्रांस को राफेल विमानों की खरीद के लिए औपचारिक प्रस्ताव भेज दिया है और अब फ्रांसीसी पक्ष से कीमत, उत्पादन क्षमता, तकनीकी सहयोग तथा लॉजिस्टिक समर्थन संबंधी जवाब का इंतजार है। यदि यह सौदा अंतिम रूप लेता है तो यह भारतीय वायुसेना के इतिहास के सबसे बड़े लड़ाकू विमान अधिग्रहण कार्यक्रमों में शामिल होगा। इससे न केवल वायुसेना की लड़ाकू क्षमता में बड़ा इजाफा होगा, बल्कि भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता और स्वदेशी रक्षा उत्पादन को भी नई गति मिलेगी। दौरे के दौरान वायुसेना प्रमुख फ्रांस की प्रमुख रक्षा कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इनमें राफेल बनाने वाली कंपनी डसॉल्ट एविएशन और उन्नत मिसाइल प्रणालियों की निमार्ता एमबीडीए प्रमुख हैं। माना जा रहा है कि बातचीत केवल विमानों की खरीद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि तकनीकी हस्तांतरण, भारत में उत्पादन, भारतीय हथियार प्रणालियों के एकीकरण और दीर्घकालिक रक्षा साझेदारी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

रक्षा मामलों के जानकारों के अनुसार यह यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक विश्वास का संकेत है। हाल के वर्षों में भारत और फ्रांस के रक्षा संबंध लगातार मजबूत हुए हैं और राफेल इस साझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण प्रतीक बनकर उभरा है। पिछले कुछ वर्षों में पुराने मिग-21 विमानों को चरणबद्ध तरीके से सेवा से हटाया गया है। हालांकि उनकी जगह नए विमानों की संख्या पर्याप्त नहीं रही। चीन और पाकिस्तान जैसी दोहरी सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर वायुसेना को अपनी क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता महसूस हो रही है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि दो मोर्चों पर संभावित संघर्ष की स्थिति में वायुसेना को अधिक आधुनिक, बहुउद्देशीय और अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की आवश्यकता होगी। इसी कारण 114 मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट की योजना को रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राफेल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह एक ही मिशन में हवाई युद्ध, जमीनी हमले, टोही और परमाणु प्रतिरोध जैसी कई भूमिकाएं निभा सकता है। इसके साथ लगी मेटियोर मिसाइल लंबी दूरी पर दुश्मन के विमानों को मार गिराने में सक्षम है, जबकि स्कैल्प क्रूज मिसाइल गहरे और सटीक हमलों के लिए जानी जाती है। भारतीय परिस्थितियों में इसके प्रदर्शन को पहले ही परखा जा चुका है। लद्दाख जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों से लेकर पूर्वोत्तर की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों तक राफेल ने अपनी क्षमता साबित की है। यही कारण है कि नए अधिग्रहण कार्यक्रम में भी इसे सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। प्रस्तावित सौदे का सबसे महत्वपूर्ण पहलू भारत में निर्माण है। रक्षा मंत्रालय चाहता है कि 114 में से लगभग 94 विमान भारत में ही निर्मित किए जाएं। शेष विमान सीधे फ्रांस से आयात किए जा सकते हैं।



### >> वायुसेना प्रमुख का फ्रांस दौरा क्यों महत्वपूर्ण?

एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह का फ्रांस दौरा महज एक औपचारिक यात्रा नहीं माना जा रहा है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह यात्रा भारत और फ्रांस के बीच रक्षा सहयोग के अगले चरण की रूपरेखा तय कर सकती है।

### 114 लड़ाकू विमानों की जरूरत क्यों पड़ी?

भारतीय वायुसेना लंबे समय से लड़ाकू विमानों की कमी का सामना कर रही है। वायुसेना की स्वीकृत क्षमता 42 स्क्वाड्रनों की है, लेकिन वर्तमान में उसके पास केवल 29 स्क्वाड्रन ही सक्रिय हैं। यह संख्या राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं की तुलना में काफी कम मानी जाती है।

### राफेल क्यों है सबसे मजबूत दावेदार?

राफेल को दुनिया के सबसे आधुनिक और सक्षम लड़ाकू विमानों में गिना जाता है। भारतीय वायुसेना पहले से ही 36 राफेल विमानों का सफल संचालन कर रही है। इन विमानों ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन क्षमता, उन्नत हथियार प्रणालियों और बहुउद्देशीय उपयोगिता के कारण वायुसेना का विश्वास हासिल किया है।

# मानसून की दस्तक करीब, हीटवेव की विदाई, 27 राज्यों में बारिश का अलर्ट

■ नई दिल्ली/ भोपाल

देशभर में भीषण गर्मी और हीटवेव से राहत मिलने लगी है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले दो से तीन दिनों में केरल पहुंच सकता है। हालांकि इस वर्ष मानसून की रफ्तार सामान्य से कुछ धीमी रही है और इसकी औपचारिक शुरुआत जून के पहले सप्ताह में होने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने बताया कि अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। वहीं बंगाल की खाड़ी के कई क्षेत्रों में भी मानसूनी गतिविधियां तेज होने के



संकेत हैं। देशभर में फिलहाल हीटवेव की स्थिति समाप्त हो चुकी है। राजस्थान के अजमेर, नागौर और चित्तौड़गढ़ में सोमवार को ओलावृष्टि हुई, जबकि मध्य प्रदेश के कई जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी रहा। उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर में तेज वर्षा दर्ज की गई तथा राज्य के 63 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी है। बिहार के सासाराम में भी दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और तेज बारिश हुई।

### अल नीनो बन सकता है कमजोर मानसून की वजह

मौसम विभाग का मानना है कि इस वर्ष बारिश कम होने के पीछे एल नीनो प्रमुख कारण बन सकता है। इस मौसमीय घटना के दौरान प्रशांत महासागर का सतही जल सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है, जिसका असर भारतीय मानसून पर पड़ता है और अक्सर वर्षा में कमी देखी जाती है। फिलहाल प्रशांत महासागर की परिस्थितियां धीरे-धीरे अल नीनो की ओर बढ़ रही हैं। अनुमान है कि जून में इसका प्रभाव कमजोर रहेगा, लेकिन सितंबर तक यह मध्यम या मजबूत स्वरूप धारण कर सकता है। ऐसे में किसानों और जल संसाधन प्रबंधन से जुड़े क्षेत्रों की निगाहें इस बार मानसून की चाल पर टिकी रहेंगी।

### ओडिशा में दो महिलाओं ने सीएम आवास के बाहर जहर खाने की कोशिश की

**ओडिशा**। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के आवास के पास रविवार को तीन महिलाओं ने प्रदर्शन किया, जिनमें से दो महिलाओं ने खोरधा जिले में एक भूमि विवाद को सुलझाने में हो रही देरी से परेशान होकर जहर खाकर जान देने की कोशिश की। भुवनेश्वर के डीसीपी जगमोहन मीणा ने बताया कि यह घटना लोअर पीएमजी में धरना प्रदर्शन के लिए तय की गई जगह के पास हुई। ये महिलाएं खोरधा के बानपुर में चल रहे जमीन विवाद के निपटारे की मांग कर रही थीं।

## राज्यसभा की 27 सीटों और विधान परिषद चुनावों की तारीख घोषित

■ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की 27 सीटों तथा बिहार और कर्नाटक की विधान परिषद सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सभी सीटों के लिए मतदान 18 जून को होगा, जबकि मतगणना भी उसी दिन संपन्न कराई जाएगी। 18 जून को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। इसके बाद शाम 5 बजे से मतों की गिनती शुरू की जाएगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### नामांकन से मतगणना तक पूरा कार्यक्रम


- » नामांकन पत्र दाखिल करने की शुरुआत : 1 जून, सुबह 11 बजे से
- » नामांकन की अंतिम तिथि : 8 जून, दोपहर 3 बजे तक
- » नामांकन पत्रों की जांच : 9 जून
- » नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि : 11 जून
- » मतदान : 18 जून, सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
- » मतगणना : 18 जून, शाम 5 बजे से
- » राज्यसभा की 27 सीटों पर होगा चुनाव।

## पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर साइबर हमले की कोशिश विफल

**>> दो मिनट में 15 लाख हिट दर्ज, 16 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक किए आवेदन**

■ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर मंगलवार को साइबर हमले की कोशिश का मामला सामने आया। बोर्ड के अनुसार कुछ असामाजिक और दुर्भावनापूर्ण तत्वों ने पोर्टल की सेवाओं को बाधित करने के उद्देश्य से अत्यधिक संख्या में डिजिटल अनुरोध भेजे, जिसके कारण कुछ समय के लिए तकनीकी दबाव की स्थिति उत्पन्न हुई। हालांकि बोर्ड की तकनीकी टीम ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए पोर्टल को सुचारु रूप से संचालित रखा। सीबीएसई ने बताया कि हमले के दौरान मात्र दो मिनट के भीतर पोर्टल पर लगभग 15 लाख हिट दर्ज की गईं। इतनी बड़ी संख्या में एक साथ आए अनुरोधों को देखते हुए इसे सामान्य उपयोगकर्ता गतिविधि नहीं माना जा रहा है। बोर्ड का कहना है कि यह पोर्टल की कार्यप्रणाली को प्रभावित करने का सुनियोजित प्रयास प्रतीत होता है। इसके बावजूद विद्यार्थियों की आवेदन प्रक्रिया प्रभावित नहीं हुई। मंगलवार दोपहर तीन बजे तक 16 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए सफलतापूर्वक अपने आवेदन जमा कर दिए थे। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि तकनीकी विशेषज्ञ लगातार पोर्टल की निगरानी कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की बाधा को तुरंत दूर किया जा रहा है। बोर्ड अधिकारियों का कहना है कि विद्यार्थियों और अभिभावकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।



### एक समय में 8 हजार उपयोगकर्ताओं को सुविधा

*सीबीएसई के अनुसार वर्तमान में पुनर्मूल्यांकन पोर्टल को इस प्रकार विकसित किया गया है कि वह एक साथ 8 हजार से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं को संभाल सकता है। परिणाम घोषित होने के बाद बड़ी संख्या में विद्यार्थी अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर रहे हैं, जिसके कारण पोर्टल पर लगातार भारी दबाव बना हुआ है।*

# छात्रों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़ : शशि थरूर

■ तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने नीट-यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियां देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय हैं। थरूर ने इसे "पूरी एक पीढ़ी के साथ विश्वासघात" करार देते हुए परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाए।



मंगलवार को तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए थरूर ने कहा कि छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन जब परीक्षा पत्र लीक होने, भ्रष्टाचार या प्रशासनिक लापरवाही जैसी घटनाएं सामने आती हैं तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से विद्यार्थियों का परीक्षा व्यवस्था पर से भरोसा कमजोर होता है।

कांग्रेस सांसद ने भारत की परीक्षा प्रणाली की तुलना दुनिया की अन्य प्रतिष्ठित परीक्षा प्रणालियों से भी की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं सफलतापूर्वक और निष्पक्ष ढंग से आयोजित की जाती हैं। चाहे वह एसएटी हो, कैम्ब्रिज परीक्षाएं हों या अन्य वैश्विक मूल्यांकन प्रणालियां, वहां बार-बार इस प्रकार के विवाद सामने नहीं आते।

### >> निष्पक्षता पर उठ रहे सवाल

थरूर ने कहा कि बार-बार होने वाली अनियमितताएं यह संकेत देती हैं कि परीक्षा संचालन प्रणाली में गंभीर खामियां मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि कई बार परीक्षाएं रद्द करनी पड़ती हैं और विद्यार्थियों को दोबारा पूरी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। इससे मानसिक तनाव के साथ-साथ समय और संसाधनों की भी हानि होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता होती है। यदि उसी पर सवाल खड़े होने लगें तो पूरी व्यवस्था की साख प्रभावित होती है।

## बंगाल विधानसभा में टीएमसी ने भरोसेमंद चेहरों को दी जिम्मेदारी

■ कोलकाता

बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर शोभनदेब चट्टोपाध्याय को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मान्यता देने की मांग की है। इसके साथ ही आशीमा पात्रा और नैना बंदोपाध्याय को उपनेता प्रतिपक्ष तथा फिरहाद हकीम को चीफ व्हिप नियुक्त करने की जानकारी भी दी गई है।

टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की तरफ से विधानसभा अध्यक्ष को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि यह प्रक्रिया पहले भी कई बार अपनाई जा चुकी है। पार्टी ने दावा किया कि 2001, 2006, 2011, 2016 और 2021 में भी इसी परंपरा के तहत नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति हुई थी। पत्र में यह भी कहा गया कि 2021 में भाजपा की तरफ से शुभेंदु अधिकारी के नाम को भी तत्कालीन स्पीकर ने स्वीकार किया था। टीएमसी ने अपने पत्र में विधानसभा की पुरानी परंपराओं और नियमों का जिक्र करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति हमेशा इसी प्रक्रिया से होती रही है। पार्टी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को उसी परंपरा को जारी रखते हुए शोभनदेब चट्टोपाध्याय को मान्यता देनी चाहिए।

## सीमा सुरक्षा की समीक्षा करेंगे शाह

**दो दिवसीय त्रिपुरा दौरे में भारत-बांग्लादेश सीमा का निरीक्षण**

■ अगरतला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 4 और 5 जून को त्रिपुरा के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। गृह मंत्री का यह दौरा सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा प्रबंधन और घुसपैठ रोकने की तैयारियों के आकलन के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



अधिकारियों के अनुसार, अमित शाह 4 जून को शिलांग में उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) के 73वें पूर्ण अधिवेशन की अध्यक्षता करने के बाद शाम को अगरतला पहुंचेंगे। इसके बाद वह पश्चिम त्रिपुरा जिले के कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर जमीनी स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंगे।

**18वें रेलवे जोन की शुरुआतः 17 हजार कर्मचारी और 1300 गाड़ियों का संचालन शुरू**

## साउथ कोस्ट रेलवे ने शुरू किया कामकाज

■ विशाखापट्टनम

भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा है। नवगठित साउथ कोस्ट रेलवे (एससीओआर) ने सोमवार से आधिकारिक तौर पर अपना कार्यभार शुरू कर दिया है। इसके साथ ही देश में रेलवे जोन्स की संख्या 18 हो गई है। इस न्यू जोन का मुख्यालय विशाखापत्तनम में स्थापित किया गया है। बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 जनवरी 2025 को अपने मुख्यालय की शिलान्यास की थी। इस नए जोन के गठन से आंध्र प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में रेल सेवाओं के संचालन, पर्यटक आवास और ढाँचा संरचनाओं के मिश्रण में तेजी आएगी। साउथ कोस्ट रेलवे जोन का गठन साउथ सेंट्रल रेलवे और ईस्ट कोस्ट रेलवे की कुछ विचारधारा का पुनर्निर्माण किया गया है। आंध्र प्रदेश के बड़े भूभाग के अलावा तेलंगाना के कुछ इलाकों को भी बेहतर रेल सेवाओं का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इसे लोगों की दशकों पुरानी मांग को पूरा करने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा इससे उत्तर आंध्र प्रदेश में रेल संपर्क मजबूत होंगे।




### इस जोन में आते हैं चार प्रमुख रेल-मंडल

इस जोन के अंतर्गत चार प्रमुख रेल मंडल–विशाखापत्तनम रेलवे मंडल, विजयवाड़ा रेलवे मंडल, गुंटूर रेलवे मंडल और गुंतकल रेलवे मंडल–शामिल हैं। यहां लगभग 17,000 कर्मचारी कार्यरत होंगे। इस जोन के अंतर्गत 500 से अधिक यात्री गाड़ियां और 800 से अधिक माल गाड़िया संचालित होने की संभावनाएं हैं। इस न्यू रेलवे जोन के माध्यम से ईस्टर्न कोस्ट के प्रमुख बंदरगाहों तक माल शेयरिंग को और अधिक बढ़ावा दिया जाएगा। विशाखापत्तनम बंदरगाह, गंगावरम बंदरगाह, कृष्णापट्टनम बंदरगाह, काकीनाडा बंदरगाह और प्लांट मुलापेटा बंदरगाह के साथ बेहतर रेल संपर्क से व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

**सीडीवी संक्रमण की आशंका गहराई, रिपोर्ट सार्वजनिक न होने पर उठे सवाल**

# गुजरात में शेर, कान्हा में बाघों की मौत से चिंता बढ़ी

■ नई दिल्ली

गुजरात के गिर वन क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों के दौरान 12 एशियाई शेरों की मौत और मध्यप्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में 10 बाघों की मौत ने वन्यजीव संरक्षण को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। दोनों राज्यों में मौतों के पीछे कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) संक्रमण की आशंका जताई जा रही है, हालांकि संबंधित विभागों ने अब तक अंतिम जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की है। गुजरात के पूर्वी और पश्चिमी गिर क्षेत्र में शेरों की लगातार हो रही मौतों का मामला केंद्र सरकार तक पहुंच गया है। वन विभाग ने एहतियात के तौर पर 30 से अधिक शेरों को पशु देखभाल केंद्रों में निगरानी में रखा है। करीब आठ दिन पहले पांच शावकों और चार वयस्क शेरों की मौत हुई थी। उनके विसरा नमूनों की जांच पूरी होने के बावजूद रिपोर्ट जारी नहीं की गई है, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थिति का जायजा लेने के लिए गुजरात के वन मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने जामवाला और जसाधार पशु देखभाल केंद्रों का दौरा किया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने दावा किया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और पिछले तीन दिनों में किसी शेर की मौत की सूचना नहीं मिली है।





### मध्यप्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में 10 बाघों की मौत

उधर, मध्यप्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में 2 अप्रैल से अब तक 10 बाघों की मौत का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। जस्टिस विवेक जैन और जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की वेकेशन बेंच ने मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि बाघों में सीडीवी संक्रमण के लक्षण पाए गए हैं और संक्रमण रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में भी गुजरात में एक महीने के भीतर 11 शेरों की मौत सीडीवी और प्रोटोजोआ संक्रमण के कारण हुई थी। वर्तमान घटनाक्रम ने एक बार फिर देश में वन्यजीवों की स्वास्थ्य निगरानी और संरक्षण व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।





# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई आयोजित

## फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी और स्वास्थ्य सेवाओं पर दिए जाए जोर, अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच व मरीजों से बेहतर व्यवहार सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस0 चैधरी की अध्यक्षता में आज मण्डलीय समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम मण्डलायुक्त द्वारा गेहूं खरीद की समीक्षा की गयी, जिसमें मण्डलायुक्त द्वारा जानकारी ली गयी कि गेहूं खरीद में प्रदेश स्तर पर लक्ष्य के सापेक्ष खरीद का प्रतिशत क्या है। जिस पर अवगत कराया गया कि 68 प्रतिशत है और बरेली मंडल में 58 प्रतिशत गेहूं खरीद हुई है, जिस पर मण्डलायुक्त ने पूछा कि प्रदेश के सापेक्ष मण्डल में कम खरीद क्यों हुई है, खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मण्डल के जनपद व लक्ष्य की जानकारी ली गयी, जिस पर अवगत कराया गया कि बरेली जनपद का लक्ष्य 3397030, बदायूं का 3646724, शाहजहांपुर का 3824478 तथा पीलीभीत का 3190217 लक्ष्य निर्धारित है। वन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि इस बार नवीन विशिष्ट वनों की स्थापना की जायेगी, जिसके अन्तर्गत वंदे मातरम वन में 150 पौधे लगेंगे, महर्षि चरक औषधिवन, समरसवन, समृद्धि वन-ऊर्जा वन, कपि वन आदि लगाए जाएंगे। इसी प्रकार हीट वेव के दुष्प्रभावों के नियंत्रण हेतु छायादार पेड़ लगाये जायेंगे। गंगा एक्सप्रेस-वे पर बदायूं-शाहजहांपुर जनपदों में वृक्षारोपण किया जाएगा। मण्डलायुक्त ने फार्मर रजिस्ट्री तथा फैमिली आई.डी की भी समीक्षा की और पाया कि मंडल में 80.16 प्रतिशत लोगों की फैमिली आई.डी. बन चुकी है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग (संचारी रोग) की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि मच्छर जनित क्षेत्रों में फागिंग आदि करवायी जाए। उन्होंने एम्बुलेंस टाइम तथा 108 का पेमेंट की जानकारी ली, जिस पर अवगत कराया गया कि बजट आ गया है तथा कार्मिकों को दिया जा रहा है लेकिन 108 का पेमेंट राज्य स्तर पर ही होता है। बैठक में आयुष्मान कार्ड तथा एच0पी0वी0 वैक्सीनेशन की भी समीक्षा की गयी।

मण्डलायुक्त ने आर0बी0एस0के0 के कार्य की भी समीक्षा की, जिस पर अवगत कराया गया कि हर विकास खण्ड में दो टीमें होती हैं, जिस पर मण्डलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी को उनके कार्यों की गुणवत्ता देखने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने कहा कि अल्ट्रासाउंड सेंटर के संदर्भ में शिकायतें आती है कि सेण्टरों में डॉक्टर स्वयं नहीं बैठते हैं, वह अपने स्थान पर अन्य को बैठाते हैं, जिस पर बताया गया कि तहसील आंवला के दो अल्ट्रासाउंड सेंटर सीज किए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों और तीमारदारों के साथ अच्छा व्यवहार रखें, डिस्चार्ज के बाद भी मरीजों से कर्मियों द्वारा कैसा व्यवहार किया गया था इसका फीडबैक लें। अवगत कराया गया कि पर्चा बनवाने के लिए जिला अस्पताल में पांच काउन्टर हैं, इसके अतिरिक्त ऑनलाइन भी व्यवस्था है तथा पर्चा बनवाने हेतु आधार कार्ड की अनिवार्यता है। बैठक में निराश्रित गौवंश की समीक्षा की, जिस पर अवगत कराया कि जिन गौशालाओं में 50 से कम गौवंश हैं वहां के गौवंशों को बड़ी गौशालायों में शिफ्ट किया जा रहा है और खाली कराई जा रही गौशालाओं में भूसा संग्रहण केन्द्र बनाया जायेगा या हरा चारा उगाया जायेगा। मण्डलायुक्त ने विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में जानकारी ली कि चारागाह की भूमि का चिन्हाकन कर कब्जा मुक्त कराए जाने के निर्देश दिये गए थे उक्त क्रम में क्या कार्यवाही हुई है तथा विभागीय अधिकारियों को चारागाह की जमीनों का चिन्हाकन करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की भी समीक्षा की गयी, जिसके अन्तर्गत मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बाल विकास एवं पुष्टाहार व प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के बारे में जानकारी ली गयी, जिस पर अवगत कराया गया कि सैम से मैम में परिवर्तन त्रैमासिक अवधि में होता है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के बारे में बताया गया कि पिछले बार की अपेक्षा लक्ष्य तीन गुना कर दिया गया है विगत वर्ष लक्ष्य 10000 था इस वर्ष 30000 का लक्ष्य दिया गया है। मण्डलायुक्त द्वारा विगत बैठक में अपर निदेशक बेसिक शिक्षा को स्कूल वार नामांकन सत्यापन करने के निर्देश दिये गये थे उसकी प्रगति की जानकारी ली गयी, जिस पर बताया गया कि निरीक्षण किया गया है और नामांकन सही पाया गया।

मण्डलायुक्त ने प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों को चिन्हित करने के भी निर्देश दिये। प्राइवेट अस्पतालों से भी टीकाकरण की रिपोर्ट लेने के लिए भी कहा, जिस पर बताया गया कि बरेली में रिपोर्ट ली जा रही है। मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्यों के अन्तर्गत ऐसे कार्यों की भी समीक्षा की गयी जो योजनाएं पूर्ण हैं लेकिन अभी तक हैंड ओवर नहीं किया गया है, जिसमें बताया गया कि सिधौली में कस्तूरबा गांधी विद्यालय का कार्य इस सप्ताह पूर्ण हो जाएगा, नर्सिंग कालेज शाहजहांपुर का कार्य भी इसी सप्ताह पूर्ण हो जाएगा, कस्तूरबा गांधी बीसलपुर में छात्रावास का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण है विद्युत सुरक्षा की एनओसी लंबित है।

जयप्रकाश नारायण विद्यालय समरेर के सन्दर्भ में बताया गया कि विभाग द्वारा अभी जांच हेतु कमेटी गठित नहीं की गयी है। इसके अतिरिक्त बताया गया कि तिलहर के निर्माण, सहसवान में बालिका छात्रावास, ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण व मनौना आंवला में हॉस्टल निर्माण कार्य पूर्ण कराकर हैंड ओवर कर दिया गया है। बचपन डे केयर का निर्माण कार्य इसी माह पूर्ण कर हैंड ओवर हो जाएगा।

इसके अतिरिक्त दातागंज में अमृत सरोवर का निर्माण कार्य चल रहा है, गुरगवां में पशु चिकित्सा पॉलिक्लीनिक का निर्माण कार्य, जलालाबाद स्थित परशुराम मंदिर का निर्माण कार्य तथा रुहेलखण्ड नहर के अन्तर्गत आवास निर्माण कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री के घोषणा के निर्माण कार्यों की समीक्षा में बताया गया कि सैटेलाइट बस स्टेशन का निर्माण कार्य अभी तकनीकी कारणों से आरम्भ नहीं हुआ है।

### राजस्व कार्यों की हुई समीक्षा

बैठक में राजस्व कार्यों की भी समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें पाया गया कि राज्यकर में पीलीभीत जनपद का कार्य मण्डल में सबसे अच्छा है, इनके द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष 71 प्रतिशत वसूली कर ली गयी है। स्टाम्प रजिस्ट्रेशन की समीक्षा में पाया कि मण्डल में बरेली प्रथम स्थान पर है। आबकारी विभाग की समीक्षा में पाया गया कि जनपद बरेली ने 95 प्रतिशत तथा अन्य जनपदों में शत प्रतिशत राजस्व प्राप्ति की है। बैठक में परिवहन, विद्युत, नगर निगम आदि विभागों के राजस्व वसूली की भी समीक्षा की गयी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मुख्य देय और विधिक देय में भी अच्छी स्थिति पायी गयी। बैठक में राजस्व वादों की समीक्षा में पांच साल के अधिक के लम्बित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। धारा-44, धारा- 34, धारा-38, धारा-67, धारा-80 व धारा-116 की भी समीक्षा की गयी। जनपद राजस्व वादों के निस्तारण में बदायूं की स्थिति अन्य जनपदों की अपेक्षा ठीक नहीं पायी गयी। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि आई0जी0आर0एस0 में संतोषजनक फीडबैक का प्रतिशत मण्डल स्तर पर कम हो रहा है, इसे बढ़ाए जाने के निर्देश दिए गए तथा शिकायत के निस्तारण की कॉपी शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त देवेन्द्र प्रताप, अपर आयुक्त न्यायिक प्रीति जायसवाल, जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह जिलाधिकारी बदायूं अवनीश कुमार राय, जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारीगण सहित समस्त मंडल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मंगलवार को हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ व राम कथा का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** ज्येष्ठ मास में हरि मंदिर में नो दिवसीय राम कथा का शुभारंभ और 5 वे बड़े मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन हुआ। शहर के मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में आज 9 दिवसीय राम कथा का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि मानव के जीवन में जब सफलता या सम्मान आता है तो वह उसे अपनी योग्यता और विशेषता का परिणाम मान लेता है और इस कारण उसे अभिमान हो जाता है। जो पतन का कारण बनता है। इसलिए मानव का कर्तव्य है कि जब उसके जीवन में सफलता या सम्मान आए तो वह यह समझे कि भगवान की कृपा का परिणाम है। भगवान को ही इसका श्रेय दें। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा और सचिव रवि छाबड़ा व अन्य सदस्यों ने कथा व्यास का स्वागत किया और माल्यार्पण किया। आज जेठ मास के पांचवा बड़ा मंगलवार होने की होने पर कथा की समाप्ति के तुरंत बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ व हनुमान की मंगल में आरती हुई। कार्यक्रम की समाप्ति पर भंडारे का प्रसादी वितरण किया गया।

## मुर्गों की लड़ाई पर लगा जुए का अड्डा ध्वस्त, 6 जुआरी गिरफ्तार

- 7 लड़ाकू मुर्गे और 2910 रुपये बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भोजीपुरा पुलिस ने मुर्गों की लड़ाई पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छापेमारी कर 6 आरोपियों को मौके से दबोच लिया। मौके से 7 लड़ाकू मुर्गे और 2910 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



पुलिस की पकड़ में मुर्गों की लड़ाई पर जुए खेलते आरोपी। -जागरण मोर्चा

पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम सैदपुर प्यारेलाल स्थित एक आम के बाग में मुर्गों की लड़ाई कराकर बड़े पैमाने पर जुए का खेल चल रहा है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छापेमारी की। मौके पर कई लोग मुर्गों की लड़ाई पर रुपये लगाकर जुआ खेलते मिले। पुलिस को देखकर कुछ लोग भाग निकले, जबकि 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि सैदपुर प्यारेलाल निवासी राजा नामक व्यक्ति मुर्गों की लड़ाई आयोजित कराता था। छापे के दौरान वह मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में कबूल किया कि वे राजा के अड्डे पर ही जुआ खेलने पहुंचे थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मकसूद खां निवासी टिगरी थाना शीशगढ़, अख्तर खां निवासी दहिया थाना भोजीपुरा, साजिद निवासी कस्बा शेरगढ़, पप्पू मौर्य निवासी कर्मचारी नगर प्रेमनगर, तेजपाल निवासी मुड़िया चैधरी थाना क्योलड़िया और भुलइया निवासी सनौआ थाना सीबीगंज के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक साजिद के खिलाफ पहले से मारपीट, गाली-गलौज और धमकी का केस दर्ज है। इस मामले में थाना भोजीपुरा पर मु0अ0सं0 359-2026 के तहत धारा 13 जुआ अधिनियम और धारा 11(1)(एन) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 में मुकदमा दर्ज किया गया है। भोजीपुरा पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध जुआ, सट्टा और पशुओं के साथ क्रूरता से जुड़े मामलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ऐसे तत्वों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## सार संक्षेप

### यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**बरेली।** कांग्रेस कमेटी बहेड़ी की ओर से बहेड़ी स्थित कैम्प कार्यालय पर यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष साहिब सिंह का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशरफ प्रधान के नेतृत्व में फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष साहिब सिंह ने कहा कि आज भाजपा की डबल इंजन सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। सबसे ज्यादा परेशान आज प्रदेश का युवा वर्ग है, लगातार परीक्षाएं निरस्त हो रही, पेपर लीक हो रहे हैं। गरीब और मध्य वर्ग के लोग जैसे तैसे लाखों रुपया अपने बच्चों के ऊपर खर्च कर रहे हैं, लेकिन परिणाम शून्य आ रहा है। यह सब भाजपा सरकार की विफलता है। बहेडी नगर कांग्रेस के अध्यक्ष अशरफ प्रधान ने कहा कि जब से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार सत्ता में आई है। तब से लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है। लगातार डीजल ,पेट्रोल ,घरेलू रसोई गैस के दामों में वृद्धि होती चली जा रही है। इस सब के बाद भी प्रदेश सरकार सिर्फ अपनी उपलब्धियां गिनाने में लगी हुई है, उसको आमजन से कोई मतलब नहीं हैं। उपस्थित लोगों में साहिल खान, विधानसभा उपाध्यक्ष मो रजी, युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव मो सजिद, नगर उपाध्यक्ष मो जफर जब्बा, नगर उपाध्यक्ष शुऐब सिद्दीकी आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



जिला अध्यक्ष का स्वागत करते कांग्रेसी।

### तीसरी राष्ट्रीय महिला मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अर्चना राजपूत बनीं चैंपियन

**बरेली।** राजकीय हाई स्कूल बढ़ेपुरा नवाबगंज बरेली की प्रधानाचार्य राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित अर्चना राजपूत तमाम जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने के साथ ही अपने सपने को भी जी रही हैं। एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप चेन्नई में भी 55वर्ग में 300 मीटर हर्डल में पांचवें स्थान पर रहीं, तभी सोच लिया था कि कुछ ऐसा करना है जो बाकी महिलाओं के लिए मिसाल बन जाए। तीसरी राष्ट्रीय महिला मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप गोवा में अर्चना राजपूत ने 80मीटर हर्डल रेस में प्रथम, ऊंची कूद में प्रथम और भाला फेंक में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर गोवा में 30-31 मई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में चैंपियन बनकर बरेली का नाम रोशन कर दिया और ये साबित कर दिया कि उम्र सपनों में रूकावट नहीं होती अगर आपके हौंसला बुलन्द हो। इसके लिए मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी डेविड ने चैंपियन ट्रॉफी देकर उन्हें सम्मानित किया। अर्चना राजपूत एक दर्जन से भी ज्यादा प्रतियोगिताओं मे भाग ले चुकीं है और जल्दी ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।



अर्चना राजपूत पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

### आचार्य मेधावृत शास्त्री को किया सम्मानित

**बरेली।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में मंडल महामंत्री विशाल शर्मा के आवास पर विश्व ब्राह्मण दिवस के उपलक्ष्य में आचार्य मेधावृत शास्त्री को सम्मानित किया गया। आचार्य को उत्तरीय, पटका और भगवान परशुराम का चित्र राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, मंडल महामंत्री विशाल शर्मा और जिलाध्यक्ष संजीव कुमार अवस्थी ने भेंट किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र के वाचन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी ने की और संचालन जिलाध्यक्ष संजीव कुमार अवस्थी ने किया। अपने सम्मान पर संबोधित करते हुए आचार्य मेधावृत शास्त्री ने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का आभार व्यक्त किया और कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रतीक चाणक्य आज भी हमारे आदर्श हैं, क्योंकि चाणक्य ने भारतीय अस्मिता को जीवित रखने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। मुख्य वक्ता मंडल उपाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा कि चाणक्य ने अपने चरित्र के बल पर अत्याचारी नंद वंश का नाश किया और भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत भारतीय शासन स्थापित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि चाणक्य की चाणक्य नीति और अर्थशास्त्र में नीतिगत आदर्शों का अध्ययन करके पालन करना चाहिए, ताकि मानव का जीवन अनुशासन पूर्ण बन सके। चाणक्य संपूर्ण मानव जाति के लिए आदर्श हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन शर्मा ने मांग की कि चाणक्य नीति पुस्तक प्रत्येक व्यक्ति को निशुल्क उपलब्ध कराई जाए, ताकि सभी लोग उसका पालन कर सकें। कार्यक्रम में राकेश कुमार शर्मा, नवनीत शर्मा, अवनीश मिश्रा, पंकज उपाध्याय, अमित शर्मा, नवीन शर्मा, कृष्ण अवतार शर्मा, आचार्य मेधावृत शास्त्री, इंद्रदेव त्रिवेदी, संजीव कुमार अवस्थी, सचिन शर्मा, विशाल शर्मा आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



आचार्य मेधावृत शास्त्री सम्मानित होते हुए।

## पुलिस ने 173 करोड़ की ड्रग्स को किया खाक, नशा कारोबारियों में मचा हड़कंप

- 711 मुकदमों में जब्त 4632 किलो मादक पदार्थ नष्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन दहन अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। अभियान के दौरान अब तक 173 करोड़ 53 लाख रुपये से अधिक कीमत के मादक पदार्थों को नष्ट किया जा चुका है।

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर एक मार्च से 30 जून 2026 तक संचालित किए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने विभिन्न थानों में दर्ज मामलों में जब्त मादक पदार्थों के निस्तारण की प्रक्रिया पूरी कराई। पुलिस अभिलेखों के अनुसार जिले के अलग-अलग थानों में दर्ज 711 मामलों से संबंधित करीब 4632.5 किलोग्राम मादक पदार्थों को कानूनी प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया। इसके लिए न्यायालय और संबंधित विभागों से आवश्यक अनुमति लेने के साथ-साथ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) भी प्राप्त किया गया। जब्त मादक पदार्थों को परसाखेड़ा स्थित इंसिनरेटर प्लांट में वैज्ञानिक और पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए नष्ट कराया गया। अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य नशे के अवैध नेटवर्क को कमजोर करना और युवाओं को मादक पदार्थों की लत से बचाना है। एसपी नॉर्थ मुकेश मिश्रा ने बताया कि जिले को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस पहल को जनपद में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

## करोड़ों के घोटाले की मुख्यमंत्री से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत डीडीपुरम स्थित कुष्ठ आश्रम की भूमि पर हुए निर्माण कार्यों को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में परियोजना से जुड़े अधिकारियों पर करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितता और सरकारी धन की बर्बादी का आरोप लगाया गया है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण संगठन (विजिलेंस), आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) अथवा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता अधिवक्ता चन्द्र प्रकाश का आरोप है कि स्ट्रीट वेंडरों के लिए लगभग 1100 वर्गमीटर भूमि पर 67 टीन शेड दुकानों के निर्माण पर करीब 3.02 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। निर्माण पूरा होने और भुगतान होने के बावजूद किसी भी स्ट्रीट वेंडर को दुकान आवंटित नहीं की गई। आरोप है कि करीब 18 महीने बाद इन्हीं दुकानों को ध्वस्त कर उसी भूमि को एक निजी संस्था को 15 वर्ष की लीज पर दे दिया गया। शिकायत में सवाल उठाया गया है कि जब करोड़ों रुपये खर्च कर दुकानें बनाई गई थीं तो उन्हें किसके आदेश पर तोड़ा गया और इस नुकसान की भरपाई किस अधिकारी से की जाएगी। शिकायतकर्ता का दावा है कि अब उक्त भूमि पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स विकसित किया जा रहा है और दुकानों को प्रीमियम एवं किराये पर दिए जाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में परियोजना पर तत्काल रोक लगाने, बीडीए से निर्माण की वैधता की जांच कराने और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि भविष्य में परियोजना को लेकर न्यायालय या शासन स्तर से कोई कार्रवाई होती है तो वहां व्यवसाय शुरू करने वाले लोगों को भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। मामला सामने आने के बाद स्मार्ट सिटी परियोजना और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

## चरमराई व्यवस्था एक बेड पर जिला अस्पताल में दो मरीजों का उपचार

- जिला अस्पताल में 150 बेड की है क्षमता, मरीजों-तीमारदारों में रोष

जागरण मोर्चा, कार्यालय

> जिला अस्पताल में 150 बेड है मैंने डायरिया वार्ड स्वयं निरीक्षण किया तो कोई एक बेड पर एक ही रोगी को उपचार के लिए लिटाया गया।- **डॉ.बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।**

**रामपुर।** जिला अस्पताल में बेड की कमी नहीं है। इसके बाद भी एक बेड पर दो-दो मरीजों का उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्य प्रणाली से आम लोगों व मरीजों में रोष है। अस्पताल में करीब 150 बेड हैं। इसके बाद भी यह स्थिति बनी हुई है।

मंगलवार को जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में बने डायरिया वार्ड में एक बेड पर दो मरीजों को लिटाकर उपचार कराया गया। बेड की दोनों साइडों पर उनके तीमारदार उनकी देखरेख करते दिखाई दिए। ताकि उनका मरीज करवट लेते समय कहीं बेड से न गिर जाए। तीमारदार अपने मरीजों के लिए परेशान दिखाई दिए।

लाल मस्जिद निवासी शकील अहमद, चौकी पीला तालाब निवासी जुनैद मियां को उलटी, दस्त और कमजोरी की परेशानी हुई तो वह जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में भर्ती हुए। जहां उन्हें स्टॉफ को बेड पर लिटा दिया। इसके बराबर से दूसरे मरीज को लिटा दिया।

कार्रवाई | एक रात में 3 एनकाउंटर, बदायूं में लुटेरे, पीलीभीत में हत्यारोपी

## बदमाशों पर टूटा पुलिस का कहर, 6 को लगी गोली

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** डीआईजी अजय साहनी की सख्ती के चलते बरेली मंडल पुलिस का इकबाल बुलंद है। रविवार की रात बदमाशों पर भारी पड़ी। मंडल भर में पुलिस ने चैतरफा प्रहार कर 6 बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। डीआईजी अजय साहनी के निर्देश पर बरेली, बदायूं और पीलीभीत में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वालों को पुलिस ने सबक सिखा दिया। डीआईजी अजय साहनी की जीरो टॉलरेंस नीति की चर्चा अब पूरे प्रदेश में हो रही है।

बदायूं में 9 मई को वैरमई बुजुर्ग निवासी लोकेश बाबू से ब्योली मढ़ी के पास बाइक, मोबाइल, नकदी लूटी गई थी। रविवार रात 12 बजे वजीरगंज में बिल्सी रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक सवार आरोपितों को घेरा। एसएसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि घेराबंदी देखकर आरोपितों ने गोलियां चलाई, जिसमें सिपाही प्रिंस चैधरी घायल हो गए। जवाबी फायरिंग में फारुख उर्फ बादशाह व अमन चतुर्वेदी के पैर में गोली लगी। तीसरा आरोपित सुरजीत उर्फ नानू को कांबिंग में पकड़ा गया। तीनों से लूटी गई बाइक बरामद हुई। फारुख बिल्सी, अमन टीकमगढ़ एमपी और सुरजीत शाहजहांपुर का रहने वाला है।

पीलीभीत के बिलसंडा में गुरुवार को कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता की हत्या कर दी गई थी। रविवार रात पुलिस ने शाहजहांपुर निवासी आरोपित सुमित सागर को बिलसंडा में घेर लिया। भागने के प्रयास में उसने तमंचे से फायर किया, जिसके छर्रे लगने से सिपाही गुरमीत घायल हो गए। जवाबी फायरिंग में सुमित को पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया गया। इस केस में शनिवार को भी 3 आरोपितों को मुठभेड़ में पकड़ा गया था।

शनिवार रात सुभाषनगर निवासी अधिवक्ता बृजेश मिश्रा पर गुलाबनगर में बिलाल घोषी ने चाकू से हमला किया था। बिलाल ने बृजेश की पीठ और गर्दन पर चाकू मारा था। रविवार रात पुलिस ने उसे भी मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। पैर में गोली लगने पर जिला अस्पताल में भर्ती है। गिरफ्तारी के वक्त गिड़गिड़ाकर बोला, बहुत बड़ी गलती हो गई थी, अब कभी नहीं होगी। सिर्फ इस बार माफ कर दो।

डीआईजी अजय साहनी ने मंडल में अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। एक रात में 3 जिलों में 6 बदमाशों को गोली मारकर गिरफ्तार करने से पुलिस का मनोबल ऊंचा है। डीआईजी अजय साहनी ने साफ कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। बरेली मंडल में पुलिस की इस कार्रवाई की हर तरफ तारीफ हो रही है। जनता में भी सुरक्षा का भाव बढ़ा है।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर- 7906815587, 9758444242


# समलैंगिक दोस्तों ने की थी नईम की हत्या, खुलासा

## सीसीटीवी फुटेज और ताबड़तोड़ दबिशों से 6 दिन में पुलिस पहुंची हत्यारोपियों तक

**नईम की हत्या के पीछे समलैंगिक संबंध**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी।** सात दिन पहले नगर में दिनदहाड़े हुए नईम हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।कड़ी जांच-पड़ताल, सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल और लगातार दबिशों के बाद पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर हत्या की गुत्थी सुलझा ली। पुलिस जांच में सामने आया है कि कैंटीन संचालक नईम की हत्या के पीछे समलैंगिक संबंध, कथित ब्लैकमेलिंग और लूट की साजिश की परतें जुड़ी हुई थीं। आरोपियों के कब्जे से मृतक की अंगूठियां,चेन मोबाइल फोन और नगदी भी बरामद हुई है। पुलिस ने तीनों को चालान कर न्यायालय भेज दिया।



पुलिस की गिरफ्त में दोस्त की हत्या करने वाले आरोपी और बरामद सामान

नगर के भूड़ा गेट निवासी कैंटीन संचालक 26 वर्षीय नईम का खून से लथपथ शव 26 मई को ईंट भट्ठे के पास नई बस्ती स्थित उसके प्लॉट पर बने कमरे में मिला था। धारदार हथियार से गला रेतकर की गई हत्या से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मृतक के पिता मुरव्वत हुसैन ने शक के आधार पर बिलारी थाना क्षेत्र के धर्मपुर निवासी अफसर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद पुलिस ने सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। जांच के दौरान मिले महत्वपूर्ण सुरागों ने पुलिस को आरोपियों तक पहुंचाया। पूछताछ में वारदात का खुलासा हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस, सर्विलांस, एसओजी, डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम को जांच में लगाया गया। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए। संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी गई। पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में पता चला कि नईम का कुछ युवकों से समलैंगिक संबंध था। आरोप है कि वह संबंधों के दौरान वीडियो बना लेता था। बाद में उन्हीं वीडियो के जरिए युवकों पर दबाव बनाकर उनसे रुपये वसूलने या अन्य लाभ लेने की कोशिश करता था। पुलिस का दावा है कि ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर तीनों युवकों ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई। मंगलवार को थाना सैफनी पुलिस और सर्विलांस टीम ने मोहल्ला कादरी निवासी दानिश पुत्र जाकिर हुसैन, जटपुरा निवासी मोहसीम पुत्र मोहम्मद यासीन और गुलाब नगर निवासी कासिम पुत्र लाल मोहम्मद को मझरा घाट गंगा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या की वारदात कबूल कर ली। पुलिस के अनुसार हत्या के बाद आरोपियों ने नईम के पास मौजूद नकदी, मोबाइल फोन, चेन और अंगूठी भी अपने कब्जे में ले ली थी। उनकी निशानदेही पर जंगल खनुपुरा से हत्या में प्रयुक्त चाकू, खून से सनी कमीज और गमछा तथा मृतक का क्षतिग्रस्त मोबाइल बरामद किया गया। वहीं मोहसीम और कासिम के घरों से लूट के 92 हजार रुपये भी बरामद हुए। पुलिस ने मृतक की चेन, अंगूठी, तीन मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त बाइक भी कब्जे में ले ली।

# 15 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा में आज से होगी टीजीटी परीक्षा

**» 3, 4 जून को दो पालियों में होगी परीक्षा, तैयारियां पूरी**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक टीजीटी परीक्षा जनपद में आज से 15 केंद्रों पर होगी। यह परीक्षा 3,4 जून तक होगी। इसको लेकर विभाग की ओर से तैयारियां शुरू की गई है। परीक्षा दो पालियों में होगी। जिसमें सुबह 10 से दोपहर 1, दूसरी पाली दोपहर 2 से शाम पांच तक आरंभ रहेगी।

टीजीटी परीक्षा में करीब दोनों दिन 13 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा, अभ्यर्थियों की तलाशी और सीटिंग प्लान के अनुरूप बैठने जैसी व्यवस्था की गई है। पहली पाली सुबह 9 से 11 बजे, दूसरी पाली दोपहर 3 से 5 बजे तक आरंभ रहेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि जनपद में टीजीटी की परीक्षा आज से आरंभ होगी, जोकि 3,4 जून तक संचालित रहेगी। परीक्षा को लेकर 15 केंद्र बनाए गए है जिसमें राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज, राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक, राजकीय आश्रम, पद्धति, राजकीय रजा पीजी कालेज, राजकीय इंटर कालेज काशीपुर, पं.दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज, राजकीय रजा इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकार, राजकीय जुल्फिकार गर्ल्स इंटर कॉलेज, दयावती मोदी एकेडमी, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ईस्ट वेस्ट पब्लिक स्कूल, साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल में परीक्षा होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-रिक्शा चालक ने रोडवेज परिचालक को मारी टक्कर, घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** बिलासपुर रोड पर रविवार रात करीब 9 बजे एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने रोडवेज बस के परिचालक को टक्कर मार दी। हादसे में परिचालक घायल हो गया, जबकि ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया।घायल परिचालक की पहचान मोहल्ला श्रीराम कॉलोनी निवासी मंगलसेन के रूप में हुई है। वो रात में ड्यूटी खत्म कर बरेली से रोडवेज बस द्वारा मिलक लौट रहे थे। बस से उतरकर जब वह पैदल अपने घर जा रहे थे, तभी आर.के पैलेस के सामने पीछे से आ रही एक इ-रिक्शा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगने से वो सड़क पर गिर गए और उनके सिर में चोट आ गई। हादसे के बाद इ-रिक्शा चालक वाहन लेकर फरार हो गया घायल अवस्था में मंगलसेन को मिलक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है।

### सहायक आयुक्त का शाहजहांपुर तबादला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त डॉ.गणेश गुप्ता का शासन के निर्देश पर तबादला शाहजहांपुर हो गया है उनके स्थान पर शामली से आए शिवम मलिक की तैनाती हुई है। मंगलवार को उन्होंने चार्ज रिलीव किया। उधर शामली से आए शिवम मलिक ने कार्यालय में कर्मचारियों की बैठक ली।

### अनियंत्रित होकर लकड़ी भरा ट्रैक्टर ट्राली पलटी, चालक दबा



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहबाद।** मंगलवार को शाहबाद के आसफपुर रोड पर लकड़ी भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई, हादसे में लकड़ियों में दबकर ट्रैक्टर चालक जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद थाना क्षेत्र के केसरपुर गांव निवासी राहुल अपनी ट्रैक्टर ट्राली में ढकिया क्षेत्र से लकड़ी भरकर रामपुर जा रहा था, रास्ते में महुनागर गांव के मोड़ के पास ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर खंदी में पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर का चालक राहुल लकड़ियों के बीच दब गया। राहगीरों ने ट्रैक्टर के चालक को लकड़ियों से निकालकर एम्बुलेंस की मदद से शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा, जहां चिकित्सा अधीक्षक डॉ मोहित रस्तोगी ने घायल राहुल को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### अचानक सीने में दर्द उठने से बुजुर्ग की मौत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहबाद।** शहर के मोहल्ला बेदान में सोमवार देर रात सीने में दर्द उठने से बुजुर्ग की मौत हो गई। अचानक मौत से परिजनों में कोहराम छा गया।।

मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला बेदान निवासी साबिर खां के सीने में तेज दर्द उठा और उन्हें घबराहट महसूस हुई। साबिर खां की हालत बिगड़ती देख परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए पास के एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। जहां डॉक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। साबिर खान के निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर सांत्वना देने वालों का तांता लग गया। मंगलवार शाम उन्हें सुपुर्द खाक किया गया। मिली जानकारी साबिर खां परिवार के किसी कार्यक्रम में शामिल होने एक दिन पहले ही दिल्ली से शाहबाद आए थे।

# ज्वेलर्स की दुकान खुलवा कर लूट का प्रयास

**» कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला,नहीं दर्ज हुई**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** ज्वैलर्स की दुकान खुलवा कर लूट की कोशिश हुई। पिता पुत्रों के विरोध करने पर आरोपियों ने उनको पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। लेकिन पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जिससे पीड़ित परिवार में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला चाह इच्छा निवासी कृष रस्तोगी का कहना है कि उनके घर से कुछ दूरी पर ज्वैलर्स की दुकान है। रात को वह दुकान बंद करके चले गए थे।उसके बाद किसी व्यक्ति का फोन आता है। उसको चेन खरीदना है। उसके बाद युवक दुकान पर आ जाता है। जहां आरोपियों ने दुकान खुलवा कर लूट का प्रयास किया जाता है। युवक के विरोध करने आरोपियों ने पिता पुत्रों को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौका पाकर फरार हो गए थे। बाद में पीड़ित ने थाने में शिकायत की,लेकिन अभी तक पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में राजमिस्त्री की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार शाम एक सड़क हादसे में राजमिस्त्री भगवानदास (50) की मौत हो गई। मृतक भगवानदास कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बांकराबाद गांव के निवासी थे।उनके बेटे संजय की ससुराल ग्राम किरा में है, जहां मकान निर्माण का काम चल रहा था। सोमवार को भगवानदास काम के सिलसिले में किरा गए थे। रात करीब 8 वजे वह किरा से अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। तभी कुंदनपुर गांव के पास किसी अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि भगवानदास के सिर में गंभीर चोटें आ गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद ग्रामीणों की मदद से उन्हें एंबुलेंस द्वारा मिलक के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकिसालय रामपुर भेज दिया है। अज्ञात बाइक चालक की तलाश की जा रही है।भगवानदास के परिवार में पत्नी के अलावा चार बेटे और दो बेटियां हैं। घर के इकलौते कमाने वाले की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# बिजली की चपेट में आकर युवक की मौत, कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** बिजली की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। युवक घर में सीढ़ी लगाकर सफाई कर रहा था और हादसे का शिकार हो गया।युवक की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के पैंदानगर गांव की है। गांव निवासी रियासत अली का बेटा मोहम्मद शानिब उम्र 22 वर्ष पानीपत में बिरयानी का होटल चलता था। ईद के मौके पर युवक अपने घर पर आया हुआ था। मंगलवार को युवक अपने घर की पानी से धुलाई कर रहा था। घर की दीवार पर सीढ़ी लगाने के बाद युवक पानी से धुलाई करने लगा। धुलाई करते समय युवक बिजली के तारों की चपेट में आ गया। जोरदार झटके के साथ युवक सीढ़ी से नीचे जा गिरा। परिजनों ने युवक को जमीन पर गिरा देखा तो उनके होश उड़ गए। इस दौरान परिजनों ने युवक को जमीन से उठाने की कोशिश की। युवक के अंदर कोई हलचल ना देख घर में चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के तमाम लोग घर के अंदर आ गए। परिजन युवक को गाड़ी में डालकर पास ही किसी चिकित्सक के पास ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजन मृतक युवक का शव लेकर घर पहुंचे तो कोहराम मच गया।

# सिक्योरिटी अलार्म इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण 10 जून से

**रामपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा युवाओं को तकनीकी कौशल प्रदान कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरा एवं सिक्योरिटी अलार्म इंस्टॉलेशन विषय पर नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 जून 2026 से आरंभ होगा। संस्थान के निदेशक देशराज मीणा ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए आवेदन 09 जून 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। प्रशिक्षण में जनपद के युवाओं के लिए कुल 30 सीटें निर्धारित की गई हैं, जिनमें से 25 सीटें ग्रामीण क्षेत्र के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं।उन्होंने बताया कि 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे युवा, जो स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हैं अथवा तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के अवसर तलाश रहे हैं।

# सनराइजर्स ने गोल्डन हॉक्स को नौ विकेट से हराया

**» रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित केपी सिंह मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 1 जून को ज्वाला क्लब मैदान में हुआ। उद्घाटन समारोह में खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ देखने को मिली। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पूरे आयोजन को उत्सव जैसा माहौल प्रदान किया। शानदार रोशनी और दर्शकों के उत्साह ने टूर्नामेंट के पहले दिन को यादगार बना दिया।



मैदान पर मौजूद खिलाड़ी।

टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में गोल्डन हॉक्स और सनराइजर्स की टीम आमने-सामने थीं। टॉस जीतकर गोल्डन हॉक्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन सनराइजर्स के गेंदबाजों ने शुरूआत से ही दबाव बनाए रखा। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के कारण गोल्डन हॉक्स की पूरी टीम निर्धारित ओवरों में मात्र 52 रन पर सिमट गई। गोल्डन हॉक्स की ओर से नितिन जोशी ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 17 रन बनाए। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में सफल नहीं हो सका। सनराइजर्स के गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को खुलकर खेलने का कोई मौका नहीं दिया। 53 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स की टीम ने आक्रामक शुरूआत की। बल्लेबाजों ने बेहतरीन शॉट्स लगाते हुए मैच पर पूरी तरह पकड़ बनाए रखी और केवल 1 विकेट के नुकसान पर 5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस शानदार जीत के साथ सनराइजर्स ने टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया। मैच के हीरो रहे हर्ष राणा, जिन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी से गोल्डन हॉक्स की बल्लेबाजी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। हर्ष राणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 महत्वपूर्ण विकेट अपने नाम किए। उनके उत्कृष्ट खेल को देखते हुए उन्हें मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई मजबूत टीमें भाग ले रही हैं और आगामी मुकाबलों में और भी रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा। दर्शकों का उत्साह और खिलाड़ियों का जोश टूर्नामेंट की सफलता को दर्शा रहा है।अब क्रिकेट प्रेमियों की नजरें 2 जून की रात्रि को होने वाले अगले मुकाबले पर टिकी हैं, जिसमें गोल्डन हॉक्स और न्यू जेनरेशन हुंडई की टीमें आमने-सामने होंगी। दोनों टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले के रोमांचक रहने की उम्मीद है और बड़ी संख्या में दर्शकों के मैदान पहुंचने की संभावना है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, 17 कुंटल से अधिक चाय पत्ती सीज

**» खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, पैकिंग मशीन सील**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निदेशांनुसार जनपद में आमजन को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिए सहायक आयुक्त (खाद्य)/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष छापामार अभियान चलाया।



दुकानों पर छापेमारी करते अधिकारी।

अभियान के दौरान जजेस कॉलोनी, हजारा बाग एवं बरेली गेट स्थित राजा टी ट्रेडर्स पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ता मो. सज्जाद आलम पुत्र मोहम्मद नजरूल हक से विभिन्न ब्रांड की चाय पत्ती के 5 विधिक नमूने संग्रहित किए गए। साथ ही लगभग 17 कुंटल 24 किलोग्राम चाय पत्ती, जिसकी अनुमानित कीमत रुपये 3,08,660 को सीज किया।

जांच में पाया गया कि संबंधित प्रतिष्ठान द्वारा रिपैकिंग का वैध लाइसेंस प्राप्त किए बिना खाद्य कारोबार संचालित किया जा रहा था। इस पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा।अभियान के दौरान लिए गए सभी 5 नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत मिलावट अथवा अन्य अनियमितताओं की प्रकृति के अनुसार सुसंगत धाराओं में विधिक कार्रवाई की जाएगी।इसके अतिरिक्त मौके पर बिना लाइसेंस के मैन्युफैक्चरिंग एवं पैकिंग यूनिट संचालित पाए जाने पर पैकिंग मशीन को भी नियमानुसार सील कर दिया गया।छापामार कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, धर्मपाल सिंह, देवकांत एवं शहाबुद्दीन दोस्त उपस्थित रहे।

# जिला चिकित्सालय में किया विशेष कार्यक्रमों का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे विशेष जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत आज तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा जिला चिकित्सालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी. सक्सेना द्वारा हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कर किया। इस अभियान के तहत जिला चिकित्सालय के सभी चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, अन्य कर्मचारियों, मरीजों एवं उनके परिजनों ने हस्ताक्षर कर अपने जीवन में कभी तंबाकू का सेवन न करने तथा जनपद रामपुर को तंबाकू मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इसके बाद कोटपा अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में विशेष अभियान चलाया।अभियान के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू का सेवन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल जुमार्ना की कार्यवाही की गई।इस अवसर पर जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा उपस्थित लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए तंबाकू से दूर रहने के लिए जागरूक किया।उन्होंने कहा कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार एवं समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है।कार्यक्रम में चिकित्सालय के चिकित्सकगण, स्वास्थ्य कर्मी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विशेष आयुष्मान कार्ड अभियान में रामपुर बना प्रदेश का सिरमौर

**» 16,526 कार्ड बनाकर हासिल किया प्रथम स्थान**

**» रामपुर की उपलब्धि बनी प्रदेश के लिए मिसाल**

विशेष आयुष्मान कार्ड अभियान में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर रामपुर ने न केवल एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जनपद की मजबूत कार्यसंस्कृति और प्रशासनिक दक्षता का भी परिचय दिया है।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विशेष आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान (15 मई से 31 मई, 2026) के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए 16,526 आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी के कुशल निर्देशन, नियमित समीक्षा और प्रभावी कार्ययोजना का परिणाम है। जिलाधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जोड़ना है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, ग्राम पंचायतों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए गए। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजना के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक जनसंपर्क एवं जागरूकता अभियान भी चलाया गया। जनपद में 31 मई, 2026 तक निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 86.50 प्रतिशत पात्र परिवारों तथा 60.93 प्रतिशत लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। यह उपलब्धि विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों और जमीनी स्तर पर किए गए प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाती है।

**» शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए विभागों को दिए विशेष निर्देश**

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त चिकित्सा अधीक्षकों एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया है कि अभियान को और अधिक गति प्रदान करते हुए शेष पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रह जाए।

# बड़े मंगल को भंडारे का आयोजन



सिविल लाइंस स्थित मुख्यालय में भंडारे का प्रसाद वितरित करते सचिव मुख्य कार्य पालक अधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कन्या भोज, भंडारा, प्रसाद वितरण और सामूहिक आरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इसी के चलते सिविल लाइंस स्थित मुख्यालय में सचिव मुख्य कार्य पालक अधिकारी श्री प्रकाश त्रिपाठी ने भंडारे का आयोजन किया।

# जिला अस्पताल में फटी पाइपलाइन, प्रशासन बेखबर

## पाइपलाइन फटने से पानी की हो रही बबार्दी

जागरण मोर्चा, कार्यालय



जनरेटर रूम के पीछे लगी पाइपलाइन से बह रहा पानी।

**रामपुर।** जिला अस्पताल के जनरेटर रूम के पीछे लगी पाइपलाइन कई दिनों से फटी हुई है जिससे लगातार पानी बह रहा है। इससे पानी की बबार्दी हो रही है। मजे की बात यह है कि जहां पाइपलाइन स्थापित है वह दीवार भी पूरी तरह से सील गई है साथ ही जर्जर भी हो गई है। यह कभी गिर सकती है इसके गिरने से कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लेकिन इसको लेकर अस्पताल प्रशासन पूरी तरह से बेखबर है।पिछले दिनों जिला अस्पताल में बने रैन बसेरे के सामने पाइपलाइन फटी थी। इसके फटने से रोगियों को डायरिया वार्ड, आयुष चिकित्सालय में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ था। लेकिन अब पिछले दो दिनों से जनरेटर रूम के लगी पाइपलाइन फटी हुई है इससे लगातार पानी बह रहा है। लेकिन इसका अस्पताल प्रशासन बेखबर है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि मेरे संज्ञान में नहीं है पाइपलाइन को दिखवा रहे है जल्द ही सही कराएंगे।

# रॉयल क्लब ने यंगमैन क्लब को 25 रन से हरा कर दूसरे सेमीफाइनल में किया प्रवेश

## ज़ुबैर आलम ने 11 रन, मुन्ना जावेद ने 7 रन बनाए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के 10 वें दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में रॉयल नवाब क्लब और यंगमैन कलब के बीच मैच खेला गया। जिसमें रॉयल नवाब क्लब मैच का विजेता बना।


विजयी टीम के साथ मौजूद खिलाड़ी। -जागरण मोर्चा

मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में टॉस जीत कर पहले बेटिंग करते हुए रॉयल नवाब क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 146 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाए। जिसमें बल्लेबाज अरशद अली ने 34 रन, ओसामा ने 33 रन, अदनान ने 22 रन,सुहैल कुरेशी ने 14 रन और फैसल ने 10 रन बनाए। अतिरिक्त 20 रन बने। यंगमैन क्लब के गेंदबाज नवील और हारिस ने दो-दो विकेट तथा महफूज मुन्ना,पम्मी ने एक-एक विकेट लिए।जीत के लिए 147 रन बनाने के लिए यंगमैन क्लब ने 15.2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाए। बल्लेबाज नबील ने 39 रन,महफूज आलम ने 26 रन, ज़ुबैर आलम ने 11 रन, मुन्ना जावेद ने 07 रन बनाए। अतिरिक्त 18 रन बने। रॉयल नवाब क्लब के गेंदबाज अदनान ने 3 विकेट, जावेद और परवेज ने दो-दो विकेट तथा सुहैल कुरेशी ने एक विकेट लिए। रॉयल नवाब क्लब 25 रन से मैच जीत कर दूसरे सेमीफाइनल में प्रवेश कर गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रॉयल नवाब क्लब के अदनान को क्रिकेटर इफ्तिखार शेखू द्वारा प्रदान किया गया। अंपायर जावेद लालू और उवैस रहे। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर , जहीर जिया और अब्दुल रज्जाक रहे। ऑनलाइन स्कोर मौलाना जुनैद और आकिब गुल ने की। मुख्य अतिथि हाजी अलीम शमा बीड़ी वाले रहे।इस अवसर भाजपा नेता मकसूद लाला,आयोजक हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम अली, मौलाना शाहफेद, तौसीफ आलम, वसी खान, मरगूब, हाजी फुरकान,कदीर पप्पू, नुरुल हुदा ,कारी रिजवान, महबूब अली, जावेद रहमानी, कारी अल्तमश, मोइन अली और हजारों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## वक्फ सम्पत्तियों का सत्यापन करें

**रामपुर।** केंद्र सरकार द्वारा जनपद की वक्फ सम्पत्तियों जिनमें मजार, मस्जिद, कब्रिस्तान को उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया था। जिसमें जामा मस्जिद समेत कई जगह के कैंप आयोजित किए गए थे। जिसकी अंतिम तिथि 5 दिसंबर 2025 को केंद्र सरकार ने 6 माह का समय बढ़ाते हुए 5 जून 2026 कर दिया था। जिनमें कुछ रजिस्ट्रेशन निरस्त हुए थे। नोमान जलीस शम्सी पूर्व वक्फ इंस्पेक्टर, मुकर्रम रजा इनायती ने बताया कि वक्फ बोर्ड की ओर से जो उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियों का पंजीकरण कराया गया था। अब उनकी चेकिंग की जा रही है। तकनीकी खराबी के लिए कुछ रजिस्ट्रेशन निरस्त हुए है उनको चेक कराए। अगर उसमें कहीं कोई कमी है तो सही कराए। इसके लिए वक्फ सम्पत्ती समन्वयक अनस नदीम एडवोकेट ने संपर्क करें क्योंकि समय कम है पांच जून तक केंद्र सरकार द्वारा समय बढ़ाया गया तो उसकी तिथि करीब है।

## मां की प्राण प्रतिष्ठा संग निकाली कलश यात्रा


कलश यात्रा निकालते भक्त।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के कमोरा गांव में बीते दिन ग्रामीणों ने एकत्र होकर जय मां दुर्गा की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा की स्थापना की गई। इस दौरान सभी ग्रामीणों ने एकत्रित होकर पहले गांव के शिव मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ किया। गांव के सभी मुख्य-मुख्य स्थानों से होते हुए गांव के होली चौराहे पर सम्पन्न हुई। इस दौरान गांव की महिलाओं नेबढ़-चढकर हिस्सा लिया। जिसके चलते गांव में निकाली कलश यात्रा के दौरान बच्चों ने ठंडे पानी का भी लुफ्त उठाया। इस दौरान गली मोहल्ले से लेकर होते हुए सभी लोग शिव मन्दिर पर पहुंचे। इस दौरान यात्रा और मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा में दिनेश कश्यप, रेलवे ऑफिसर राज वर्मा, हरपाल लोधी, रवि रस्तोगी, शीशपाल सैनी, मनोज लोधी, रोहित, चंद्रसेन लोधी समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# क्षमता से अधिक सवारियां लेकर चल रही बस सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** मंगलवार को शाहबाद में परिवहन और पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए क्षमता से अधिक सवारियां लेकर चल रही बस को सीज करते हुए शहर की नवीन मंडी समिति में खड़ा करा दिया। वहीं बस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

पीटीआई होरीलाल वर्मा के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान में रमन बस सर्विस को सीज कर दिया है। रमन बस सर्विस नाम की बस आंवला से शाहबाद होते हुए गुड़गांव को चलती है। मंगलवार को आंवला चौराहे पर पुलिस ने बस को रुकने का इशारा किया पुलिस को देखकर ड्राइवर बस को भगाने लगा, दूसरी तरफ से पीटीओ की गाड़ी ने बस को रोक लिया। स्टाफ से बस से संबंधित दस्तावेज चेक किए गए। साथ ही साथ बस में मौजूद सवारियों की भी गिनती की गई। बस नियमों को ताक पर रखकर क्षमता से अधिक सवारियां लेकर चल रही थी। साथ ही बस में कई अन्य अनियमितताएं पाई गई। परिवहन विभाग के पीटीआई होरीलाल वर्मा ने बताया कि यह बस लंबे समय से अनधिकृत रूप से संचालित की जा रही थी। बस में निर्धारितक्षमता से अधिक सवारियां बिठाई जा रही थीं और यात्रियों की कोई भी पैसेंजर सूची उपलब्ध नहीं थी। इस बस की कई शिकायतें मिल रही थी। सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हुए बस में 'रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप' भी नहीं लगा था। बस पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पीटीआई होरीलाल वर्मा ने स्पष्ट किया कि जिले में ऐसे अनधिकृत यात्री वाहनों के खिलाफ लगातार अभियान चलता रहेगा। कार्रवाई के दौरान एसआई रमेश यादव, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार मौजूद रहे।



कार्रवाई करते पीटीओ एचएल वर्मा और एसआई रमेश चंद्र। -जागरण मोर्चा

# यूपीटेट परीक्षा की अवधि 3 घंटे करने की मांग

- चयन आयोग को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटेट) की प्रस्तावित परीक्षा अवधि 2 घंटे 30 मिनट से बढ़ाकर 3 घंटे किए जाने की मांग को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को भी प्रेषित की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि यूपीटेट में 150 प्रश्न पूछे जाते हैं, जिनमें अनेक प्रश्न लंबे एवं विश्लेषणात्मक प्रकृति के होते हैं। वर्तमान में प्रति प्रश्न औसतन लगभग एक मिनट का समय ही मिल पाता है, जो परीक्षा की प्रकृति के अनुरूप पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा परीक्षा के दौरान उपस्थिति सत्यापन, हस्ताक्षर, पहचान पत्र जांच तथा अन्य औपचारिकताओं में भी अभ्यर्थियों का समय व्यय होता है। शिक्षक संघ का कहना है कि कार्यरत शिक्षकों को विद्यालयी दायित्वों, शासकीय कार्यों एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच परीक्षा की तैयारी करनी पड़ती है।

ऐसे में प्रश्नपत्र हल करने के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है, ताकि उनकी वास्तविक योग्यता का सही आकलन हो सके।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि तमिलनाडु सहित कई राज्यों में शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 3 घंटे की अवधि निर्धारित है।

इसलिए उत्तर प्रदेश में भी अभ्यर्थियों के हित में परीक्षा अवधि बढ़ाकर 3 घंटे की जाए।ज्ञापन पर जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल एवं जिला मंत्री आनन्द प्रकाश गुप्ता के साथ छत्रपाल सिंह यादव, आनंद सिंह भंडारी, हिमदीप सिंह, तहसील आलम खान, गोहर अली, संतोष प्रसाद, सतीश गिरोह, महेंद्र प्रताप सिंह, राकेश विश्वकर्मा, उमेश यादव, देवेंद्र सिंह, मोहम्मद खालिद खान, जफर बेग, दिलशाद वारसी, मनोज कुमार सागर तथा मोहित यादव सहित अनेक शिक्षकों के हस्ताक्षर हैं।



00 -जागरण मोर्चा

## करंट की चपेट में आकर युवती झुलसी, निजी अस्पताल में कराया भर्ती

- पानी के नल के हत्थे में उतर आया था करंट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के पीपला मंसूरपुर गांव में मंगलवार को घर में पानी की मोटर चलाते समय एक बड़ा हादसा हो गया। करंट की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवती गंभीर रूप से झुलस गई। आनन-फानन में परिजनों ने उसे शाहबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के पीपला मंसूरपुर निवासी मेहनाज घर में पानी की मोटर चला रही थी। इसी दौरान अचानक पानी के नल के हत्थे में करंट उतर आया।



जैसे ही मेहनाज ने नल को छुआ, वह करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर गई और गंभीर रूप से झुलस गई। आनन फनान में परिजनों द्वारा युवती को शाहबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।अस्पताल के डॉक्टर ने युवती की गंभीर हालत को देखते हुए उसका तुरंत उपचार शुरू कर दिया है। फिलहाल उसकी स्थिति पर डॉक्टर नजर बनाए हुए

## एमएलसी प्रत्याशी का मिलक बाईपास पर स्वागत


शिक्षक नेता करते स्वागत। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** शिक्षक विधायक सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. हरी सिंह ढिल्लों का मंगलवार को मिलक बाईपास पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों के साथ फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। स्वागत से अभिभूत डॉ. हरी सिंह ढिल्लों ने कहा कि मुझे नगर मिलक से हमेशा बहुत अधिक प्यार और सहयोग मिला है। मैं इसका हर बार ऋणी रहूंगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जिस तरह पिछली बार आप सब ने मिलकर मुझे विजयी बनाकर बीजेपी को मजबूत किया था, इस बार भी वही सहयोग चाहिए। मैं आपकी सेवा में सदैव रहूंगा, ये मेरा आप सब लोगों से वादा है। इस मौके पर डॉ. प्रखर वशिष्ठ जिला प्रमुख युवा मोर्चा, निर्भय चौधरी, नरेंद्र सिंह, कुबेर सिंह, राजीव चौधरी, रणवीर सिंह, शिवदयाल, मोनू, आशीष गंगवार, अरविंदर सिंह, रंजीत सिंह, रजनीश सिंह, हरविंदर सिंह, धर्मवीर सिंह, कुबेर सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। डॉ. ढिल्लों को जीत की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

विश्व साइकिल दिवस | गर्मियों की छुट्टियों में साइकिल से ही विद्यालय जाकर पेड़ पौधों की करते हैं देखभाल

# साइकिल चलाना मस्तिष्क को स्वस्थ रखने का एक सुलभ साधन: चिरंजीव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** साइकिल चलाना अपने आप में ही एक संपूर्ण व्यायाम है जो कि व्यक्ति को सभी प्रकार की बीमारियों से दूर रखने में सहायक होता है।साइकिल चलाने से शरीर का इम्यून सिस्टम भी बेहतर होता है।कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के शिक्षक चिरंजीव कुमार बताते हैं कि वह पिछले 16 वर्षों से लगातार साइकिल चला कर विद्यालय जा रहे हैं। साइकिल चलाने की प्रेरणा उन्हें अपने पिताजी से मिली थी जिन्होंने पूरे जीवन सिर्फ साइकिल ही चलाई।

हालांकि उनके परिवार में कई स्कूटर, मोटरसाइकिल से लेकर कार तक है, लेकिन साइकिल के प्रति उनका प्रेम जग जाहिर है। सोशल मीडिया पर उनकी साइकिल की कई रील लोगों को साइकिल चलाने की प्रेरणा देती है।विद्यालय के अलावा बाजार आदि भी वह साइकिल से ही जाया करते हैं। कहीं जल्दी जाना होता है तभी वह वाहन का प्रयोग करते हैं। इन दिनों जब विद्यालय की छुट्टियां चल रही हैं तो वह गर्मी की छुट्टियों में रोज सुबह साइकिल से ही विद्यालय जाते हैं और विद्यालय परिसर में लगे पेड़ पौधों की देखभाल व पानी लगाने आदि का कार्य निपटाकर घर वापस आते हैं।उनका मानना है कि साइकिल एक तरह का संपूर्ण व्यायाम है। साइकिल चलाने वाले को अन्य व्यायाम की जरूरत कम ही पड़ती है। और इससे शरीर का इम्यून सिस्टम भी बेहतर होता है। एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में पाया गया,कि साइक्लिंग मस्तिष्क स्वास्थ्य, मनोदशा और सामाजिक संबंधों को बेहतर बनाने समेत समग्र कल्याण में सुधार के लिए सुलभ उपकरण हो सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों और कम शारीरिक गतिविधि के स्तर को बढ़ाने के लिए हम कम लागत वाले प्रभावी तरीकों की पहचान करना महत्वपूर्ण है। विश्लेषण ने साइकलिंग को प्रतिक्रिया समय, ध्यान केंद्रित करने और संज्ञानात्मक प्रदर्शन से संबंधित मस्तिष्क के कार्य के संकेतको में सुधार से भी जोड़ा परिणाम बताते हैं कि साइकिलिंग का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिसमें बेहतर मूड,अवसाद के लक्षणों में कमी, सामाजिक संबंधों में वृद्धि आदि शामिल है।


गर्मी की छुट्टियों में विद्यालय के पौधों में पानी लगाने साइकिल से जाते शिक्षक चिरंजीव गुड्डू।

## सार संक्षेप

### आज होगा आयोजन

**रामपुर।** श्री मां काली दरबार सेवा सदन कोसी मंदिर दसवाघाट का 18 वार्षिक उत्सव 3 जून बुधवार को मनाया जाएगा। जिसमें मनोकामना हवन प्रात: 8 बजे भजन संध्या 11 से एवं भंडारा 12 :30 बजे से होगा। यह जानकारी समिति के सदस्य कमल कुमार तुरैहा ने दी।


गाय को गड्ढे से बाहर निकालते कांस्टेबल अनिल कुमार।

### गाय बचाने को गहरे गड्ढे में उतरे कांस्टेबल

**शाहबाद।** मंगलवार को शाहबाद के चकरपुर भूड़ गांव में खुले रिबोर में गौमाता नीचे गिर गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने गौमाता को निकालने के प्रयास शुरू किए। नीचे देखा तो गहरे रिबोर में गाय के साथ सांप भी था। हल्के पर तैनात कांस्टेबल अनिल ने जान की परवाह किए बिना नीचे रिबोर में उतर गए और गाय को बाहर निकालने में मदद की। मिली जानकारी के अनुसार चकरपुर भूड़ गांव में रिबोर कराने के बाद उसके मुंह को खुला छोड़ दिया था, जिसमें एक गाय नीचे गिर गई। नीचे सांप भी गाय के पास आकर बैठ गया। लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे कांस्टेबल अनिल कुमार नीचे गड्ढे में उतरे और गाय के रस्सी बांधकर गाय को सकुशल बाहर निकाला। इस दौरान एसआई अंकित कुमार, एसआई नरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल मो उवैस, नीरज चौधरी, अनील कुमार आदि रहे।



मुजीब मियां को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते ईओ कुमार संजय।

### मुजीब को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**शाहबाद।** मंगलवार को शाहबाद के नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी कुमार संजय ने जनगणना में लगे सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक की, बैठक में सभी सुपरवाइजरों को पांच जून तक काम पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी सुपरवाइजर सावधानीपूर्वक डाटा सत्यापन करें। साथ ही साथ एचएलबी का काम एक दिन में पूरा करने वाले मुजीब मियां को ईओ कुमार संजय के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके कर कंप्यूटर ऑपरेटर रेहान अहमद, सुपरवाइजर शिखा गुप्ता, अजीम खां, उमेश कुमार, टेक्निकल असिस्टेंट कपिल कुमार, इमरान इलाही, राजा आदि रहे।

### जनरेटरों से तीन अल्टीनेटर चोरी

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के धमोरा गांव में हाइवे पर चोरों ने एक मैरिज हॉल को ही अपना निशाना बना लिया। धमोरा गांव निवासी मोईन खान का हाईवे पर ही एस के मैरिज हॉल के नाम से बारात घर है। जिसको इन दिनों शादी बारात के सीजन पर इस्तेमाल किया जाता है। जिसके चलते मैरिज हॉल संचालक ने हॉल को रोज मर्रा की तरह बंद करके पड़ोस में ही अपने घर में जाकर सो गया।जिसके चलते चोरों ने 22 मई की रात्रि में किसी समय चोर आ धमके। मैरिज हॉल की दीवार फांद कर हॉल में दाखिल हो गए।जिसके बाद उसमें खड़े तीन जनरेटरों के एल्टिनेटर खोल कर ले गए। जब मैरिज हॉल संचालक ने सुबह को जनरेटरों से एल्टिनेटर गायब देखें तो उसके होश उड़ गए। जिसके बाद संचालक ने खोजबीन शुरू दी। आठ दिन चली खोजबीन के बाद कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद मैरिज हॉल के संचालक ने मामले की शिकायत धमोरा चौकी पुलिस से तहरीर के आधार पर कर दी। तहरीर के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### 4 जून को होगा दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार

**रामपुर।** माय भारत केंद्र रामपुर द्वारा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चयन प्रक्रिया के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार का आयोजन 4 जून को किया जाएगा।जिला युवा अधिकारी मीनू वोहरा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रात: 9 बजे से दस्तावेज सत्यापन तथा प्रात: 10 बजे से साक्षात्कार का आयोजन माय भारत कार्यालय परिसर, पुरानी तहसील, रामपुर में किया जाएगा।उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ पहचान पत्र, शैक्षिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रतियां एवं स्वप्रमाणित छायाप्रतियां साथ लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी माय भारत केंद्र रामपुर कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### 18 जुलाई तक धारा 163 लागू

**रामपुर।** एडीएम प्रशासन डॉ .नितिन मदान ने बताया कि आगामी मोहर्रम, धरना प्रदर्शन, जुलूस, पदयात्रा, टीजीटी परीक्षा, पुलिस भर्ती परीक्षा लेकर जनपद में 2 जून से 18 जुलाई तक धारा 163 लागू कर दी गई है बिना अनुमति के राजनैतिक एवं समाजिक संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन सभाओं पर पूर्ण रूप से रोक लगेगी।दो माह पहले जनपद में प्रशासन द्वारा धारा 163 लगाई थी। जोकि 31 मई तक समाप्त हुई थी।

### नामित सभासदों ने उठाई स्थाई ईओ की मांग




**शाहबाद।** नगर पंचायत शाहबाद में स्थायी अधिशासी अधिकारी की स्थाई नियुक्ति की मांग उठने लगी है।भाजपा के नामित सभासद अमित चंद्रवंशी व अर्पित वशिष्ठ ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नगर पंचायत में स्थायी ईओ की तैनाती कराने की मांग की है।जिलाधिकारी को दिए पत्र में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में नगर पंचायत शाहबाद का कार्यभार संभाल रहे अधिशासी अधिकारी कुमार संजय के पास जिले के अन्य विभागों की भी जिम्मेदारी है। अधिक व्यस्तता के चलते वे शाहबाद में नियमित रूप से समय नहीं दे पा रहे हैं।आरोप है कि वे महीने में एक-दो बार ही नगर पंचायत कार्यालय पहुंचते हैं। जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और कई प्रशासनिक कार्य लंबित पड़े हैं। पत्र में यह भी कहा गया नगरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक कार्यों के लिए अधिकारियों से संपर्क करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इससे नगर पंचायत के कामकाज पर असर पड़ रहा है।भाजपा नेताओं ने जिलाधिकारी से नगर पंचायत शाहबाद में जल्द से जल्द स्थायी अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति कराने की मांग की है, ताकि विकास कार्यों में तेजी आए और आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो सके।

## देवी मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के जरई गेट स्थित देवी मंदिर में मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना से हुआ। इसके पश्चात श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हवन-पूजन संपन्न कराया गया।हवन के उपरांत कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया और उनका पूजन किया गया। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक लगातार चलता रहा। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में दुर्गा मां के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने दुर्गा माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान सुरेश पाल, दीपक पाल, राहुल यादव, सचिन गुप्ता, अनिल पाल,तेज सिंह सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

# सम्भल में शहीद विद्युत कर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

- 132 केवी विद्युत उपकेंद्र पर आयोजित हुआ विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम, सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश के निजी आउटसोर्स विद्युत कर्मचारियों की केन्द्रीय कार्यकारिणी के विशेष आह्वान पर सोमवार को सम्भल जनपद में शहीद विद्युतकर्मियों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 132 केवी विद्युत उपकेंद्र मुरादाबाद रोड पर आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए।



विद्युत विभाग की आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोलते वक्ता। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम के दौरान मई माह में सम्भल जिले में कार्य करते हुए दिवंगत हुए कर्मचारियों ओमकार एवं हाजी भिन्जार सहित प्रदेशभर में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले सभी विद्युत कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर संगठन पदाधिकारियों ने कर्मचारियों से कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा पूरी सतर्कता एवं सावधानी के साथ कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का पालन कर भविष्य में इस प्रकार की दुखद घटनाओं को रोका जा सकता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री किरणपाल सिंह, सोनू सैनी, शहीद तुर्का, भोला चौधरी, दीपक ठाकुर, राहुल, अभिषेक, पुरुषोत्तम, मोरा, माया, यशपाल सिंह, विजय सैनी, दिनेश, इमरान रियासत, नसीम, रिम्पल तुर्का, भगवत सहित अनेक कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा उपखंड अधिकारी तथा जूनियर इंजीनियर राहुल चौधरी समेत अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# संभल में अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज

## शाही जामा मस्जिद मुख्य मार्ग पर चली कार्रवाई, अधिकारियों ने दी अंतिम चेतावनी

- प्रशासन की सख्ती से दुकानदारों में हड़कंप

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** जनपद में नगर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान लगातार तेज किया जा रहा है। मंगलवार को शाही जामा मस्जिद से प्रारंभ मुख्य मार्ग पर नगर पालिका और प्रशासन की संयुक्त टीम ने सड़क किनारे और दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटवाया। अभियान के दौरान नगर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी एवं क्षेत्राधिकारी (सीओ) कुलदीप कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारियों की मौजूदगी में दुकानदारों द्वारा बाहर रखा गया सामान हटवाया गया तथा कई स्थानों पर अस्थायी अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से समाप्त कराया गया।



संभल में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान दुकानदार को हिदायत देते सिटी मजिस्ट्रेट।

कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यह अंतिम हिदायत है। यदि भविष्य में किसी भी दुकान के बाहर दोबारा सामान रखा गया या सड़क पर अतिक्रमण किया गया तो बिना किसी पूर्व सूचना के सीधे सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि अगली बार सामान जब्त करने के साथ भारी जुर्माना लगाया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

नगर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जों और दुकानों के बाहर सामान फैलाने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होती है। सड़कें संकरी हो जाती हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आवागमन में कठिनाई होती है। कई बार एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएं भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। सड़क किनारे अवैध रूप से रखा सामान पैदल चलने वालों के लिए जोखिम बन जाता है। बाजार क्षेत्रों में आग लगने जैसी आपात स्थिति में दमकल वाहनों के पहुंचने में भी देरी हो सकती है। इसके अलावा शहर की सुंदरता और स्वच्छता पर भी अतिक्रमण का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रशासन का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों और फुटपाथों पर कब्जा करना नियमों के विरुद्ध है और इससे आम जनता के अधिकार प्रभावित होते हैं।

अभियान के दौरान पुलिस बल लगातार गश्त करता रहा और अधिकारियों ने दुकानदारों से स्वयं आगे आकर व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। प्रशासन ने साफ किया कि नगर में अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। नगरवासियों ने भी प्रशासन की इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि शहर को जाम और अव्यवस्था से मुक्त करने के लिए ऐसे अभियान जरूरी हैं।

## सार संक्षेप

### 22 पेट्रोल पंपों के निरीक्षण में मिली खामियां कार्रवाई की संस्तुति

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग द्वारा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से पेट्रोल पंपों द्वारा आम जनमानस को उपलब्ध कराई जा रही जनसुविधाओं की जांच पेट्रोल पंपों पर मुफ्त हवा, पानी, स्वच्छ पुरूष एवं महिला शौचालय, शौचालयों में दिव्यांगजन रैंप एवं वाश बेसिन की उपलब्धता, नो हेलमेट–नो फ्यूल का बैनर एवं पेट्रोल–डीजल की पर्याप्त उपलब्धता आदि बिन्दुओं पर कराई गई। जिस पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों द्वारा 22 पेट्रोल पंपों के निरीक्षण में कमी पाए गई। जिसमें मैसर्स ललतेश फिलिंग स्टेशन बबराला चन्दौसी रोड पर दिव्यांगजन रैंप नहीं था, मैसर्स गुन्नौर फिलिंग स्टेशन गुन्नौर पर मुफ्त हवा एवं पानी के साथ शौचालयों में दिव्यांगजन रैंप एवं वाश बेसिन नहीं था। इसके साथ मैसर्स हाजी हशमत हुसैन बदर हुसैन नगर सम्भल– पर शौचालयों में दिव्यांगजन रैंप नहीं मिला। वहीं मैसर्स आमिर फिलिंग स्टेशन नगर सम्भल पर भी शौचालयों में दिव्यांगजन रैंप नहीं मिला। मैसर्स डी.एन. फिलिंग स्टेशन बहजोई और मैसर्स बालाजी फिलिंग स्टेशन चन्दौसी पर साफ–सफाई की स्थिति ठीक नहीं थी। जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग ने बताया कि कमी पाए गये पेट्रोल पंपों पर नियमानुसार कार्यवाही के लिए संबंधित बिक्री अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जा रहा है।

### श्रीमद्भागवत महापुराण भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का ग्रंथ



**चन्दौसी।** नगर के स्टेशन रोड स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में भागवत कथा चल रही है। कथा के सातवें दिन कथा वाचक रमेश अधीन ने भगवान के 108 विवाह के बारे में बताया 11वां 12 स्कंद में दथोत्रे की कथा कहीं और मारकंडे ऋषि के बारे में बताया तथा सुदामा चरित का बहुत सुंदर से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का ग्रंथ है। जीवन में भागवत कथा का वही महत्व है, जो शरीर में आत्मा का होता है। श्रीमद्भागवत सुनने से मानव के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की महिमा सबसे न्यारी है। सच्चे भाव से कथा सुननी चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मानव को धर्म ज्ञान मिलता है, उसे पता चलता है कि वास्तव में जन्म का उद्देश्य सिर्फ संसार की अप्राकृतिक चीजों का सुख प्राप्त करना मात्र नहीं है। धर्म श्रवण के बिना मानव का जीवन व्यर्थ हो जाता है। कलाकारों ने भगवान कृष्ण के भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिपूर्वक सुरों से भर दिया। इस दौरान मुकेश वार्ष्णेय, उर्मिला देवी, सीमा, अंजू शर्मा, मुन्नी शर्मा, पूनम गुप्ता, दामिनी, एसपी गुप्ता, चंद्रशेखर, मुकेश गुप्ता, सुनील सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### दुकान पर सामान लेने गई किशोरी के साथ दुकानदार ने की छेड़छाड़

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ में दुकान पर सामान खरीदने गई किशोरी के साथ दुकानदार ने छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने पर किशोरी को दुकानदार की पत्नी व पुत्री ने पीट दिया। किशोरी की मां की ओर से कोतवाली में घटना की तहरीर दी है। गांव मौलागढ़ में मंगलवार की सुबह एक किशोरी पास स्थित दुकान से सामान लेने गई थी। जब किशोरी दुकान से सामान खरीद रही थी, तभी दुकानदार ने किशोरी का हाथ पकड़ लिया और अंदर खींचने का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर दुकानदार की पत्नी व पुत्री मौके पर पहुंच गई और किशोरी के साथ मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह छूटकर किशोरी घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी। परिजन किशोरी के साथ दुकान पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट करने का प्रयास किया। जिस पर किशोरी ने मां ने पुलिस को सूचना दे दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी दुकानदार को हिरासत में ले लिया। महिला ने पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए दुकानदार के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है।

### डाकघर के कर्मचारियों पर लगा लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

**चन्दौसी।** कुछ दिनों से डाकघर कर्मचारी दीपक पर धोखाधड़ी करके लोगों के रुपये हड़पने का आरोप लग रहा है। ऐसा ही एक मामला नगर के बड़ा बाजार स्थित घंटाघर डाकघर में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जहां दो कर्मचारियों पर एक दिवंगत व्यक्ति के खाते से लाखों रुपये हड़पने और उनकी पत्नी के साथ धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता ने इस मामले में कोतवाली में तहरीर देकर आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नगर के एफआर रोड (मुरादाबाद गेट) निवासी ललितेश वार्ष्णेय पत्नी स्व. कृष्ण गोपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पति का स्वर्गवास 17 नवंबर 2024 को हो गया था। उनके पति का एक आरडी. अकाउंट घंटाघर स्थित मुख्य डाकघर में था। पति की मृत्यु के बाद भी ललितेश स्वयं इस खाते का संचालन कर रही थीं और अप्रैल 2026 तक उन्होंने लगभग 2,18,000 रुपये जमा किए थे।

## महंगाई की मार से छोटे कारोबारियों की बढ़ेंगी मुश्किलें

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच अब पेट्रोलियम गैस कंपनियों ने कामर्शियल गैस सिलिंडरों के दाम में भी बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें लागू होने के बाद होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ना तय माना जा रहा है। नई कीमतों के अनुसार अब 19 किलो का कामर्शियल गैस सिलिंडर3213.50 रुपये में मिलेगा, जबकि पहले इसकी कीमत 3171.50 रुपये थी। यानी इसमें 42 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। वहीं 5 किलो वाले कामर्शियल सिलिंडर की कीमत भी बढ़ाकर 887.50 रुपये कर दी गई है, जो पहले 878 रुपये में उपलब्ध था। इसमें 9.50 रुपये की वृद्धि हुई है।

सरकार और कंपनियों का पक्ष पेट्रोलियम कंपनियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में लगातार बदलाव, परिवहन लागत और अन्य परिचालन खर्च बढ़ने के कारण दामों में संशोधन करना पड़ा है। सरकार समर्थकों का तर्क है कि वैश्विक परिस्थितियों के चलते कीमतों में यह बढ़ोतरी आवश्यक हो गई थी ताकि आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित न हो। उनका कहना है कि घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए घरेलू गैस सिलिंडरों पर अब भी नियंत्रण रखा जा रहा है और बढ़ोतरी केवल व्यावसायिक सिलिंडरों में की गई है।

वहीं दूसरी ओर व्यापारियों, होटल संचालकों और विपक्षी दलों ने इस बढ़ोतरी का विरोध किया है। उनका कहना है कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे छोटे कारोबारी अब अतिरिक्त बोझ उठाने को मजबूर होंगे। रेस्टोरेंट और फास्ट फूड कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि गैस महंगी होने से खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी असर पड़ेगा, जिसका सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा।विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम आदमी और छोटे व्यापारी परेशान हैं, लेकिन सरकार राहत देने के बजाय कीमतों में इजाफा कर रही है। उनका कहना है कि सरकार को व्यापारियों और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए टैक्स में कटौती करनी चाहिए।

## नरौली पुलिस चौकी को पूर्ण थाना घोषित करने की मांग

- सामाजिक कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद संभल के थाना बनियाठेर के अंतर्गत आने वाली नगर पंचायत नरौली की पुलिस चौकी को अविलंब पूर्ण थाना घोषित करने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता महेश ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक प्रार्थना पत्र भेजकर नरौली पुलिस चौकी को थाना बनाने के लिए तत्काल नोटिफिकेशन जारी करने का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि कस्बा नरौली, वर्तमान थाना बनियाठेर से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इतनी अधिक दूरी होने के कारण स्थानीय निवासियों को किसी भी आपराधिक घटना या मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। दूरी अधिक होने की वजह से पुलिसिया कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय मिलने में भी काफी देरी होती है। पत्र के माध्यम से यह जानकारी सामने आई है कि नरौली को थाना बनाने की मांग काफी पुरानी है। सामाजिक कार्यकर्ता महेश द्वारा गृह विभाग से सूचना का अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में पता चला था कि 15 जुलाई 2025 को शासन ने इस संबंध में एक नया प्रस्ताव मांगा था, ताकि थाना निर्माण की शर्तों को पूरा किया जा सके।

इसके बाद जन सहयोग से नरौली पुलिस चौकी को थाना बनाने का एक संयुक्त प्रस्ताव तैयार किया गया। इस प्रस्ताव पर पुलिस अधीक्षक संभल, जिलाधिकारी और पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद के हस्ताक्षर कराकर बीते माह मई में ही पुलिस महानिदेशक कार्यालय भेज दिया गया है। उन्होंने पत्र में यह भी कहा है कि नरौली कस्बा बहुत बड़ा है और इसके अंतर्गत लगभग 30 गांव जुड़े हुए हैं। इसके अलावा, थाना पुलिस के पास खुद की एक एकड़ खाली भूमि भी उपलब्ध है, जिससे इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने में कोई बाधा नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि जनहित को ध्यान में रखते हुए नरौली पुलिस चौकी को अविलंब थाना घोषित किया जाए और इसके लिए जल्द से जल्द शासनादेश (नोटिफिकेशन) जारी किया जाए, ताकि क्षेत्रीय नागरिकों को त्वरित न्याय और सुरक्षा मिल सके।

## ईद पर व्यवस्थाएं दुरुस्त होने पर पालिकाध्यक्ष को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** ईद-उल-जुहा पर नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था और पानी के इंतजाम को लेकर जनता जागरुकता द्वारा नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय को उनके निजी कार्यालय पहुंच सम्मानित किया।

समिति संस्थापक अध्यक्ष शाह आलम मंसूरी ने कहा कि जिस तरीके से इस वर्ष नगर पालिका द्वारा नगर में ईद-उल-जुहा के मौके पर सफाई व्यवस्था और पानी व्यवस्था का इंतजाम सराहनीय था। उसके लिए नगर पालिकाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के अलावा समस्त पालिका कर्मी बधाई के पात्र है। शहर काजी मरगूब अहमद ने कहा कि पालिका द्वारा नगर में कहीं भी ईद के दौरान कूड़े के ढेर या गंदगी नहीं नजर आई। नगर पालिका द्वारा जगह-जगह पालिका के ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी खड़ी रही। जिससे सफाई व्यवस्था का बेहतरीन इंतजाम रहा। हाफिज मतीन अशरफी ने कहा कि पहली बार शहर के इतिहास में इससे बेहतरीन सफाई व्यवस्था का इंतजाम नहीं रहा। समिति के पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय को फूलमाला व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस उमेर शमसी, गुलाम साबिर, अत्ताउर रहमान, पाशा रुमान चौधरी, काजी मरगूब हाजी, कलीम नजर मोहम्मद, मोहम्मद अनस, सुफियान, रियाज अहमद, हाफिज मतीन अशरफी आदि मौजूद रहे।



पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय को सम्मानित करते समिति पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## स्कॉलर्स डेन के संचालक विवेक ठाकुर समेत तीन के खिलाफ एफआईआर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में संचालित ट्रैवल एजेंसी के संचालक की शिकायत पर कोचिंग संस्थान स्कॉलर्स डेन के संचालक विवेक ठाकुर एवं दो अन्य नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह के आदेश पर की गई।

एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता हेमंत मल्होत्रा पुत्र राम मोहन मल्होत्रा, निवासी हाउस नंबर-5, मधुबनी एक्सटेंशन, थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद, रेलवे स्टेशन के सामने मल्होत्रा ट्रैवल्स नाम से ट्रैवल व्यवसाय संचालित करते हैं। शिकायत में कहा गया है कि उनका स्कॉलर्स डेन संस्था के संचालक विवेक ठाकुर एवं उनके स्टाफ के साथ पूर्व से व्यावसायिक संबंध था। इसी विश्वास के आधार पर जनवरी 2026 में आयोजित साहित्योत्सव उदीषा कार्यक्रम के लिए विभिन्न सेलिब्रिटी और अतिथियों की हवाई, रेल और टैक्सी बुकिंग कराई गई।

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि स्वयं को संस्था की कर्मचारी बताने वाली रिया और उपासना नामक महिलाओं ने लगातार टिकट बुकिंग के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता के अनुसार, गायक सुखविंदर सिंह, गायिका सोनम पात्रा, अभिनेता गुलशन ग्रोवर, फिल्म निर्देशक मधुर भंडारकर सहित अन्य अतिथियों के लिए यात्रा व्यवस्थाएं कराई गईं।शिकायतकर्ता का आरोप है कि भुगतान की मांग करने पर उन्हें बार-बार आश्वासन दिया गया कि पूरा भुगतान एकमुश्त कर दिया जाएगा। कार्यक्रम समाप्त होने तक बुकिंग का बकाया 10,35,710 रुपये से अधिक हो गया। बाद में भुगतान मांगने पर कथित रूप से टालमटोल की गई और धमकी भी दी गई। एफआईआर में यह भी आरोप लगाया गया है कि जब शिकायतकर्ता ने विवेक ठाकुर से सीधे भुगतान की मांग की तो उन्हें भुगतान से इनकार कर दिया गया।

## मारपीट के मामले 4 गिरफ्तार

**चन्दौसी।** थाना बबराला पुलिस ने प्लाट खरीदने पर आपस में मारपीट करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को थाना पुलिस को सूचना मिली कि प्लाट खरीदने को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौज, लाठी-डंडों से मारपीट व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिससे ग्रामवासियों में भय उत्पन्न हो रहा है। पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पुलिस ने विधाराम, बनवारी, जमना सिंह, सतीश को गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

भक्ति भाव

मां बगिया वाली देवी मंदिर के स्थापना दिवस पर हुआ सुंदर कांड पाठ का आयोजन

# मेरा मक्कन न चुराओ, श्याम पइयां पड़ूं...

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर सीता रोड स्थित मां बगियावाली देवी मंदिर के वार्षिकोत्सव पर संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें अनिल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, राजेश शंखधार, मुनीश शर्मा, शिव भारद्वाज, उमा शर्मा, आलोक दुबे ने गणेश व सरस्वत वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया गया। भजनों की श्रंखला में गीता वार्ष्णेय ने फूलों में सज रहे हैं, श्री वृंदावन बिहारी, डाली शर्मा ने मेरा मक्खन न चुराओ, श्याम पइयां पड़ूं, कंचन शर्मा ने मनिहारी का भेष बनाया, श्याम चूड़ी बेचने आया, सुनीता शर्मा ने जरा इतना बता दे कान्हा, तेरा रंग काला क्यूं, अनिल शर्मा ने दरबार में माता रानी के दुख-दर्द मिट जाते हैं आदि भजनों श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।



मंदिर परिसर में सुंदर कांड पाठ का वाचन करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

इस अवसर पर रमेश ग्रेवाल, राजीव शर्मा, सपना शर्मा, राजेश शंखधार, अनामिका शंखधार, कल्पना वार्ष्णेय, योगेंद्र कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, लक्ष्मीकांत गौड़, सुंदर शर्मा, सुरेश चंद्र अग्रवाल, अशोक पाठक, आरती पाठक, उमेश चंद्र शर्मा, कुसुम गौड़, प्रीति वार्ष्णेय, अनिरुद्ध शंखधार, प्रवीण मोहन तिवारी, सुनील शर्मा, सुशील कुमार वार्ष्णेय, सुभाष भोलेनाथ, डीएस पाल, शिवओम जिंदल, गोविंद वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# अमेरिका और भारत ट्रेड बिल से होगा किसानों का नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

● केंद्र सरकार को चाहिए कि वह इस डील को न करें

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन खालसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत अमेरिका ट्रेड डील से किसानों को नुकसान होगा इसीलिए केंद्र सरकार को चाहिए कि वह इस डील को न करें।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में राजेन्द्र सिंह ने कहा कि, 01 से 04 जून के मध्य दिल्ली में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ हो रही बैठक में यदि यह डील हो गई तो यह खेती घाटे का सौदा बन जाएगी। इस डील से भारत में फसलों के दाम गिरेंगे और किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। एमएसपी पूरी तरह से बेकार हो जाएगी और डयेरी सेक्टर तबाह हो जाएगा।

अमेरिकी कंपनियां बीज के रेट खुद तय करने लगेंगी। कहा कि इस डील से भारतीय किसानों के लिए खेती घाटे का सौदा बन जाएगी। इसलिए केन्द्र सरकार को भारतीय किसानों के हितों को देखते हुए इस डील को पूरी तरह से ठुकरा देना चाहिए, क्योंकि इस डील से अमेरिकी कंपनियों और एक्सपोर्टर को फायदा पहुंचेगा जबकि भारतीय किसानों को घाटा झेलना पड़ेगा।

# आजाद समाज पार्टी के नेता को मिली जान से मारने की धमकी, कोतवाली में दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय



आजाद समाज पार्टी के नेता शिकायत दर्ज कराते हुए। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** आजाद समाज पार्टी के नेता देवेंद्र बैंसला को सत्ता का रौब दिखाकर धमकाने और फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। घटना के विरोध में देवेंद्र बैंसला कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।देवेंद्र बैंसला ने बताया कि वह नगर के रहरा अड्डे के निकट गोकुलधाम कॉलोनी स्थित अपने आवास से मुरादाबाद जा रहे थे। रास्ते में एक बिल्डिंग मटेरियल कारोबारी की दुकान के पास बजरी-बदरपुर से भरा ट्रक खड़ा था, जिससे रास्ता बाधित हो रहा था। अस्पताल नजदीक होने के कारण जब उन्होंने ट्रक किनारे हटाने को कहा, तो दुकानदार ने सत्ता का हवाला देकर उनसे अभद्रता की। आरोप है कि इसके कुछ देर बाद एक अज्ञात नंबर से फोन कर उन्हें जान से मारने की धमकी और अपशब्द कहे गए। पीड़ित देवेंद्र बैसला के द्वारा एक व्यक्ति के नाम दर्ज वह एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कराकर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### वाह री पाकबड़ा पुलिस, दो साल पहले मरे व्यक्ति को कर दिया शांतिभंग की आशंका में पाबंद

**मुरादाबाद।** पाकबड़ा थाना पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। दो साल पहले मौत हो चुके नरेश को भी शांति भंग की आशंका में पाबंद कर एसडीएम कोर्ट में रिपोर्ट भेज दी गई। सुनवाई के दौरान जब नरेश को कोर्ट में पेश होने के लिए पुकारा गया तो उसके परिजनों ने बताया कि उसकी दो वर्ष पहले बीमारी से मृत्यु हो चुकी है। जिस नरेश की दो साल पहले मृत्यु हो चुकी है, उससे कस्बे की शांति को खतरा बताते हुए दरोगा ने शांतिभंग में पाबंद कर दिया। विवाद में दोनों पक्षों के चार-चार लोगों को पाबंद करते हुए रिपोर्ट एसडीएम कोर्ट में भेज दी। कोर्ट में नरेश हाजिर हों की आवाज लगी तो उसकी पत्नी और भाई ने बताया कि वह पेश नहीं हो पाएंगे क्योंकि उनकी दो साल पूर्व मृत्यु हो चुकी है। कोर्ट ने इस मामले में थाने से आख्या मांगी है। पाकबड़ा की नई बस्ती कैलसा रोड निवासी निवासी दिनेश और सदन के परिवार के बीच विवाद चल रहा था। पाकबड़ा थाने के दरोगा विनीत कुमार ने दोनों पक्षों के चार-चार लोगों को शांतिभंग में पाबंद कराने के लिए एसडीएम कोर्ट में रिपोर्ट भेजी थी। दरोगा ने लिखा कि 28 मार्च 2026 को मौके पर जाकर जांच की और सभी के बयान दर्ज किए। जिससे पता चला कि दोनों पक्षों में आए दिन विवाद रहता है। जिससे दोनों पक्षों से शांति को खतरा बना हुआ है। दरोगा ने दिनेश, उसकी पत्नी पूनम, भाई नरेश और नरेश की पत्नी रज्जो को शांति भंग में पाबंद किया। जबकि दूसरे पक्ष के सदन, उसकी पत्नी मंजू, बेटी जाह्नवी, सोनू की पत्नी साक्षी को पाबंद किया। हैरानी की बात यह है कि दरोगा की इस रिपोर्ट पर थाना प्रभारी ने संस्तुति की रिपोर्ट लगा दी और कोर्ट भेज दिया था।

### बारिश के बाद मौसम हुआ साफ, चटख धूप में गर्मी से परेशान हुए लोग



**मुरादाबाद।** पिछले कई दिनों से मौसम अजब रंग दिखा रहा है। दिन भर तेज धूप तो शाम या रात में भीषण आंधी बारिश से जनजीवन बेपटरी हो रहा है। शुक्रवार से रविवार तक शाम या रात में आई आंधी-बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत तो दी, लेकिन जलभराव व बिजली व्यवस्था ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। हालांकि सोमवार को सुबह से मौसम साफ रहा। दोपहर में तेज धूप और उमस से लोग परेशान रहे। रविवार शाम आई आंधी बारिश से जलभराव और फाल्ट से बेतरतीब हुई व्यवस्था सोमवार को भी पूरी तरह पटरी पर नहीं आ पाई। कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। वहीं लाइनपार, आशियाना, बुध बाजार आदि में बाारिश में हुए जलभराव से सड़कों पर पसरा कीचड़ और गंदगी की सफाई में नगर निगम की टीम सोमवार को दिन भर जुटी रहीं। वहीं बिजली विभाग फाल्ट को दूर करने में लगा रहा। दोपहर में तेज धूप के चलते नमी सूखने पर फिर उमस बढ़ गई। पंखा और कूलर चलने के बाद भी लोग पसीना-पसीना होते रहे। हालांकि तीन दिनों से आ रही आंधी बारिश के चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कई डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 33 .4 और न्यूनतम तापमान 22 .2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 76 प्रतिशत रही। मौसम विभाग ने दो जून के बाद मौसम कुछ दिनों तक सामान्य रहने का अनुमान जताया है। हालांकि बीच बीच में हल्की बारिश भी हो सकती है। इसके बाद तापमान फिर चढ़ेगा। हालांकि दिन और रात के तापमान में आठ से दस डिग्री सेल्सियस का अंतर रहने से रात में गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# एचटी लाइन के करंट की चपेट में आकर छह बकरियों की मौत, महिला घायल



करंट की चपेट में आकर घायल हुई महिला। -जागरण मोर्चा



मौके पर एकत्र भीड़ । -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के गजरौला मार्ग पर उस समय एक बड़ा हादसा हो गया जब महिला द्वारा बकरी चराते समय उच्च शक्ति विद्युत लाइन के खम्भे में उतर रहे करंट की चपेट में आकर छः बकरियों की मौके पर मौत हो गई और महिला घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया ।जहां उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। पीड़ित के अनुसार करंट से मरी बकरियों की कीमत लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है, पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी सुरेंद्र वाल्मीकि बकरी पालकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। प्रतिदिन की भाती मंगलवार की सुबह सुरेंद्र की पत्नी बबीता,उसकी भाभी सरिता, बेटी सोना एवं भतीजी काली लगभग 40 बकरियों को चराने के लिए नगर के गजरौला मार्ग पर सड़क किनारे पहुंची, जैसे ही वह बकरियों के साथ दीपपुर गेट के सामने सड़क के किनारे स्थित खंदक में पहुंची तो उच्च शक्ति विद्युत लाइन के खंबे में उतर रहे करंट के चलते छह बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। तथा बबीता पत्नी सुरेंद्र करंट लगने से घायल हो गई।

घायल बबीता को उपचार के लिए नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया । जहां उसका उपचार कर घर भेज दिया गया। वही पीड़ित सुरेंद्र के द्वारा विद्युत विभाग,राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग को हादसे की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग द्वारा विद्युत लाइन को बंद कर दिया गया, वहीं सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित से वार्ता की। बकरियों की मौत की सूचना पर पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे और जानकारी की।

सुरेंद्र द्वारा बताया गया कि वह और उसका परिवार बकरी पाल कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है हादसे में मारी गई छः बकरियों की कीमत लगभग एक लाख रुपए है, उसने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

# दुष्प्रचार स्वीकार नहीं करेगा जैन समाज : डा. पवन जैन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** 21 मई को एक समाचार चैनल की लाइव बहस के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अमीक जमई द्वारा जैन समाज के संबंध में दिया गया वक्तव्य अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, तथ्यहीन एवं भ्रामक है। उन्होंने बिना किसी प्रमाण के यह दावा किया कि भारत से मांस निर्यात करने वाली शीर्ष 20 कंपनियों में से 18 जैन समुदाय के लोगों की हैं। यह कथन न केवल आधारहीन है, बल्कि अहिंसा, करुणा और जीव-दया के सिद्धांतों पर चलने वाले जैन समाज की छवि को धूमिल करने का प्रयास भी है।

ऐसे असत्य एवं भ्रामक वक्तव्य से जैन समाज आहत हुआ है। किसी भी समुदाय के बारे में बिना तथ्य के सार्वजनिक मंच से इस प्रकार के आरोप लगाना सामाजिक सौहार्द एवं आपसी विश्वास को क्षति पहुंचाने वाला है। बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ पवन कुमार जैन ने इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मांग की है कि वे इस पर तत्काल संज्ञान लें। अमीक जमई के बयान का सार्वजनिक रूप से खंडन करें तथा जैन समाज को निशाना बनाने वाले ऐसे प्रवक्ता के विरुद्ध उचित कार्रवाई करें। साथ ही समाजवादी पार्टी इस विषय पर अपना स्पष्ट एवं आधिकारिक रुख भी देश के समक्ष रखे। जैन समाज सदैव राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और अहिंसा के मूल्यों के प्रति समर्पित रहा है। किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार को समाज स्वीकार नहीं करेगा।

# भारतीय किसान संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान संघ विकास खण्ड धनौरा की मासिक बैठक जिला गन्ना प्रमुख मधुकर तेजा के आवास पर जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजन की गई,बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी संजीव कुमार शर्मा,ब्लाक प्रभारी एवं जिला जैविक प्रमुख हरि प्रकाश राणा, जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह चौहान मौजूद रहे। बैठक का आयोजन तीन सत्रों में किया गया, जिला प्रभारी का प्रवास ब्लाक मन्त्री सौरभ चौधरी के आवास पर रहा।

प्रथम सत्र में जिला प्रभारी संजीव कुमार शर्मा ने संगठन के विस्तार के बारे मे विस्तार से समझाया ओर संगठन को मजबूत किस प्रकार बनाया जाए विस्तार से बतलाया द्वितीय सत्र में जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा ने सदस्यता को पूरे खंड में करने का उपस्थित कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया ओर ब्लॉक अध्यक्ष से समस्त गांवों में कार्यकर्ता को गांवों की जिम्मेदारी सौंपकर लिस्ट शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा।

तृतीय सत्र में ब्लाक प्रभारी हरि प्रकाश राणा ने ब्लॉक कार्यकारणी के हर दायित्ववान कार्यकर्ताओं के साथ साथ जिला कार्यकारणी के सदस्यों को भी 4 से 5 गांवों की जिम्दमेदारी दी जाए।बैठक मे जिला प्रभारी व प्रांत युवा प्रमुख संजीव कुमार शर्मा, जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, जिला जैविक प्रमुख हरि प्रकाश राणा,जिला गन्ना प्रमुख मधुकर तेजा, ब्लाक मन्त्री सौरभ चौधरी, सोमप्रकाश, कल्लू सिंह, सदनपाल सिंह,जीत सिंह, हैविन चौधरी, निशान्त चौधरी, गजराज सिंह, विक्रांत तेजा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मारपीट प्रकरण में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल, एसपी से लगाई न्याय की गुहार


जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव में हुई मारपीट की घटना को लेकर सुभासपा प्रदेश उपाध्यक्ष बलराज सिंह प्रजापति व ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पुलिस अधीक्षक से हस्तक्षेप की मांग की है।

गांव पथरा मुस्तकम निवासी नरेश पुत्र मंगत समेत ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि मामूली विवाद के बाद हुए झगड़े में उनके साथ मारपीट की गई लेकिन पुलिस ने मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की। शिकायतकर्ताओं के अनुसार गांव में दुकान के सामने खड़ी मोटरसाइकिल को हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने न केवल उनके साथ मारपीट की, घटना में घायल होने के बाद उनका चिकित्सीय परीक्षण नहीं कराया गया तथा पुलिस को तहरीर भी दी गई, लेकिन आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि दूसरे पक्ष के कुछ लोगों के पुलिस विभाग से संबंध होने के कारण मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिलाया कि किसी के साथ कोई गलत करवाही नहीं होगी सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर, दिनेश सैन टिंकू उमेश योगेश मुकेश तेजपाल आदेश रूपकिशोर सोमपाल मनोज नरेश जितेंद्र राजेंद्र अमित चंद अंकित सोनू रिशिपाल आदि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा के संचालन से लग रहा जाम, जिम्मेदार खामोश

जागरण मोर्चा कार्यालय



ई-रिक्शा के संचालन से लगा जाम। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर में अवैध ई-रिक्शा के संचालन पर परिवहन विभाग से लेकर पुलिस तक अंकुश नहीं लगा पा रही है। हसनपुर नगर में दिनभर जाम की समस्या का कारण ही ई-रिक्शा बनते हैं।

मंगलवार को नगर के अंबेडकर पार्क,बर्मा मार्केट,इंदिरा चौक,वंश प्लाजा,पंसारा बाजार,जनकपुरी, घास मंडी पुराना डाकघर पर जाम की स्थिति रही, जिसके कारण नगर वासियों काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरा नगर जाम की जद में है,इसका मुख्य कारण ई-रिक्शा का बेतरतीब संचालन माना जा रहा है। नगर में काफी संख्या में ई-रिक्शा का संचालन होने से नगर के मार्ग पर रोजाना जाम लगना आम बात हो गई। जाम में फंसकर नागरिकों को घंटों खुलने का इंतजाम करना पड़ता है। इससे परेशानी के साथ-साथ समय भी बर्बाद होता है।चालक अपने ई-रिक्शा को बेतरतीब ढंग से चलाते हैं, जो जाम का कारण बनता है। जाम लगने पर दूर-दूर तक दोनों ओर ई-रिक्शा ही नजर आते हैं। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता द्वारा बताया गया कि यह समस्या काफी दिनों से व्यापारियों के सामने आ रही है कई बार अमन कमेटी की बैठकों में मुद्दा उठाया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, जल्द जनपद के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर उनके समस्त जाम की समस्या रखी जाएगी।

# रहरा पुलिस ने राहगीरों को पिलाया शरबत गर्मी में पेश की इंसानियत की मिसाल



रहरा थाना पुलिस शरबत का वितरण करते हुए। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच मंगलवार को थाना रहरा पुलिस का एक मानवीय और सराहनीय कार्य सामने आया। तपती गर्मी से बेहाल राहगीरों, वाहन चालकों और आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए पुलिसकर्मियों ने रहरा स्थित अलीगढ़ मार्ग पर ठंडा शरबत वितरित किया। पुलिस की इस अनूठी पहल की पूरे क्षेत्र में जमकर प्रशंसा हो रही है।

थाना परिसर के बाहर आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने राहगीरों को रोककर शरबत पिलाया और उन्हें गर्मी से बचाव के तरीके बताए। तेज धूप में सफर कर रहे राहगीरों व मजदूरों ने पुलिस की इस सेवा भावना की सराहना की।

थाना प्रभारी अखिलेश कुमार प्रधान ने बताया कि पुलिस का काम केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि समाज की सेवा करना भी है। उन्होंने लोगों से जरूरत होने पर ही घर से निकलने और पानी पीते रहने की अपील की। इस दौरान पुलिस ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया।

सराहनीय | सखी वन स्टॉप सेंटर ने रचा इतिहास

# कलयुगी बेटे की कैद से मां को मिला ‘नया जीवन’

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रशासन ने मां को कैद से मुक्त करा कर बेटी को सौंपा। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर के मोहल्ला कायस्तान में ममता को शर्मसार करने वाली एक ऐसी दास्तां सामने आई है, जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही बुजुर्ग मां को पिछले 7 महीनों से घर में कैद कर रखा था। वह बाहर जाते समय दरवाजे पर ताला लगा देता था और किसी भी भाई-बहन को मां से मिलने नहीं देता था।

इस घिनौने कृत्य का भंडाफोड़ तब हुआ जब पीड़िता की बेटी रूपाली गुप्ता ने महिला हेल्पलाइन 181 पर 29 मई को गुहार लगाई। सूचना मिलते ही सखी वन स्टॉप सेंटर अमरोहा की केंद्र प्रबंधक ममता दुबे, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता करुणा निधि और नर्स प्रभारी अनुराधा भारती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। टीम ने बड़ी चालाकी से ‘जनगणना’ के बहाने घर का दरवाजा खुलवाया। अंदर का नजारा देख सबकी रूह कांप गई; बुजुर्ग मां शशि प्रभा डर के साए में जीने को मजबूर थी और उसने 7 महीने से खुली हवा तक नहीं देखी थी।पूछताछ में पता चला कि पति की मौत के बाद से बेटा युवराज मां को प्रताड़ित करता था और कभी-कभी मारपीट भी करता था। वन स्टॉप सेंटर की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मां को बेटे के चंगुल से मुक्त कराया। आजाद होते ही मां की आंखों से आंसू छलक पड़े और उन्होंने टीम को धन्यवाद देते हुए कहा, “मैंने तो जीने की उम्मीद ही छोड़ दी थी, आप लोगों ने मुझे नया जीवन दिया है।” इस सराहनीय रेस्क्यू ने सखी सेंटर की कार्यप्रणाली में चार चांद लगा दिए हैं।प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बुजुर्ग मां शशि प्रभा को उनकी बेटी रूपाली गुप्ता के सुपुर्द कर दिया गया है।

# 15 दिन तक बच्चे की मौत की सूचना दबाने में लेखपाल समेत तीन कर्मी निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** रामगंगा विहार हाईस्ट्रीट में खुले सेप्टिक टैंक में गिरकर सात साल के बच्चे की मौत की सूचना 15 दिन तक दबाए रखने पर लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और राजस्व लिपिक को निलंबित कर दिया गया है। एडीएम प्रशासन की जांच में संवेदनहीनता सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई।

रामगंगा विहार हाईस्ट्रीट के पास एक सोसाइटी में खुले सेप्टिक टैंक में छह दिनों से लापता बच्चे हसन आलम का शव नौ मई को मिला था। पुलिस की जांच से पता चला कि बच्चे की मां कुरैशा और पिता हसीब मूल रूप से बिहार के अररिया जिले के सिकटी थाना क्षेत्र के पटरिया गांव के रहने वाले हैं।

वे एक माह पहले यहां मजदूरी करने आए थे। चार मई को बच्चा घर से खेलने के लिए कमरे से निकला था लेकिन लौटकर नहीं आया। पांच मई को पिता ने सिविल लाइंस थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि बच्चे की मौत डूबने से हुई है।

बच्चे के पिता हसीब ने जिस निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक में बच्चा गिरा था उसके आर्किटेक्ट और ठेकेदार के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि इन दोनों ने लापरवाही करते हुए टैंक को ढकवाया नहीं था। इसी वजह से बच्चा टैंक में गिरा और उसकी जान चली गई।

एडीएम प्रशासन संगीता गौतम ने बताया कि घटना के 24 घंटे के अंदर पोर्टल पर सूचना अपलोड करने का नियम है। लेखपाल तुषार भटनागर ने सूचना समय पर नहीं दी। कुछ दिनों बाद सूचना दी तो राजस्व निरीक्षक मोहम्मद सफी और राजस्व लिपिक अमरपाल ने रिपोर्ट नहीं दी।

**एक नजर**

## हाईवे पर कार ने गाय को रौंदा, गंभीर घायल

**पूरनपुर।** रात में घुंघचाई हाईवे पर तेज गति से आ रहे अज्ञात कार चालक ने गाय को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गई। हिंदू संगठनों ने उसका उपचार कराया। घुंघचाई क्षेत्र के गांव गुलडिया भूपसिंह में सोमवार की रात हाईवे पर तेज गति से आ रहे अज्ञात कार चालक ने गाय को टक्कर मार दी। जिससे गाय गंभीर रुप से घायल हो गई। मंगलवार को फिर पहुंचे हिन्दु संगठनों के लोगों ने गाय का मौके पर ही उपचार कराया। इसके बाद गाय को वाहन से लेकर गौशाला भिजवाया। इस दौरान शिवम भदौरिया, जितिन गुप्ता, मंयक, गगन, रोहित सहित बडी संख्या में हिन्दु संगठनों के लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दिव्यांग किसान ने लगाई फांसी

### रात में खेत पर रखवाली करने गया था युवक, सुबह पेड़ से लटका मिला शव, परिवार में मचा कोहराम, पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



घटना स्थल पर लगी भीड़। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** बिसौली कोतवाली क्षेत्र में एक दिव्यांग किसान की संदिग्ध



मृतक चंद्रपाल।

परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सर्वा निवासी 30 वर्षीय चंद्रपाल पुत्र सुरेश, जो कि दिव्यांग था, मंगलवार देर रात अपने खेत पर मक्का की फसल की रखवाली करने के लिए गया था। परिजनों के मुताबिक वह रोजाना की तरह खेत पर गया था, लेकिन सुबह तक वापस नहीं लौटा। सुबह के समय जब पास के खेतों में काम करने पहुंचे किसानों ने देखा कि चंद्रपाल का शव खेत में खड़े पॉपुलर के पेड़ से लटका हुआ है, तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव को देखकर रोने-बिलखने लगे। घटना की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई।

परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बिसौली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। साथ ही, परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर मामले की गहन जांच की जा रही है।

इस दुखद घटना से मृतक के परिवार में गहरा सदमा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है।

# बदायूं जिला पंचायत को प्रदेश में प्रथम स्थान, केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने दी बधाई



जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा व अन्य जनप्रतिनिधि।

जागरण मोर्चा कार्यालय

- **जनसेवा और सुशासन का परिणाम बनी ऐतिहासिक उपलब्धि, जनप्रतिनिधियों ने जताई खुशी**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश में उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर बदायूं जिला पंचायत को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने जिला पंचायत आवास पहुंचकर जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि यह सफलता जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बदायूं जिला पंचायत ने विकास कार्यों, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के जरिए प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी जिला पंचायत इसी तरह विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करती रहेगी और अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बनेगी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री महेश चंद्र गुप्ता, विधायक हरीशचंद्र शाक्य तथा पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने जिला पंचायत अध्यक्ष को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके नेतृत्व की सराहना की।

जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान जिले की जनता, जनप्रतिनिधियों और जिला पंचायत टीम के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आगे भी विकास कार्यों को और गति दी जाएगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बदायूं की यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में जिला पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है और आमजन में भी उत्साह देखा जा रहा है। लोगों को उम्मीद है कि बदायूं जिला पंचायत आने वाले समय में विकास और सुशासन के क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हो रहे निजी अस्पतालों पर शिकंजा कसना नए सीएमओ के सामने बड़ी चुनौती

### जिले में सैकड़ों अवैध अस्पतालों का जाल, स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय, देवेश मिश्रा

**बदायूं।** जिले में बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे निजी अस्पतालों पर रोक लगाना नए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। स्वास्थ्य विभाग की जानकारी और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, जहां जिले में मात्र 50 से 60 निजी अस्पताल ही विधिवत पंजीकृत हैं, वहीं 600 से अधिक अस्पताल बिना किसी मानक और अनुमति के संचालित हो रहे हैं। यह स्थिति न केवल नियमों की अनदेखी को दर्शाती है बल्कि आम लोगों की जान से भी खिलवाड़ का गंभीर मामला है।

सूत्रों की मानें तो सीएमओ कार्यालय के एक बाबू का इस पूरे नेटवर्क में अहम रोल बताया जा रहा है। चर्चा है कि इस बाबू के जरिए जिलेभर में अवैध अस्पतालों का एक मजबूत नेटवर्क संचालित हो रहा है, जहां से हर महीने मोटी रकम




वसूली जाती है। आरोप यह भी है कि यह रकम जिले से बाहर मसूरी तक पहुंचाई जाती है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल जरूर खड़े हो रहे हैं।

जिले में तेजी से बढ़ते निजी अस्पतालों की संख्या ने स्वास्थ्य सेवाओं को व्यावसायिक बना दिया है। कई अस्पताल बिना योग्य डॉक्टरों, प्रशिक्षित स्टाफ और आवश्यक उपकरणों के ही मरीजों का इलाज कर रहे हैं। ऐसे अस्पतालों में आए दिन लापरवाही के मामले सामने आते रहते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता ही दिखाई देती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई अस्पताल सिर्फ नाम के नर्सिंग होम बनाकर संचालित किए जा रहे

> जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधार करने को प्राथमिकता दी जाएगी। बिना पंजीकरण अस्पतालों पर शिकंजा कसा जाएगा। इस तरह के कृत्य करने वाले कर्मचारी व अधिकारी को बक्सा नहीं जाएगा। अभियान चलाकर बिना पंजीकरण अस्पतालों की जांच कराई जाएगी।
> –राजीव शर्मा, सीएमओ

हैं, जहां न तो इमरजेंसी सुविधाएं हैं और न ही कोई विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहता है। इसके बावजूद मरीजों से मोटी फीस वसूली जाती है। गंभीर मरीजों को बाद में बड़े शहरों के अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है, जिससे कई बार मरीज की जान तक चली जाती है। नए सीएमओ के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस अवैध नेटवर्क को तोड़ने की है। यदि विभागीय मिलीभगत के आरोप सही हैं, तो कार्रवाई करना और भी कठिन हो सकता है। हालांकि, नए सीएमओ से लोगों को उम्मीद है कि वे सख्त कदम उठाकर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने का प्रयास करेंगे।

स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार, किसी भी निजी अस्पताल या नर्सिंग होम को संचालित करने के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। इसके साथ ही अस्पताल में न्यूनतम सुविधाएं, योग्य डॉक्टर और प्रशिक्षित स्टाफ होना जरूरी है। लेकिन जिले में इन नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। इससे न केवल मरीजों की जान खतरे में पड़ेगी बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। अब देखना होगा कि नए सीएमओ इस पूरे मामले में क्या कदम उठाते हैं। क्या वे विभाग के भीतर फैले कथित भ्रष्टाचार के नेटवर्क पर लगाम लगा पाएंगे या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

# डाल गिरने से घायल हुए ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



- **पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर कराया पोस्टमार्टम, सोमवार को परिजनों को सौंपा शव**

**ओरछी:** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम सैंडोला में रविवार को मौसम का बदला मिजाज एक परिवार के लिए काल बन गया। आंधी-बारिश के दौरान अचानक पेड़ की भारी-भरकम डाल गिरने से मलबे में दबकर एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां रविवार देर रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

ग्रामीण की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है चश्मदीदों के मुताबिक, रविवार को क्षेत्र में अचानक तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। गांव निवासी अहिवरन उस वक्त बाहर थे। खुद को भीगने से बचाने के लिए वह गांव में ही स्थित एक मंदिर की मठिया के नीचे खड़े हो गए। इसी बीच आंधी के तेज झोंके के कारण पास के पेड़ की एक विशाल डाल अचानक टूटकर सीधे मठिया और अहिवरन के ऊपर आ गिरी डाल गिरने की आवाज और चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े। ग्रामीणों ने भारी मशक्कत के बाद डाल को हटाकर लहूलुहान हालत में अहिवरन को बाहर निकाला और तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां रविवार की देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही मृतक का शव गांव पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया।

# राशन कार्डधारक महिलाएं होंगी सशक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले में राशन कार्ड धारक महिलाएं भी आत्मनिर्भर होंगी। आर्थिक कमजोर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एनआरएलएम अब दो लाख से भी अधिक महिलाओं को नए सिरे से स्वयं सहायता समूह से जोड़ेगा। इसके लिए पूर्व से बनी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने क्षेत्र की महिलाओं को जागरूक करेंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ उनको उनके मनपसंदीदा वर्ग में प्रशिक्षण दिलाएंगी। जिले में स्वतः रोजगार विभाग की ओर से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वर्तमान में 1.50 लाख परिवार की महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जोड़ी जा चुकी है।

# शोक की लहर: अजीतपुर के प्रधान पति के पिता महेंद्र पाल सिंह का निधन

- **अस्वस्थता के चलते 85 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस**
- **नम आंखों से पैतृक गांव में हुआ अंतिम संस्कार**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**ओरछी:** ब्लॉक आसफपुर क्षेत्र के ग्राम अजीतपुर में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब ग्राम प्रधान पति ओमकार सिंह उर्फ पप्पू के पूजनीय पिता महेंद्र पाल सिंह (85) का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं महेंद्र पाल सिंह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। परिजनों ने उनका काफी इलाज कराया, लेकिन बढ़ती उम्र और बीमारी के चलते उन्होंने अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे हंसता-खेलता और भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।शव यात्रा में पूरे गांव और आस-पास के क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग शामिल हुए। परिजनों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इसके बाद गांव के ही श्मशान घाट पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार संपन्न किया गया।



# भाकियू टिकैत में अशोक कुमार बने मंडल प्रवक्ता, क्षेत्र में खुशी की लहर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) में संगठनात्मक विस्तार के तहत बरेली मंडल के मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलो ने अशोक कुमार को मंडल प्रवक्ता के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी उन्हें किसानों की समस्याओं को लगातार और प्रभावी ढंग से उठाने की सक्रियता को देखते हुए सौंपी गई है।



अशोक कुमार की नियुक्ति के बाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि अशोक कुमार लंबे समय से किसानों के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहे हैं और उनकी नियुक्ति से संगठन को और मजबूती मिलेगी। साथ ही किसानों की आवाज को प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने में भी तेजी आएगी।

मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलो ने कहा कि संगठन ऐसे कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो जमीनी स्तर पर किसानों के हितों के लिए संघर्ष करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि अशोक कुमार अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। वहीं, नवनियुक्त मंडल प्रवक्ता अशोक कुमार ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी लगन और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर संगठन के कई कार्यकर्ताओं ने अशोक कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण के समापन पर हुआ विशाल भंडारा

- **गांव समेत आसपास के कई गांव के श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाया**
- **ग्रामीणों की मदद से हर साल गांव बरीपुरा में होता है विशाल भंडारे का आयोजन**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बगरैन।** क्षेत्र के गाव वरीपुरा मे हनुमान मंदिर पर प्रतिवर्ष अखंड रामायण का आयोजन होता है अखण्ड पाठ के समापन के बाद सोमवार को विशाल भंडारा हुआ, जिसमें गांव तथा क्षेत्र के लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

अखण्ड पाठ के समापन के बाद भंडारा आयोजित करना भारतीय सनातन परंम्परा का एक अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह एक सामूहिक भोज होता है जिसमें सभी श्रद्धालुओ को प्रसाद रूप मे भोजन कराया जाता है। चूकि भंडारा 31 मई को होना था लेकिन बरसात के कारण 1 जून को भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे के दौरान सतीश भदौरिया, रामौतार सिंह, सुखपाल सिंह भदौरिया, निर्भय सिह, ब्रजेश सिह, जुगेन्द्र सिह सोमेश मिश्रा, वशुपाल सिह, मनोज सिंह, सुवोध सिह, सुरेन्द्र सिंह पिंटू सिंह, कल्लू सिंह आदि मैजूद रहे ।



# पंजाब नेशनल बैंक की अनूठी पहल, ग्राहकों का मिठाई से हुआ स्वागत



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** पंजाब नेशनल बैंक की स्थानीय शाखा में एक अनोखी और सराहनीय पहल देखने को मिली, जिसने ग्राहकों के बीच खासा उत्साह और सकारात्मक माहौल बना दिया। आमतौर पर बैंक में जहां लोग सिर्फ अपने काम-काज, कागजी प्रक्रियाओं और लंबी कतारों की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, वहीं इस पहल ने ग्राहकों को अलग ही अनुभव दिया।

शाखा प्रबंधक विवेक कुमार वर्मा ने बैंक पहुंचे ग्राहकों का मिठाई खिलाकर स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बैंक केवल वित्तीय लेनदेन का माध्यम नहीं है, बल्कि ग्राहकों के साथ मजबूत और आत्मीय संबंध बनाना भी उतना ही जरूरी है। उनका यह प्रयास ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। ग्राहकों ने भी इस पहल की जमकर सराहना की।

इस मौके पर अंकित शर्मा, दोहा, शब्बीर अंसारी, लोकेश यादव, फील्ड ऑफिसर आकाश कुमार, विकास यादव, कौशल कुमार और आकाश कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में शाखा प्रबंधक ने सभी नियमित और सम्मानित ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखने की बात कही।

**सख्ती**

बिनावर व हजरतपुर थाना पुलिस ने देर रात की बड़ी कार्रवाई

# बदायूं में भैंस लूट–चोरी गिरोह पर पुलिस का शिकंजा, दो मुठभेड़ों में दो बदमाश गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद में भैंस लूट और चोरी की घटनाओं पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मुठभेड़ के दौरान दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन घटनाओं में पुलिस के दो सिपाही भी घायल हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से भैंस, नगदी और अवैध असलाह बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में अभियोग दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पहला मामला थाना बिनावर क्षेत्र का है, जहां 17/18 मई की रात ग्राम दियोरीजीत में घर के बाहर बंधी भैंसों को लूट लिया गया था। इसके अलावा ग्राम तकीपुर में भी भैंस चोरी की घटना सामने आई थी। इन दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर पुलिस लगातार



मुठभेड़ में घायल हुआ बदमाश। –जागरण मोर्चा



जानकारी देते सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय व मौजूद थाना पुलिस। –जागरण मोर्चा

आरोपियों की तलाश में जुटी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया।

एक जून की रात पुलिस चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर टीम बिनावर-बरेली मथुरा निर्माणाधीन बाईपास पर पहुंची। वहां एक संदिग्ध व्यक्ति भैंस के साथ आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पीछा करने पर वह फिसलकर गिर गया। पुलिस द्वारा आत्मसमर्पण के लिए कहने पर उसने फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें सिपाही अंकुर कुमार घायल हो गए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की, जिससे अभियुक्त मो. जावेद पुत्र मो. शकील निवासी कासगंज के दोनों पैरों में गोली लग गई। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक भैंस, 8000 रुपये नगद, एक तमंचा 315 बोर, तीन खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर भैंस चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम देता है।

दूसरा मामला थाना हजरतपुर क्षेत्र का है, जहां 17/18 मई की रात ग्राम रैपुरा में भैंस चोरी की घटना हुई थी। इस मामले में भी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सोमवार की रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम जमालपुर के पास कच्चे रास्ते पर नाकाबंदी की। संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वे भागने लगे और उनमें से एक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसमें सिपाही जितेन्द्र सिंह घायल हो गए। पुलिस की जवाबी फायरिंग में अभियुक्त पप्पू उर्फ साजन पुत्र सिकंदर निवासी कासगंज घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर जिला अस्पताल भेजा गया। उसके पास से 5200 रुपये नगद, एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में उसने भी अपने साथियों के साथ मिलकर भैंस चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों अभियुक्त एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में भैंस चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस अब इनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है और जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश करने का दावा कर रही है। इन कार्रवाइयों से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं आम जनता ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily.com



# सम्पादकीय

## बालेन्द्र शाह ने सीमा विवाद सुलझाने के लिए ब्रिटेन को निमंत्रित कर अपनी जगहँसाई करवा ली है

भारत और नेपाल के बीच लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को लेकर चल रहा पुराना सीमा विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है, लेकिन इस बार वजह कोई नया भू-राजनीतिक घटनाक्रम नहीं बल्कि नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह की चौंकाने वाली और कई मायनों में अपरिपक्व बयानबाजी बनी है। संसद में उन्होंने ऐसा दावा कर दिया जिसने काठमांडू से लेकर नई दिल्ली तक हलचल मचा दी। हालात इतने असहज हो गए कि कुछ ही घंटों बाद नेपाल के विदेश मंत्रालय को सफाई देने मैदान में उतरना पड़ा। और विडंबना देखिए, भारत को घेरने की कोशिश में दिया गया बयान नेपाल में ही प्रधानमंत्री के लिए भारी पड़ गया। विपक्ष, पूर्व विदेश मंत्री, पूर्व राजदूत और सीमा विशेषज्ञ तक उनके खिलाफ खड़े हो गए और उनसे सबूत, स्पष्टीकरण, यहां तक कि माफी की मांग होने लगी। सीमा विवाद पर राजनीतिक परिपक्वता दिखाने के बजाय बालेन्द्र शाह की टिप्पणियां ऐसी साबित हुईं जिन्होंने नेपाल की आधिकारिक स्थिति को ही कठघरे में खड़ा कर दिया। हम आपको बता दें कि नेपाली संसद में बोलते हुए बालेन्द्र शाह ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री बनने के बाद पता चला कि केवल भारत ने ही नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया है, बल्कि नेपाल ने भी कई स्थानों पर भारतीय भूमि पर अतिक्रमण किया है। उन्होंने दोनों देशों से तथ्यों का अध्ययन कर मित्रवत तरीके से विवाद सुलझाने की अपील की। उधर, नेपाल में विपक्षी दलों और पूर्व राजनयिकों ने बालेन्द्र शाह की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। नेपाली कांग्रेस की बसना थापा और अन्य नेताओं ने संसद के अभिलेखों से बयान हटाने की मांग की। पूर्व विदेश मंत्री प्रदीप ज्ञवाली ने भी प्रधानमंत्री से माफी मांगने की बात कही। नेपाल के पूर्व राजदूत नीलाम्बर आचार्य और दीप कुमार उपाध्याय ने स्पष्ट कहा कि नेपाल द्वारा भारतीय भूमि पर अतिक्रमण का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। सीमा विशेषज्ञ बुद्धि नारायण श्रेष्ठ ने भी प्रधानमंत्री की बातों को तथ्यात्मक आधार से रहित बताया। इस प्रकार बालेन्द्र शाह का बयान भारत से अधिक नेपाल के भीतर ही विवाद का विषय बन गया। दरअसल, सीमा विवाद का केंद्र लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा क्षेत्र हैं। नेपाल का दावा है कि सुगौली संधि के अनुसार काली नदी का उद्गम लिम्पियाधुरा से होता है, इसलिए उसके पूर्व का पूरा क्षेत्र नेपाली भूभाग है। दूसरी ओर भारत का कहना है कि काली नदी का वास्तविक उद्गम लिपुलेख दर्रे के नीचे स्थित स्त्रोतों से होता है और ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार कालापानी क्षेत्र लंबे समय से उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले का हिस्सा रहा है। यही मूल विवाद दोनों देशों के दावों की जड़ में है। हम आपको बता दें कि विवाद को हाल में उस समय नया मोड़ मिला जब नेपाल ने लिपुलेख मार्ग से होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा पर आपत्ति जताते हुए भारत और चीन दोनों को कूटनीतिक नोट भेजा। भारत ने इस आपत्ति को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि लिपुलेख मार्ग से कैलाश मानसरोवर यात्रा 1954 से लगातार संचालित हो रही है और यह कोई नया घटनाक्रम नहीं है। भारत ने यह भी दोहराया कि एकतरफा तरीके से क्षेत्रीय दावों का विस्तार न तो ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है और न ही स्वीकार्य है।

उधर, बालेन्द्र शाह के बयान पर विवाद खड़ा होने के बाद नेपाल के विदेश मंत्रालय ने सफाई देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री का आशय यह नहीं था कि नेपाल ने आधिकारिक रूप से भारतीय भूमि पर कब्जा किया है। मंत्रालय के अनुसार सीमा के कुछ हिस्सों में सीमा स्तंभों की कमी, दशगजा क्षेत्र और सीमापार भूमि उपयोग जैसी व्यावहारिक समस्याओं के कारण ऐसी स्थितियां उत्पन्न हुई हैं जहां दोनों ओर के लोग एक-दूसरे की जमीन का उपयोग करते रहे हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने यह भी दोहराया कि दोनों देश कूटनीतिक बातचीत, तकनीकी सर्वेक्षण और ऐतिहासिक दस्तावेजों के आधार पर समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन सबसे अधिक हैरानी प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के उस सुझाव पर हुई जिसमें उन्होंने सीमा विवाद के समाधान में ब्रिटेन की भागीदारी की बात उठाई। उन्होंने तर्क दिया कि वर्तमान सीमाओं की पृष्ठभूमि औपनिवेशिक काल से जुड़ी है, इसलिए ब्रिटेन को भी इस विषय में रुचि लेनी चाहिए। यह प्रस्ताव न केवल व्यावहारिक दृष्टि से कमजोर माना गया बल्कि नेपाल के भीतर भी इसे अपरिपक्व और अनावश्यक बताया गया। भारत और नेपाल के बीच सीमा विवाद हमेशा द्विपक्षीय ढांचे में चर्चा का विषय रहा है। ऐसे में तीसरे पक्ष को बीच में लाने की बात कूटनीतिक परंपराओं और स्थापित समझ से मेल नहीं खाती। इसके अलावा, सीमा विवाद जैसे संवेदनशील और पूर्णतः द्विपक्षीय विषय में ब्रिटेन को शामिल करने का सुझाव बालेन्द्र शाह की कूटनीतिक नासमझी का ऐसा सार्वजनिक प्रदर्शन था जिसने कई जानकारों को हैरान कर दिया। भारत दशकों से स्पष्ट करता आया है कि वह अपने किसी भी द्विपक्षीय विवाद में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता या दखल को स्वीकार नहीं करता, चाहे मामला पाकिस्तान का हो, चीन का हो या नेपाल का। ऐसे में ब्रिटेन को बातचीत की मेज पर बुलाने का प्रस्ताव शुरू से ही अव्यावहारिक और वास्तविकताओं से कटा हुआ नजर आया। जिस देश ने दो शताब्दियों पहले उपमहाद्वीप छोड़ दिया, उसे आज की सीमा वाताओं में घसीटने की कोशिश को कई पर्यवेक्षकों ने राजनीतिक अपरिपक्वता बताया। दिलचस्प यह है कि बालेन्द्र शाह की इस टिप्पणी पर केवल नेपाल में ही नहीं, बल्कि ब्रिटेन के रणनीतिक और दक्षिण एशियाई मामलों पर नजर रखने वाले हलकों में भी हैरानी जताई गई और इसे अव्यावहारिक सोच का उदाहरण माना गया। कूटनीति की दुनिया में जहां गंभीरता, तैयारी और यथार्थवादी दृष्टिकोण की अपेक्षा की जाती है, वहां बालेन्द्र शाह का यह सुझाव कई लोगों को ऐसा लगा मानो किसी जटिल अंतरराष्ट्रीय विवाद के समाधान के लिए इतिहास की धूल झाड़कर ऐसे पात्रों को मंच पर बुलाने की कोशिश की जा रही हो जिनकी अब उस प्रक्रिया में कोई वास्तविक भूमिका ही नहीं बची है।

# ‘डिटेक्ट, डिलीट, डिपोर्ट’ क्यों आवश्यक है भारत के लिए



■ आचार्य ललित मुनि

भारत एक ऐसा देश है जो अपनी उदार परंपराओं के लिए जाना जाता है। यहाँ सदियों से शरणार्थियों, यात्रियों और प्रवासियों को आश्रय मिला है। लेकिन इस उदारता की भी एक सीमा होती है, और वह सीमा तब टूटती है जब राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संसाधन और सांस्कृतिक अखंडता खतरे में पड़ने लगती है। आज भारत उस मोड़ पर खड़ा है जहाँ अवैध घुसपैठ की समस्या केवल एक प्रशासनिक चुनौती ही नहीं रही, बल्कि यह एक राष्ट्रीय संकट का रूप ले चुकी है। इसी संदर्भ में ‘डिटेक्ट, डिलीट, डिपोर्ट’ की नीति न केवल प्रासंगिक है, बल्कि अपरिहार्य भी है।

भारत में अवैध घुसपैठ कोई नई घटना नहीं है। इसकी जड़ें विभाजन के बाद की उथलपुथल से शुरू होती हैं। 1947 में जब देश का विभाजन हुआ, तब बड़े पैमाने पर जनसंख्या का स्थानांतरण हुआ। परंतु वह प्रक्रिया पूरी तरह कभी नहीं थमी। पूर्वी पाकिस्तान, जो बाद में बांग्लादेश बना, वहाँ से लोगों का भारत में आना दशकों तक जारी रहा।

1971 में बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान लाखों शरणार्थी भारत आए। उस समय यह मानवीय संकट था और भारत ने खुले दिल से उन्हें शरण दी। परंतु युद्ध समाप्त होने के बाद भी अनेक लोग भारत में ही रह गए और धीरे धीरे वे असम, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और दिल्ली जैसे क्षेत्रों में बस गए।

असम इस संकट का सबसे स्पष्ट उदाहरण है। 1979 में असम में छात्र आंदोलन शुरू हुआ जो बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध था। छह वर्षों तक चले इस आंदोलन के परिणामस्वरूप 1985 में असम समझौता हुआ। इसके तहत यह तय किया गया कि 1971 के बाद से असम में आए विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा जाएगा। परंतु यह प्रक्रिया अत्यंत धीमी रही और घुसपैठ नहीं रुकी।

आज स्थिति और भी गंभीर है। भारत और बांग्लादेश के बीच लगभग 4,156 किलोमीटर लंबी सीमा है। इसमें से बड़ा हिस्सा नदियों, जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों से घिरा है जहाँ चौबीसों घंटे निगरानी अत्यंत कठिन है। बाड़ लगाने का काम दशकों से चल रहा है, परंतु अभी भी सैकड़ों किलोमीटर की सीमा असुरक्षित है। सरकारी आंकड़ों और स्वतंत्र अनुसंधानकर्ताओं के अनुमानों के अनुसार भारत में अवैध प्रवासियों की संख्या एक से दो करोड़ के बीच हो सकती है। इनमें से अधिकांश बांग्लादेश से आए हैं, परंतु रोहिंग्या मुसलमान भी इस संख्या में शामिल हैं जो म्यांमार से भागकर बांग्लादेश होते हुए भारत पहुँचे हैं।

रोहिंग्या की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। 2017 में म्यांमार में हुई हिंसा के बाद लाखों रोहिंग्या बांग्लादेश पहुँचे। उनमें से एक बड़ा हिस्सा भारत में भी घुस आया। जम्मू, दिल्ली, हैदराबाद और कई अन्य शहरों में रोहिंग्या बस्तियाँ पाई गई हैं। राष्ट्रीय जाँच एजेंसी और खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि कुछ रोहिंग्या नागरिकों के आतंकी संगठनों से संबंध हैं और उन्हें फर्जी भारतीय दस्तावेज प्रदान किए जा रहे हैं।



राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अवैध घुसपैठ बड़ा खतरा है। इंटेलिजेंस ब्यूरो और एनआईए की रिपोर्टों में यह बार बार उजागर हुआ है कि आतंकवादी संगठन अवैध प्रवासियों के नेटवर्क का उपयोग करते हैं। जम्मू में पाए गए रोहिंग्या कैंपों की जाँच में हथियार और संदिग्ध सामग्री मिली थी। 2018 में जम्मू पुलिस ने कई रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया था जिनके पास फर्जी आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र थे। अवैध घुसपैठ के रास्तों का उपयोग मादक पदार्थों, हथियारों और जाली मुद्रा की तस्करी के लिए भी होता है। पश्चिम बंगाल और असम की सीमाओं पर यह समस्या अत्यंत गंभीर है। बांग्लादेश से फेन्सीडाइल और याबा जैसी नशीली दवाएँ इन्हीं मार्गों से आती हैं। अवैध प्रवासी आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड और पासपोर्ट जैसे दस्तावेज फर्जी तरीके से हासिल कर लेते हैं। यह एक बड़े नेटवर्क के जरिए होता है। चुनाव आयोग की जाँचों में कई बार ऐसे मतदाता पहचान पत्र मिले हैं जो वास्तव में विदेशी नागरिकों के हैं। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भी सीधा आघात होता है। असम के कुछ जिलों में पिछले तीन दशकों में जनसंख्या का संतुलन नाटकीय रूप से बदल गया है। 1971 की जनगणना से 2011 की जनगणना तक, कई सीमावर्ती जिलों में मुस्लिम आबादी का प्रतिशत असामान्य गति से बढ़ा, जो घुसपैठ की वास्तविकता को दर्शाता है।

सुरक्षा के अतिरिक्त अवैध घुसपैठ भारत की सामाजिक और आर्थिक संरचना पर भी भारी बोझ डालती है। भारत के सरकारी अस्पतालों, स्कूलों, राशन व्यवस्था और आवास योजनाओं पर पहले से ही भारी दबाव है। करोड़ों गरीब भारतीय नागरिक बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में जब अवैध प्रवासी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इन सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, तो वे वास्तविक लाभार्थियों का हक छीनते हैं।

दिल्ली के कुछ इलाकों जैसे संगम विहार, मदनपुर खादर और तुर्कमान गेट के पास बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी बसे हैं। वे अनौपचारिक क्षेत्र में काम करते हैं और बेहद कम मजदूरी पर काम लेते हैं। इससे स्थानीय मजदूरों के लिए रोजगार और मजदूरी दोनों पर दबाव बढ़ता है। शहरी अनधिकृत बस्तियों में इनकी उपस्थिति अपराध और कानून व्यवस्था की समस्याओं को भी बढ़ावा देती है। पुलिस रिकॉर्ड दिखाते हैं कि कुछ इलाकों में अवैध प्रवासियों की सांद्रता और स्थानीय अपराध दर के बीच सीधा संबंध है। अवैध घुसपैठ को लेकर जब हम ‘डिटेक्ट, डिलीट, डिपोर्ट’ की नीति की बात करते हैं, तो यह कोई कठोर या मानवविरोधी नीति नहीं है। यह एक संप्रभु राष्ट्र का वह अधिकार है जिसे दुनिया का हर देश किसी न किसी रूप में लागू करता है। डिटेक्ट अर्थात पहचानः सबसे पहली आवश्यकता यह है कि अवैध प्रवासियों की सटीक और निष्पक्ष पहचान हो। इसके लिए राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर जैसे उपकरणों का उपयोग जरूरी है। आधुनिक तकनीक जैसे बायोमेट्रिक डेटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सीमा निगरानी और फेशियल रिकग्निशन इस काम में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। सीमा सुरक्षा बल को और अधिक संसाधन और तकनीक से लैस करना इस चरण की अनिवार्यता है। डिलीट अर्थात रिकॉर्ड से हटानाः एक बार पहचान होने के बाद अवैध प्रवासियों के नाम सरकारी दस्तावेजों, मतदाता सूचियों, राशन कार्डों और अन्य सरकारी योजनाओं से हटाए जाने चाहिए। यह सुनिश्चित करना होगा कि वे फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नागरिकता के किसी भी लाभ का उपयोग न कर सकें। इसके साथ ही जो लोग फर्जी दस्तावेज बनाते और बेचते हैं, उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई भी आवश्यक है।

डिपोर्ट अर्थात वापसीः कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से अवैध प्रवासियों को उनके मूल देश वापस भेजना किसी भी संप्रभु राष्ट्र का संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है। भारत और बांग्लादेश के बीच इस विषय पर समझौते की आवश्यकता है। हालाँकि यह प्रक्रिया कूटनीतिक दृष्टि से जटिल है, परंतु यह असंभव नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी कई बार अवैध प्रवासियों को वापस भेजने के आदेश दिए हैं। यह नीति कोई भारतीय मौलिक नीति नहीं है। दुनिया के सबसे उदार और लोकतांत्रिक देश भी अवैध प्रवासन के विरुद्ध कठोर कदम उठाते हैं। अमेरिका में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट एजेंसी प्रतिवर्ष लाखों अवैध प्रवासियों को पकड़कर उनके देश भेजती है। यूरोपीय देशों ने 2015 के शरणार्थी संकट के बाद अपनी सीमा नीतियों को अत्यंत कड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया का बॉर्डर प्रोटेक्शन तंत्र तो विश्व के सबसे सख्त तंत्रों में गिना जाता है। जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और मलेशिया जैसे एशियाई देश अवैध प्रवासन के मामले में बिल्कुल समझौता नहीं करते। फिर भारत से यह अपेक्षा क्यों कि वह अपनी सीमाओं और संसाधनों पर अनियंत्रित बोझ झेलता रहे? पिछले वर्ष भारतीय अवैध घुसपैठियों को अमेरिका ने भारत कैसे भेजा था ये तो सभी ने देखा है। भारत एक सहिष्णु और बहुलतावादी देश है। हम अतिथि देवो भव की परंपरा में विश्वास रखते हैं। परंतु किसी भी देश की सहिष्णुता की सीमा वहाँ समाप्त होती है जहाँ उसकी संप्रभुता, उसके नागरिकों की सुरक्षा और उसके लोकतांत्रिक ढाँचे पर खतरा आने लगे। ‘डिटेक्ट, डिलीट, डिपोर्ट’ कोई नफरत की नीति नहीं है। यह एक संप्रभु राष्ट्र का वह कर्तव्य है जो उसे अपने 140 करोड़ नागरिकों के प्रति निभाना है। यह नीति उन नागरिकों की सुरक्षा के लिए है जो प्रतिदिन काम करते हैं, कर देते हैं और अपने देश के विकास में योगदान करते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं लोक संस्कृति के अध्येता हैं।)**

# कैरियर एवं त्रिभाषा फॉर्मूला



■ डॉ. संदीप कुलश्रेष्ठ

वैश्विक सामाजिक एवं आर्थिक परिदृश्य के बदले स्वरुप में आज भारत को स्थापित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर काम करना होगा। भारत विविधताओं से भरा देश है। जहाँ विभिन्न धर्म, संप्रदाय, भाषा के लोग निवास करते है। वही राष्ट्रीय एकता, रोजगार एवं आर्थिक विकास अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। ऐसे समय में जब विद्यार्थी को अपने घर से बाहर आना ही पड़ता है, चाहे वो गांव, जिला, शहर, प्रदेश ही क्यों न हो। इस बाहर आने के कई कारण हो सकते हैं जिनमें सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक भी प्रमुख है। सामाजिक समरसता, व्यवसाय, पर्यटन, रोजगार एवं विभिन्न संस्कृतियों के साथ समन्वय करते हुए अपने को सफल बनाने के लिए संवाद एवं सम्बंधित भाषा की जानकारी सफलता का मापदंड निर्धारित करती है।

यह वास्तविकता है की विद्यार्थी अपनी मातृभाषा में संवाद करने में सबसे सहज महसूस करता है। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में इसका ध्यान पूर्व में भी रखा गया था, वही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी इसे प्रमुखता से लागू किया गया है यही कारण है की प्रत्येक छात्र को स्कूली शिक्षा में सर्वप्रमुख्ता उसकी मातृभाषा को दी जाती है वहीं क्षेत्रीय भाषा या राष्ट्रीय भाषा हिंदी के साथ अन्य भाषा की जानकारी भी होनी चाहिए इस त्रिभाषा फॉर्मूला 1964-1968, एवं 2020 की शिक्षा नीतियों व आयोगों के माध्यम से आम नागरिकों को बताया गया है। भारत को एक सूत्र में पिरोने एवं भाषाई विविधता को संरक्षित करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार बनाने व छात्रों में संज्ञानात्मक विकास हेतु त्रिभाषा फॉर्मूला कारगर सिद्ध होगा, यही नहीं सामाजिक एवं आर्थिक गतिशीलता भी आज समय की जरूरत है। यात्रा एवं पर्यटन में केवल एक भाषा की जानकारी होने से चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए अपनी मातृभाषा के साथ दो अन्य भाषाओं जिनमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में बोली जाने वाली भाषाओं की जानकारी चनौतियों को काफी सीमा तक यही कारण है कि अधिकांश महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को एक अन्य देशी/विदेशी भाषा को सीखने हेतु प्रेरित किया जाता है। विशेष रूप से ऐसे विश्वविद्यालय जहाँ केरल, तमिल, आंध्रा, कर्नाटका से लेकर सुदूर उत्तरपूर्व के विद्यार्थी एक ही छत के नीचे विद्या अर्जन करते है।




शिक्षकों को भी इस क्रॉस कल्चर (अंतर संस्कृति) को समझते हुए त्रिभाषी फॉर्मूला पर कार्य करना होगा। वहीं विद्यार्थियों को भी अपने आपको बदलते राष्ट्रीय एवं वैश्विक परिवेश के अनुरूप ढ़ालना होगा, केवल भाषा ही नहीं अपितु संस्कृतियों की समझ विकसित करनी होगी, बहुभाषी होने से आत्मविश्वास और बेहतर संवाद के साथ आपके व्यवहार के सकारात्मक परिणाम भी आते है जो समस्या समाधान का विकास भी करती है।

भाषाई विकास एक ओर कैरियर, व्यापार, यात्रा एवं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विद्यार्थी की सफलता का निर्धारण करती है वहीं दूसरी ओर कैरियर ग्रोथ में भी सहायक सिद्ध होती है।

विद्यार्थी अपने बायोडाटा में अन्य भाषाओं की जानकारी देकर अपने चयनित होने की सम्भावनाओं को बढ़ा सकते है। एक शिक्षक के रूप में मैंने स्वयं भी इसे महसूस किया जब कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आँध्रप्रदेश बंगाल, ओडिशा, मणिपुर प्रवास के दौरान स्थानीय भाषा में संवाद कर लोगों का अपनापन एवं स्थानीय शिक्षिकों से स्नेह प्राप्त किया। नौकरी हेतु साक्षात्कार पैनल में भी उन अभ्यार्थियों को चयन में वरीयता दी जाती है, जिन्हें अपनी मातृभाषा के अलावा अन्य भाषाओं का भी ज्ञान होता है। अतः उपरोक्त विश्लेषण यह उचित प्रतीत होता है कि लिपि निर्धारकों, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में त्रिभाषा फॉर्मूला लागू करने हेतू एक उचित वातावरण तैयार कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रमुखता दी जानी चाहिए।

आज के तकनीकी विकास के युग में घर बैठ कर विभिन्न भाषाओं को एप्स के माध्यम से किया जा सकता है। महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की पेयरिंग/गठबंधन हिंदी/अहिंदी विद्यार्थियों के साथ एवं मेन्टरिंग (भाषाविद के द्वारा) की जा सकती है। स्किल कोर्स के साथ बहुभाषा का समावेश कर शिक्षा को और भी ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है।

**(लेखक हिमाचल केंद्रीय विश्वविद्यालय में वरिष्ठ प्रोफेसर हैं।)**

कलम से...



आनन्द प्रकाश गुप्ता

**पिछले अंकों में आपने पढ़ा**

1- सुप्रीम कोर्ट का टीईटी अनिवार्यता पर फैसला : आखिर शिक्षकों की क्या गलती थी?
2- पोस्टमार्टम : टीईटी विवाद में आखिर दोषी कौन?

# टीईटी अनिवार्यता: अब संघर्ष नहीं, संवाद ही सही रास्ता



सुप्रीम कोर्ट के अंतिम निर्णय के बाद शिक्षकों के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आगे का रास्ता क्या हो? वर्तमान में शिक्षकों के बीच दो विचार दिखाई दे रहे हैं– संघर्ष और संवाद। अधिकांश शिक्षक संवाद को अधिक व्यावहारिक और प्रभावी विकल्प मान रहे हैं।

आम शिक्षक अपनी सेवा और भविष्य की सुरक्षा चाहता है। वर्षों के आंदोलनों और प्रयासों के बाद भी अपेक्षित समाधान न मिलने से वह अब अपनी बात सीधे निर्णयकताओं तक पहुंचाने के पक्ष में दिखाई दे रहा है। उसका मानना है कि यदि प्रशासनिक अस्पष्टता और सरकारी स्तर पर संचार की कमी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है, तो समाधान में भी सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए।

शिक्षकों के मन में कुछ ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनकी बात केंद्र सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकती है–

1-श्रीमती द्रौपदी मुर्मू - राष्ट्रपति
2-श्री नरेंद्र मोदी - प्रधानमंत्री
3-श्री मोहन भागवत - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक
4-श्री अमित शाह - केंद्रीय गृहमंत्री
5-श्री धर्मेंद्र प्रधान - केंद्रीय शिक्षा मंत्री
6-श्री शुभेन्दु अधिकारी - मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल
7-श्री चंद्रबाबू नायडू - मुख्यमंत्री, आंध्र प्रदेश
8-श्री योगी आदित्यनाथ - मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

राष्ट्रपति महोदया के समक्ष यह तथ्य रखा जा सकता है कि वर्ष 2017 में हुए संशोधनों और निदेशों का प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं हुआ, जिसके कारण बड़ी संख्या में शिक्षक वर्षों तक अनिश्चितता की स्थिति में कार्य करते रहे। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व के समक्ष यह पक्ष रखा जा सकता है कि यदि यह संकट प्रशासनिक चूक और अस्पष्टता का परिणाम है, तो इसके समाधान के लिए भी सरकार को मानवीय और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। श्री शुभेन्दु अधिकारी ने पूर्व में भी शिक्षकों से जुड़े मुद्दों को केंद्र सरकार के समक्ष उठाया है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री होने के नाते उनकी पहल इस विषय को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता दिला सकती है। श्री चंद्रबाबू नायडू राष्ट्रीय राजनीति के प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते हैं। केंद्र सरकार में उनकी भूमिका और प्रभाव को देखते हुए शिक्षक उनसे इस विषय को गंभीरता से उठाने की अपेक्षा रखते हैं। श्री योगी आदित्यनाथ देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, जहां इस निर्णय से बड़ी संख्या में शिक्षक प्रभावित हैं। शिक्षकों का मानना है कि यदि राज्य सरकार इच्छाशक्ति दिखाए तो वह अपने प्रदेश के शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण कराने के लिए विशेष व्यवस्था या आवश्यक पहल कर सकती है, जैसा कि अन्य राज्यों में भी विभिन्न अवसरों पर व्यावहारिक समाधान खोजे गए हैं। आज आवश्यकता भावनात्मक प्रतिक्रिया की नहीं, बल्कि सुविचारित रणनीति की है। यदि शिक्षकों की बात तथ्यों, संवैधानिक तर्कों और व्यावहारिक सुझावों के साथ निर्णयकताओं तक पहुंचती है, तो समाधान की संभावनाएं अधिक मजबूत हो सकती हैं। इसलिए वर्तमान समय में संवाद के सभी द्वारों को पूरी गंभीरता से खटखटाना आवश्यक है।

संवाद का अर्थ समर्पण नहीं, बल्कि समाधान की दिशा में सार्थक पहल है। जब न्यायिक प्रक्रिया अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुकी हो, तब लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवाद ही वह माध्यम बनता है जो नीति-निमार्ताओं को परिस्थितियों की वास्तविकता से अवगत करा सकता है।

**(क्रमशः)**

**अगले अंकों में–**

**1- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद : किसने रचा था यह षड्यंत्र?**
**2- संघर्ष : किसके विरुद्ध, क्यों, कब, कहां और कैसे?**

# यह कैसा समाज है, जिसमें अदालतें समझाएं रिश्तों का धर्म

किसी भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी ऊँची इमारतों, चमकती सड़कों, आर्थिक प्रगति या तकनीकी उपलब्धियों से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों, माता-पिता और निर्बल वर्ग के प्रति कितना संवेदनशील है। लेकिन आज का सबसे पीड़ादायक प्रश्न यही है कि जिस भारत ने मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः का उद्घोष किया, जिस धरती से वसुधैव कुटुम्बकम् का विचार पूरी दुनिया में पहुँचा, उसी भूमि पर आज माता-पिता को अपने ही घर में सम्मान और आश्रय पाने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। हाल के वर्षों में देश की अदालतों में ऐसे मामलों की संख्या बढ़ी है, जहाँ वृद्ध माता-पिता को अपने ही बच्चों से संरक्षण, भरण-पोषण, रहने की व्यवस्था और संपत्ति पर अधिकार के लिए न्यायिक हस्तक्षेप लेना पड़ा। कहीं बेटे को अदालत यह निर्देश दे रही है कि वह अपनी वृद्ध मां को घर में एक कमरा, अलग स्नानघर और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए, तो कहीं दुर्व्यवहार करने वाली संतान को माता-पिता की संपत्ति से बेदखल करने के आदेश दिए जा रहे हैं। यह केवल कानूनी घटनाएँ नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक और नैतिक पतन की वे चेतावनियाँ हैं जो भविष्य के भारत की तस्वीर पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही हैं। वास्तव में यह अत्यंत विडंबनापूर्ण है कि जिस मां ने नौ महीने गर्भ में रखकर संतान को जीवन दिया, जिसने अपना रक्त, ममता और त्याग देकर उसे पाला, उसी मां को अपने ही घर में रहने के लिए न्यायालय की शरण लेनी पड़े। जिस पिता ने अपने पसीने और परिश्रम से घर बनाया, बच्चों का भविष्य संवारा, वृद्धावस्था में उसी घर में उसके अधिकार के लिए अदालत को हस्तक्षेप करना पड़े, यह स्थिति केवल व्यक्तिगत कृतघ्नता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनाओं के क्षरण का प्रमाण है। यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारत विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आर्थिक विकास, डिजिटल क्रांति, स्मार्ट शहर, वैश्विक नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की बातें हो रही हैं। लेकिन यदि घर के किसी कोने में बैठे वृद्ध माता-पिता अकेलेपन, उपेक्षा और अपमान का जीवन जी रहे हों, तो क्या यह विकास पूर्ण माना जा सकता है? यदि हमारे बुजुर्ग अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए भी दूसरों पर निर्भर और उपेक्षित हो जाएँ, तो हमारी सारी उपलब्धियाँ खोखली प्रतीत होती हैं। आज की सबसे बड़ी चुनौती केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक निर्धनता की है। नई पीढ़ी का एक बड़ा वर्ग आत्मकेंद्रित होता जा रहा है।

# वनखंडी महादेव ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



फीता काट के कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि अजय मौर्य जिला पंचायत अध्यक्ष (उधम सिंह नगर)। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** चकरपुर बन्दा क्षेत्र में आयोजित वनखंडी महादेव ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि अजय मौर्य जिला पंचायत अध्यक्ष उधम सिंह नगर द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि मौर्य ने क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल के प्रति जागरूक होने के लिए कहा। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही खेल के प्रति अनेक योजनाओं की जानकारियां दी और युवाओं को जागरूक होने और नशे से दूर रहने के लिए कहा। साथ ही कॉमनवेल्थ गेम में प्रतिभा करने वाले महतगांव (खटीमा) मुक्केबाज कपिल पोखरिया के पिताजी नरेंद्र सिंह पोखरिया को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों एवं युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया गया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना एवं युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना है। अंतिम

- **स्पोर्ट्स क्लब चकरपुर को हरा संजू हंटर विजयी**

मुकाबला संजू हंटर और स्पोर्ट्स क्लब चकरपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर संजू हंटर ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने सात ओवरों में स्पोर्ट्स क्लब चकरपुर को 100 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पोर्ट्स क्लब चकरपुर की टीम 75 रन पर ढेर हो गई। इस प्रकार संजू हंटर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट का फाइनल मैच अपने नाम कर लिया। आयोजन समिति ने क्षेत्र की सभी क्रिकेट टीमों एवं खेल प्रेमियों और आए सभी दर्शकों का धन्यवाद किया। टूर्नामेंट के आयोजन में अध्यक्ष सुरेश चंद (उपग्राम प्रधान), किशन चन्द (कुक्कू), सूरज सिंह गुसाईं, सूरज चंद, दीपक यादव, गोविन्द सिंह धामी, विकास कापड़ी, विकास जोशी, शुभम खनका सहित समिति के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। वहां मौजूद अतिथियों मैं सतीश भट्ट, भवानी भंडारी, राकेश बिष्ट, किशन चंद (कुक्कू), गणेश जोशी, सोमनाथ मौर्य, अज्जू थापा, अनिल चंद, रोहन चंद, नरेंद्र बिष्ट, पूरन जोशी, मनोहर सिंह बीज, एडवोकेट हर्ष बहादुर सिंह (बॉबी) आदि लोग मौजूद थे।

## सार संक्षेप

### आदित्य ने 1875 वीं रैंक हांसिल कर जे ईई एडवांस में सफलता पाई



आदित्य।

**खटीमा।** ऑल इंडिया जे ईई एडवांस में खटीमा के आदित्य सिंघल ने 1875वीं रैंक हांसिल कर सफलता प्राप्त की है। आदित्य ने इसी साल सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल सितारगंज से 92.6% अंक हांसिल कर इंटर परीक्षा उत्तीर्ण की है। आदित्य सिंघल के पिता नवीन सिंघल नगर के एक व्यवसायी हैं। आदित्य की इस सफलता पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

### रा.इं.का. बग्घा-54 में समर कैंप का सफल समापन

**खटीमा।** दूरस्थ गांव बग्घा-54 के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का आज हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ शानदार समापन हो गया। इस सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने खेल-खेल में आने को नई कलाएं और कौशल को सीखा तथा अपने उत्साह और ऊर्जा को लगातार बनाए रखा। इस समर कैंप के समापन अवसर पर ग्राम प्रधान रमेश चंद्र बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।बच्चों ने क्विज, कहानी, कविता, गायन, पेंटिंग, नृत्य और संगीत की शानदार, आकर्षक और भव्य प्रस्तुतियों से कैंप के वातावरण को रोचक बनाए रखा। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। वहीं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी भीम प्रकाश ने बंगाली गीतों पर अपनी शानदार और मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं शिविर के अंतिम दिवस पर सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। समर कैंप के समापन अवसर पर किशोर कुमार, अतुल राठौर, गोविंद चंद, लीला खोलिया तथा इशिता सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### एयरपोर्ट पर 13 करोड़ का हाइड्रोपोनिक गांजा पकड़ा गया, चॉकलेट के पैकेट में लाया था यात्री

**लखनऊ।** एयरपोर्ट पर सोमवार को मस्कट से आए यात्री के पास से 13 करोड़ रुपये का 13 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया। आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह नशीला पदार्थ यात्री के जमा सामान में चॉकलेट के पैकेटों के भीतर छिपाया गया था। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने एक जून को मस्कट से लखनऊ पहुंची उड़ान डब्ल्यूवाई-265 के यात्रियों की जांच के दौरान यह बरामद किया।

### शिक्षामित्रों ने जून में मानदेय देने पर दिया जोर, सीएम का जताया आभार, करेंगे पौधरोपण



**लखनऊ।** शिक्षामित्रों ने कहा कि सरकार जल्द जून के मानदेय के संकट को हल करे। आदेश के बाद भी शिक्षामित्रों की मूल विद्यालय वापसी और महिला शिक्षामित्रों को उनके ससुराल के पास जिलों में तबादला नहीं हो रहा है। उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत लगभग 1.42 लाख शिक्षामित्रों को जून में गर्मी की छुट्टियों में स्कूल बंद होने से मानदेय नहीं मिलता है। राजधानी में मंगलवार को हुई उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की प्रांतीय बैठक में इसकी तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया। शिक्षामित्रों ने कहा कि सरकार जल्द जून के मानदेय के संकट को हल करे। प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला ने कहा कि आदेश के बाद भी शिक्षामित्रों की मूल विद्यालय वापसी और महिला शिक्षामित्रों को उनके ससुराल के पास जिलों में तबादला नहीं हो रहा है। इसका जल्द समाधान निकाला जाए।

# यूपी के पशुपालन मंत्री बोले-योगी राज में गाय को देखकर कांप रहे कसाई!

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कर दिया है कि" गाय हमारी माता है, कोई पशु नहीं', इसलिए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की सोच ही खराब है। गाय की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर यूपी सरकार का रुख स्पष्ट है। यूपी के पशुपालन विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने अब गाय के मुद्दे पर विपक्षी दल सपा को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि, "सपा सरकार में कसाई को देखकर गाय कांपती थी, लेकिन आज गाय को देखकर कसाई कांप रहे हैं।" इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब कसाई खुद ये मांग उठा रहे हैं कि, गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए।

पशुपालन मंत्री के मुताबिक, राज्य में करीब 7500 गौशालाएं हैं-इनमें 14 लाख गाय रखी गई हैं। सपा सरकार में जहां गायों के चारे के लिए 30 रुपये मिलते थे, वहां अब 50 रुपये दिए जा रहे हैं।

सपा सरकार में हालत ये थी कि, व्यक्ति खुद तो बाहर सोता था, लेकिन पशुओं की रखवाली ताला लगाकर करता था। आज देख लीजिए। कसाई खुद ये मांग उठा रहे हैं कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करो। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश-प्रदेश को साफ संकेत दिया है। गाय पूरे राष्ट्र की माताएं हैं। पशु नहीं जो राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। गाय की सुरक्षा और संरक्षण सरकार की प्राथमिकता में है और उसी पर काम कर रहे हैं।

पश्चिम बंगाल में बकरीद के बाजार से कुछ तस्वीरें सामने आईं। बकरों के साथ लोग गायों को भी बेचने पहुंचे थे। चूंकि बंगाल में भाजपा सरकार बनते ही सख्ती के साथ गौ-वध पर प्रतिबंधित लागू कर दिया गया। मुस्लिम सजा के लोगों ने गाय खरीदने से इनकार कर दिया। तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं तो इस पर बहस छिड़ गई। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की आवाज उठाई। इस तर्क के साथ कि देश की बहुसंख्यक आबादी गाय को पवित्र और मां के समान मानती है। इसलिए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर दिया जाए। इससे गोकशी के नाम पर होने वाली हिंसा भी थम जाएगी।

जमीयत के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की तरफ से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठाए जाने के बाद ये मामला सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा। एक बड़ा वर्ग इसके समर्थन में आवाज उठाने लग गया।

पिछले कई दिनों से गाय के मुद्दे पर छिड़ी बहस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिजनौर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कड़ा संदेश दिया। उन्होंने साफ किया कि गाय को हम माता मानते हैं और मां को किसी दर्जे की जरूरत नहीं है। जिन लोगों की सोच ही पशुवत है-वही ऐसी मांग उठा रहे हैं। लखनऊ स्थित शिया शिया मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैयद अब्बास ने सीएम योगी आदित्यनाथ के बयान पर कहा, "देखिए, गाय आपकी माता है, जो मुख्यमंत्री जी ने फरमाया है। मैं समझता हूं कि, बिल्कुल सही है। माता होने की वजह से हम यह बात कह रहे हैं कि, इसकी हत्या पर पूरे देश में रोक लगनी चाहिए। हम इसी वजह से मांग कर रहे हैं, क्योंकि हमारे जो हिंदू भाई हैं, जो देश में 100 करोड़ हिंदुओं की आबादी है, उनकी आस्था का अगर ख्याल न रखा जाए, तो एक देशवासी होने के नाते मैं समझता हूं कि यह अफसोसनाक है..."



# लखनऊ में सिटी ट्रांसपोर्ट के संविदा परिचालकों का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** निजी फर्म में समायोजन के विरोध में लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड में तैनात सैकड़ों संविदा परिचालकों ने मंगलवार को हज़रतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे परिचालकों का आरोप है कि उन्हें परिवहन विभाग से हटाकर निजी कंपनी एसएस एंटरप्राइजेज में समायोजन किया जा रहा है। इसके विरोध में संविदा परिचालकों ने जमकर नारबाजी की। इसके बाद पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया।

संविदा परिचालकों का कहना है कि उनकी भर्ती साल 2021 में लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (LCTSL) में संविदा पर की गई थी और पिछले करीब पांच सालों से वे नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हाल ही में उन्हें सूचना दी गई कि उनका समायोजन निजी कंपनी एसएस एंटरप्राइजेज में किया जा रहा है। साथ ही संविदा परिचालकों से आवश्यक अभिलेख जमा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रदर्शन कर रहे संविदा परिचालकों का कहना है कि वे लंबे समय से बिना किसी अवरोध के दिन-रात बस चलाकर सेवा दे रहे हैं। कोरोना महामारी के समय भी सेवाएं जारी रखीं, त्योहारों पर एक्स्ट्रा ड्यूटी की, लेकिन आज उन्हें बिना किसी सुरक्षा के निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। इससे उनकी नौकरी की स्थिरता, वेतन संरचना, पेंशन, मेडिकल सुविधा और पारिवारिक जिम्मेदारियों पर सीधा असर पड़ेगा।

# पीसीएस में परचम लहराकर अंजली चंद ने बढ़ाया टनकपुर का मान, सफलता से क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टनकपुर/चम्पावत।** टनकपुर की प्रतिभाशाली बेटी अंजली चंद ने उत्तराखंड पीसीएस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सहायक नगर आयुक्त पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण किसी भी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। ककरालीगेट, टनकपुर निवासी अंजली चंद की सफलता की खबर सामने आते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने इसे टनकपुर के लिए गर्व का क्षण बताते हुए अंजली और उनके परिवार को बधाइयों से सराबोर कर दिया। उनके निवास पर शुभचिंतकों, सामाजिक संगठनों और परिचितों का लगातार पहुंचना जारी है। वर्तमान में अंजली चंद अल्मोड़ा जिले के लमगड़ा में उपखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। सरकारी सेवा में रहते हुए उन्होंने पीसीएस जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर यह दिखा दिया कि लगन और अनुशासन के साथ किसी भी चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है। अंजली ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा टनकपुर के सेंट फ्रांसिस स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट की शिक्षा नौजे पब्लिक स्कूल, खटीमा से पूरी की तथा उच्च शिक्षा एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा से हासिल की। शिक्षा के हर चरण में उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा और उन्होंने हमेशा बड़े लक्ष्य को सामने रखकर मेहनत की। अंजली के पिता प्रकाश चंद सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने के साथ व्यवसाय से जुड़े हैं, जबकि उनकी माता दीपा चंद गृहिणी हैं। परिवार के संस्कार, सहयोग और प्रोत्साहन ने उनकी सफलता की नींव को मजबूत किया। उनके चाचा धर्मेंद्र चंद पत्रकारिता, शिक्षा और विधि क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, जबकि बसंत राज चंद नगर पालिका में वरिष्ठ लिपिक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। अपनी सफलता पर अंजली चंद ने कहा कि कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच और परिवार का अटूट समर्थन उनके जीवन की सबसे बड़ी ताकत रहा है।

# ऊंची महुवट, संथना, चांदा व मुंडेली के ग्रामीण पालिका अध्यक्ष से मिले

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर के मध्य भाग से होकर ग्रामीण क्षेत्र में बहने वाले मुकरान नाले व खकरा नदी की सफाई की मांग को लेकर ग्राम ऊंची महूवट, संथना, चांदा व मुंडेली सहित आसपास के ग्रामीण नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी से उनके आवास पर मिले।

ग्रामीणों ने नगर के खकरा तथा मुकरान नाले की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र से होकर यूपी की तरफ बहने वाले नदी एवं नाले की तलीझाड़ सफाई की मांग की। ग्रामीण जनता ने पालिका अध्यक्ष जोशी को यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में बहने वाले नाले का पानी बेहद प्रदूषित रहता है। इनमें नगर के कारखानों का केमिकल युक्त प्रदूषित पानी बहता है। जो उनकी फसल को नुकसान पहुंचता है। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी से उनके आवास पर मिले नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में कई विकास कार्य संपन्न कराए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में बहने वाले नाले एवं नदी की सफाई भी इसी तर्ज पर कराई जाए । वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बत्रा ने इस दौरान सीसी रोड निर्माण की मांग की। मुकरान नाले व खाकरा नदी की सफाई के लिए ग्रामीण जनता ने नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र कार्रवाई की मांग की। पालिका अध्यक्ष जोशी ने नालों की सफाई के साथ ही अन्य विकास कार्य संपन्न कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दीपक सामंत, पूरन सिंह , जीवन सिंह, हयात सिंह अधिकारी आदि मौजूद थे।

# चाकू दिखाकर 15 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म, पूरी रात बनाया बंधक; सुबह बदहवास मिली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** लखनऊ के जानकीपुरम इलाके में मानसिक रूप से कमजोर 15 वर्षीय किशोरी को एक निर्माणाधीन मकान में केयरटेकर दिनेश व किरायेदार ने बंधक बनाकर पूरी रात सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपियों ने किशोरी को चाकू दिखाकर धमकाया। मंगलवार सुबह किशोरी उक्त मकान से बदहवास हालत में निकली तो लोगों को घटना का पता चला।

परिजनों व स्थानीय लोगों ने आरोपी दिनेश को मकान के अंदर से ही पकड़ लिया। उसकी जमकर धुनाई कर दी। आरोपी किरायेदार वहां से भाग निकला। घायल दिनेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में



एफआईआर दर्ज की है।

इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी के मुताबिक, किशोरी सोमवार शाम करीब आठ बजे घर से टहलने निकली थी। इसके बाद वह लापता हो गई। वह जब काफी देर बाद तक वह वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।पुलिस को भी सूचना दी गई। पीड़िता के पिता ने बताया कि परिवार के सदस्य रात भर उसे ढूंढते रहे पर कुछ पता नहीं चल सका मंगलवार सुबह करीब पांच बजे घर से 600 मीटर दूर एक निर्माणाधीन से किशोरी को एक महिला ने निकलते देखा।

महिला किशोरी को घर लेकर पहुंची। किशोरी के कपड़े देखकर पीड़ित परिवार को बेटी के साथ कुछ गलत होने की आशंका हुई। किशोरी के शरीर पर मौजूद कुर्ता व सलवार उल्दा था।

घरवालों ने जब किशोरी से बातचीत की तो उसने बताया कि सोमवार रात दिनेश उसको साइकिल से अपने साथ निर्माणाधीन मकान ले गया था। वहां पर उसने उसको बंधक बनाया और दिनेश व उसके साथी ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। किशोरी की पूरी बात सुनकर परिजन व मोहल्ले के लोग उक्त निर्माणाधीन मकान पहुंचे। घर में मुख्य आरोपी दिनेश मौजूद था। उसको देखते ही लोगों भड़क उठे और पकड़ कर उसकी जमकर पिटाई कर दी।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डीजीपी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** सिपाही नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा को लेकर अफसरों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं साथ ही कहा गया है कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उत्तर प्रदेश में 32,679 सिपाही नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए 8 से 10 जून तक लिखित परीक्षा होगी। मुख्य सचिव एसपी गोयल और डीजीपी राजीव कृष्ण ने यह परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी मंडलायुक्तों, डीएम तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से कहा कि इसमें किसी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। सभी अधिकारी गंभीरता से अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करें। मुख्य सचिव ने कहा कि परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता एवं पारदर्शिता के लिए पूरी सावधानी बरती जाए। सभी स्ट्रांग रूम के सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रहें। भर्ती बोर्ड लाइव फीड के माध्यम से सतत निगरानी करे। नोडल अधिकारी (प्रशासन) की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि निर्धारित सीरीज की गोपनीय सामग्री ही परीक्षा केंद्रों को उपलब्ध कराए। केंद्रों पर तैनात सभी कर्मियों का सत्यापन करें।

**मामला** रजिस्ट्री पर उठे सवाल, पैमाइश की मांग तेज, भूमि विवाद ने बढ़ाई गांव की चिंता

# 6 साल पुराने भूमि विवाद का पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में भी नहीं निकला समाधान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**टनकपुर।** क्षेत्र में पिछले छह वर्षों से चला आ रहा भूमि विवाद अब भी समाधान की राह देख रहा है। मंगलवार को तहसील प्रशासन और पुलिस बल की मौजूदगी में मामले का निस्तारण करने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बनने के कारण विवाद एक बार फिर अधर में लटक गया। मामले को लेकर गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, यह विवाद वर्षों से दो पक्षों के बीच चला आ रहा है। पूर्व में भी प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया गया था, लेकिन कुछ समय बाद विवाद दोबारा उभर आया। अब पीड़ित पक्ष का आरोप है कि लंबे समय से न्याय न मिलने के कारण उन्हें मानसिक, सामाजिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता जमीला का कहना है कि वह पिछले लगभग 70 वर्षों से संबंधित भूमि पर निवास कर रही हैं, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में उन्हें अपनी जमीन पर अधिकार खोने का भय सता रहा है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अमजद भाई ने भी कई गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जब आसपास के मकान निर्धारित सीमा से पीछे बने हुए हैं तो संबंधित प्लॉट की रजिस्ट्री आगे कैसे हो गई। उन्होंने रजिस्ट्री प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यह पता लगाया जाना चाहिए कि रजिस्ट्री के समय अधिकारियों ने मौके पर जमीन की पैमाइश की थी या केवल मौखिक जानकारी के आधार पर दस्तावेज तैयार किए गए। उन्होंने कहा कि यदि भूमि का वास्तविक मापन और अभिलेखों का मिलान नहीं हुआ है तो इससे न केवल पीड़ित पक्ष बल्कि जमीन खरीदने वाले व्यक्ति को भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। खरीदार ने 30 फुट भूमि का मूल्य चुकाया है, जबकि दूसरी ओर वर्षों से रह रही महिला को अपनी जमीन कम होने की आशंका है। ऐसे में पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच आवश्यक प्रतीत होती है।

मंगलवार को प्रशासनिक टीम और पुलिस बल की मौजूदगी के बावजूद कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकल सका, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। अब पूरे क्षेत्र की निगाहें तहसील प्रशासन के आगामी निर्णय पर टिकी हैं। लोगों को उम्मीद है कि राजस्व अभिलेखों, मौके की पैमाइश और सभी पक्षों की सुनवाई के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई कर विवाद का स्थायी समाधान निकाला जाएगा, ताकि वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे पक्षों को राहत मिल सके और क्षेत्र में शांति बहाल हो सके।

# रा.इं.का. बग्घा-54 में समर कैंप का सफल समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

- **ऐसे शिविर बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है- प्रधानाचार्य**




**खटीमा।** दूरस्थ गांव बग्घा-54 के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का आज हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ शानदार समापन हो गया। इस सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने खेल-खेल में आने को नई कलाएं और कौशल को सीखा तथा अपने उत्साह और ऊर्जा को लगातार बनाए रखा।

इस समर कैंप के समापन अवसर पर ग्राम प्रधान रमेश चंद्र बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।बच्चों ने क्विज, कहानी, कविता, गायन, पेंटिंग, नृत्य और संगीत की शानदार, आकर्षक और भव्य प्रस्तुतियों से कैंप के वातावरण को रोचक बनाए रखा। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। वहीं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी भीम प्रकाश ने बंगाली गीतों पर अपनी शानदार और मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

वहीं शिविर के अंतिम दिवस पर सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। समर कैंप के समापन अवसर पर किशोर कुमार, अतुल राठौर, गोविंद चंद, लीला खोलिया तथा इशिता सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पांचवें बड़े मंगलवार पर जगह-जगह सजे भंडारे


बड़े मंगलवार पर शरबत बांटते लोग। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जेठ मास के पांचवें बड़े मंगलवार पर शहर में हनुमान भक्तों ने विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया। पंचमुखी हनुमान मंदिर, चावला चौराहा, स्टेशन रोड, छतरी चौराहा, मोतीराम चौराहा और गोदान हॉस्पिटल के पास श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी और मीठे शरबत का प्रसाद वितरित किया गया।

भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं और सेवादारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिनभर शहर में बजरंगबली के जयकारे गूंजते रहे और लोगों ने धार्मिक उत्साह के साथ सेवा कार्य में भाग लिया।

# वायरल पशु वध वीडियो पर हिन्दू महासभा का ज्ञापन, जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


पशु वध के खिलाफ ज्ञापन देते हिंदू महासभा के लोग। –जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** केजीएन कॉलोनी स्थित एक राजनीतिक कार्यालय में कथित पशु वध के वायरल वीडियो को लेकर अखिल भारत हिन्दू महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। संगठन ने वीडियो की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से जनभावनाएं प्रभावित हुई हैं और क्षेत्र में रोष व्याप्त है। संगठन ने वीडियो की सत्यता, घटना के स्थान, समय और परिस्थितियों की जांच कर वास्तविक तथ्य सार्वजनिक करने की मांग की है। हिन्दू महासभा ने संबंधित परिसर के सार्वजनिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि वहां ऐसी घटना हुई है तो उसके सामाजिक प्रभावों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। साथ ही कुछ व्यक्तियों पर पूर्व में लगे भूमि विवाद, नजूल भूमि, शत्रु संपत्ति और आय से अधिक संपत्ति संबंधी आरोपों की भी जांच कराने की मांग उठाई गई है। संगठन ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई कर सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और भविष्य में ऐसी विवादित घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपेक्षा जताई है।

## सार संक्षेप

### जनगणना के लिए सहायता नियंत्रण कक्ष स्थापित

**पीलीभीत।** जनगणना-2027 के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जनपद स्तरीय जनगणना सहायता नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसका हेल्पलाइन नंबर 05882-254116 जारी किया गया है, जो जनगणना प्रक्रिया पूरी होने तक लगातार संचालित रहेगा। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी के निर्देशानुसार नियंत्रण कक्ष दो पालियों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक तथा शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक कार्य करेगा। शिकायतों के निस्तारण और समन्वय के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि जनगणना संबंधी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या ड्यूटी में अनुपस्थिति पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### माटीकला कारीगरों को मिलेगा नि:शुल्क विद्युत चालित चाक, 8 जून तक करें आवेदन

**पीलीभीत।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमेघ सिंह ने बताया कि वर्ष 2026-27 की माटीकला नि :शुल्क टूलकिट वितरण योजना के तहत परंपरागत माटीकला कारीगरों को नि :शुल्क विद्युत चालित चाक उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के पात्र कारीगरों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक 8 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, पीलीभीत या दूरभाष संख्या 9580503168 पर प्राप्त की जा सकती है।

### पीएम स्वनिधि योजना का विशेष अभियान शुरू

**पीलीभीत।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना की पहुंच बढ़ाने के लिए 1 जून से 30 जून 2026 तक जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसकी जानकारी उप जिलाधिकारी (न्यायिक)/परियोजना अधिकारी पवन कुमार सिंह ने दी। अभियान के तहत जनपद स्तर पर स्वनिधि महोत्सव, नगर निकाय स्तर पर लोक कल्याण मेले तथा सेंसेस टाउन ललौरीखेड़ा में स्वनिधि कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण, क्रेडिट कार्ड, डिजिटल सशक्तिकरण, वित्तीय साक्षरता और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की सुविधा मिलेगी। अभियान का उद्देश्य योजना की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार, लंबित ऋणों का वितरण, नए ऋण आवेदनों को प्रोत्साहन, स्वनिधि से समृद्धि योजना के लाभार्थियों की प्रोफाइलिंग तथा वेंडर्स को क्रेडिट कार्ड उपयोग का प्रशिक्षण देना है।जिलाधिकारी ने नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों और ललौरीखेड़ा के खंड विकास अधिकारी को अभियान का नोडल अधिकारी नामित किया है। योजना से वंचित सभी फुटपाथ विक्रेता 30 जून तक अपने संबंधित नगर निकाय या ललौरीखेड़ा में आयोजित शिविरों में पहुंचकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### दिव्यांगजनों को खेल, कला और इलाज के लिए मिलेगी आर्थिक सहायता

**पीलीभीत।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि खेल, ललित कला, संगीत, नृत्य, फिल्म, थियेटर और साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांगजनों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग के लिए राज्य निधि से वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके अलावा बेंचमार्क दिव्यांगजनों को उच्च सहायता उपकरण खरीदने तथा कैंसर, थैलेसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया और मल्टीपल स्क्लेरोसिस जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु भी आर्थिक सहायता का प्रावधान है। इच्छुक दिव्यांगजन आवेदन एवं जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, पीलीभीत से संपर्क कर सकते हैं।

# शारदा नदी का जलस्तर बढ़ाने से लोगों में मची खलवली

- बनबसा बैराज से छोड़ा गया आठ हजार क्यूसेक पानी

जागरण मोर्चा, कार्यालय


शारदा नदी पर बना पैंटून पुल। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** शारदा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जलस्तर बढ़ने के चलते बनबसा बैराज से मंगलवार को करीब आठ हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। पिछले कुछ दिनों से नेपाल और तराई क्षेत्र में हो रही वर्षा के कारण शारदा नदी में पानी की आवक बढ़ गई है। इसके चलते बनबसा बैराज से नियंत्रित रूप से लगभग आठ हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। हालांकि वर्तमान में स्थिति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन नदी के जलस्तर में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव को देखते हुए विभाग सतर्क बना हुआ है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी किसी प्रकार के खतरे की स्थिति नहीं है, लेकिन नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। विभाग द्वारा नदी के जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर संबंधित गांवों को समय रहते सूचना दी जाएगी। नदी किनारे बसे गांवों के लोगों ने बताया कि बरसात के मौसम में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से कटान और जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। प्रशासन और सिंचाई विभाग की ओर से समय-समय पर जानकारी मिलने से लोगों को राहत मिलती है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी के किनारे अनावश्यक रूप से न जाएं और बच्चों को भी नदी के पास जाने से रोकें। साथ ही किसी भी आपात स्थिति की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं।

# बाघ के हमले में घायल को दो माह बाद सहायता राशि

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के मुरैना गांधीनगर निवासी भारत दो माह पूर्व बाघ के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। करीब दो माह बाद वन विभाग की ओर से दस हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। मालूम हो कि दो माह पहले भारत अपने कार्य से बाहर गए थे। तभी अचानक बाघ ने उन पर हमला कर दिया था। शोर-शराबा सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह उन्हें बाघ के चंगुल से छुड़ाया था। गंभीर रूप से घायल भारत कुमार को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना है कि बाघ के हमले के कारण भारत कुमार लंबे समय तक काम करने की स्थिति में नहीं रहे। मंगलवार को करीब दो माह बाद बन बिभाग की ओर से पहुंचे अधिकारियों ने दस हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। परिवार का कहना है कि सहायता राशि मिलने से कुछ राहत जरूर मिली है। लेकिन उन्होंने वन विभाग से शीघ्र और पर्याप्त मुआवजा दिलाने की मांग भी की है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद शासन की निर्धारित व्यवस्था के तहत 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए और जंगल से सटे गांवों में गश्त बढ़ाकर बाघों की गतिविधियों पर नजर रखी जाए।इस दौरान ललित कुमार,मुकेश सहित कई मौजूद रहे।

# लेखपाल को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन लेखपाल को हटाने की मांग

जागरण मोर्चा, कार्यालय


प्रदर्शन करते किसान। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव भगवंतापुर ता.घुंघचाई क्षेत्र और गोपालपुर के किसानों ने मंगलवार को क्षेत्रीय लेखपाल के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन किया। किसानों ने लेखपाल पर कार्यों में लापरवाही बरतने, ग्रामीणों की समस्याओं का समय पर निस्तारण न करने तथा राजस्व संबंधी मामलों में अनावश्यक परेशान करने के आरोप लगाए।

नाराज किसानों ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि क्षेत्र में भूमि संबंधी मामलों, विरासत, खतौनी संशोधन, पैमाइश और अन्य राजस्व कार्यों को लेकर ग्रामीणों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेखपाल की कार्यशैली के कारण आम लोगों को बार-बार तहसील और सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कई बार अधिकारियों को मौखिक और लिखित रूप से शिकायतें भी दी गईं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। किसानों का आरोप है कि राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में अनावश्यक देरी की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग कि गई है कि क्षेत्रीय लेखपाल हटाया जाए। एसडीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों की गंभीरता से जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे,उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# बिना मान्यता संचालित मदरसा पकड़ा गया, संचालक गिरफ्तार

**जागरण मोर्चा कार्यालय, पीलीभीत।** थाना दियोरिया कला क्षेत्र के ग्राम भगौतीपुर में बिना वैध मान्यता और पंजीकरण के संचालित किए जा रहे एक मदरसे पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संचालक को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव में फूस के अस्थायी छप्पर के नीचे बच्चों को बैठाकर मदरसा चलाया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच के दौरान संचालक कमरुल हसन से मदरसे की मान्यता, पंजीकरण, भूमि अभिलेख और फायर एनओसी से संबंधित दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका।

उपनिरीक्षक संजय कुमार की तहरीर पर थाना दियोरिया कला में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने नामजद आरोपी कमरुल हसन को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की जांच जारी है।

# शिक्षक स्नातक चुनाव को लेकर भाजपा की जिला बैठक संपन्न


शिक्षक स्नातक चुनाव बैठक में भाग लेते भाजपा पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर शिक्षक स्नातक चुनाव को लेकर जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक में बरेली-मुरादाबाद शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ. हरी सिंह ढिल्लो मुख्य अतिथि तथा विधान परिषद सदस्य महाराज सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जनपद में लगभग 3500 मतदाता हैं और भाजपा संगठन प्रत्येक मतदाता तक पहुंचकर चुनाव को मजबूती देगा। प्रत्याशी डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने अपने पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए समर्थन की अपील की। वहीं महाराज सिंह ने कहा कि संगठन की बूथ स्तर तक मजबूत पकड़ इस चुनाव में भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में जिला पदाधिकारियों, महाविद्यालयों के प्रबंधकों, प्राचार्यों एवं कार्यकर्ताओं ने चुनाव को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की बैठक आयोजित

**जागरण मोर्चा कार्यालय, पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर "बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के" अभियान को लेकर जिला बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने तथा संचालन जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा ने किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 5 से 21 जून तक चलने वाले अभियान के तहत वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जनसंपर्क, जनकल्याण शिविर, प्रबुद्धजन सम्मेलन, प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं योग दिवस सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के सफल संचालन के लिए जिला पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## 4 जून को होगा व्यापारी संवाद कार्यक्रम

**पूरनपुर।** राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान एवं जीएसटी संबंधी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 4 जून 2026 को व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त राज्य कर खंड-2 रिकेश सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मंगलम बैंक्वेट हॉल, ब्लॉक रोड, पूरनपुर में दोपहर 1 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में जीएसटी पोर्टल, ई-इनवॉयस, रिटर्न फाइलिंग, इनपुट टैक्स क्रेडिट, पंजीयन शिविर तथा जीएसटी 2 .0 सुधारों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। व्यापारियों से कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा करने की अपील की गई है।




आयोजन | जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों से किया परिचय प्राप्त

# खालसा प्रीमियर लीग सीजन-दो का हुआ भव्य शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय


खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते जनप्रतिनिधि। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** नगर के चैतन्य टेक्नो स्कूल परिसर में आयोजित खालसा प्रीमियर लीग सीजन-2 का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा विधायक वावूराम पासबान व जिला पंचायत अध्यक्ष पति व भाजपा नेता गुरभाग सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनसे संवाद कर खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन कर प्रतियोगिता की शुरुआत कराई। मुख्य अतिथि ने कहा कि युवाओं का खेलों के प्रति समर्पण, ऊर्जा और उत्साह समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं।

खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला खालसा वॉरियर्स और गोल्डन ईगल टीमों के बीच खेला गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह, उपजिलाधिकारी अजीत सिंह, आयोजन समिति के सतविंदर सिंह सत्तू, सुखवीर सिंह, कमेटी सदस्य सुखवीर सिंह, साहिल पाण्डेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य रितुराज पासवान, कृपाल सिंह, अनमोल सिंह, खुशविंदर सिंह, कर्मवीर सिंह, भूपेंद्र सिंह, गुरसेवक सिंह, फरदीन खान, सद्दाम खान, शाहिद नक्खा, कमल मालवा, मनप्रीत सिंह सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# जंगली सूअर का मांस बेचने की फिराक में आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा, कार्यालय


जंगली सूअर के मांस के साथ गिरफ्तार व्यक्ति। –जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** वन एवं वन्यजीव प्रभाग की पीलीभीत रेंज टीम ने मंगलवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित वन्यजीव जंगली सूअर के लगभग 10 किलोग्राम मांस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी अपने घर पर मांस की सफाई कर उसे बेचने की तैयारी कर रहा था।

मुखबिर की सूचना पर उप क्षेत्रीय वनाधिकारी दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने ग्राम निजामडांड़ी में छापा मारा। ग्राम प्रधान पुत्र राजबहादुर और हरनन्दन की मौजूदगी में हुई कार्रवाई के दौरान प्रेमपाल पुत्र स्व. होरीलाल को उसके घर के आंगन से रंगे हाथों पकड़ा गया। वन विभाग ने मौके से जंगली सूअर का बिना टुकड़े किया गया मांस बरामद किया। आरोपी के खिलाफ पीलीभीत रेंज में रेंज केस संख्या 45/2026-27 दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई प्रभागीय निदेशक वन एवं वन्यजीव प्रभाग, पीलीभीत भारत कुमार के निर्देशन में वन रक्षक रंजीत सिंह, तेजपाल और किशन लाल की टीम द्वारा की गई।

# कलीनगर और डगा पुल के नवनिर्माण का विधायक ने किया शुभारंभ

● वर्षों पुरानी समस्या का होगा स्थायी समाधान, हजारों लोगों को मिलेगा सीधा लाभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पूरनपुर।** हरदोई ब्रांच नहर पर स्थित कलीनगर पुल और डगा पुल के नवनिर्माण कार्य का भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने पहुंच कर भूमि पूजन और नारियल फोडकर शुभारंभ किया। पुलों का निर्माण होने से वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा। हजारों लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

कलीनगर पुल और डगा पुल वर्षों से जर्जर हालत में पड़े थे। जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान ने जनता की इस समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र सौंपकर दोनों पुलों की जर्जर स्थिति से अवगत कराया और शीघ्र निर्माण की मांग की थी। इसके बाद मामले को प्रदेश सरकार के समक्ष रखा गया। जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों पुलों के नवनिर्माण के लिए बजट स्वीकृत कर दिया। मंगलवार को भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने दोनों पुल परियोजनाओं का विधि-विधान से हवन-पूजन एवं नारियल फोड़कर भूमि पूजन किया गया। पहली परियोजना के अंतर्गत हरदोई शाखा नहर के किमी 5.639 पर ग्राम डगा के निकट पूरनपुर-खटीमा मार्ग पर पूर्व निर्मित पुल के समानांतर नए शारदा नगर सेतु, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्यों का निर्माण कराया जाएगा। इस परियोजना की लागत लगभग 25 करोड़ 83 लाख रुपये निर्धारित की गई है तथा पुल की लंबाई 74 मीटर होगी। दूसरी परियोजना के अंतर्गत हरदोई शाखा नहर के किमी 7.591 पर कलीनगर-पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग पर पूर्व निर्मित पुल के समानांतर नए सेतु, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्यों का निर्माण कराया जाएगा, जिसकी लागत लगभग 27 करोड़ 9 लाख 11 हजार रुपये है। भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने कहा कि इन दोनों पुलों के निर्माण से न केवल पूरनपुर, कलीनगर, डगा एवं आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में व्यापार, कृषि, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी और अधिक सुगम होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री व केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण मांग थी। जो अब पूरी होने जा रही है। कार्यक्रम में जिला मंत्री सृष्टि गुप्ता,जिला प्रतिनिधि राम बहादुर शर्मा, मंडल अध्यक्ष भगवती सिंह, पूर्व चेयरमैन कलीनगर सुनील कटियार, नवनीत सक्सेना, हृदयेश त्रिगुणायत, सुजन सिंह, महेश जायसवाल, विकल्प सिंह, प्रधान इस्तियाक खान,निर्भय सिंह सहिता कई मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### हजारा पुलिस ने लगाया शीतल जल का प्याऊ

**पूरनपुर।** हजारा पुलिस ने गर्मी से राहत पाने के लिए धनाराघाट पर मीठे ठंडा शीतल जल का प्याऊ लगाया ।जिसमे पुलिस स्टाफ ने वाहनों को रोक कर शरबत वितरण किया। बडी संख्या में लोगों ने पहुंच कर इसका आनंद उठाया। गर्मी में लोगों ने ठंडा मीठा शीतल जल पीकर अपना गला तर किया। साथ ही गर्मी से भी लोगों को राहत मिली। देर शाम तक पियाऊ चलता रहा। इसको लेकर लोगों ने हजारा पुलिस की सरहाना की। इस दौरान पूरा स्टाफ मौजूद रहा। इसके अलावा मोहब्बतपुर,दिलावरपुर के हनुमान मंदिर, टूटा पुलिस सहित कई जगहो पर पियाऊ लगाए गए।

### घुंघचाई ने कालौनी को सात विकेट से हराया, मैच देखने के लिए उमडी दर्शकों की भारी भीड



**पूरनपुर/घुंघचाई।** क्रिकेट टूर्नामेंट में घुंघचाई की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कालौनी की टीम को सात विकेट से पराजित कर दिया। कस्बा घुंघचाई में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को घुंघचाई और कालौनी के बीच मैच खेला गया। जिसमे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कालौनी की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। घुंघचाई के गेंदबाजों ने अनुशासित और सटीक गेंदबाजी करते हुए शुरुआती झटके दिए। नियमित अंतराल पर गिरते विकेटों के कारण कालौनी की टीम 109 रन ही वना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी घुंघचाई की टीम ने संयमित और आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने के बावजूद मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी निभाते हुए पारी को संभाला। घुंघचाई के बल्लेबाजों ने समझदारी से खेलते हुए खराब गेंदों का फायदा उठाया और रन गति को लगातार बनाए रखा ।घुंघचाई ने सात विकेट शेष रहते हुए आसानी से कालौनी की टीम को सात विकेट से हरा दिया। मैच के बाद खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। घुंघचाई की इस जीत को टीम के सामूहिक प्रयास और बेहतर तालमेल का परिणाम बताया जा रहा है। इस दौरान बडी संख्या में आयोजक व दर्शक मौजूद रहे।

### दिवाकर आट्‌र्स सेन्टर का 23वां ग्रीष्मकालीन पेंटिंग समर कैंप का शुभारंभ आज सायं 05 बजे

**बरेली।** प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी गर्मीयों की छुट्टीयों का कलात्मक एवं रचनात्मक सदुपयोग करने के उद्देश्य मात्र से बाल एवं युवा कलाकारों को समर्पित कला संस्थान दिवाकर आट्‌र्स सेन्टर, बन्नूवाल नगर बरेली एवं अखिल भारतीय कलाकार परिषद् उ0प्र0 के संयुक्त तत्वावधान में 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन 23वां पेंटिंग समर कैंप का शुभारंभ आज दिनांक 03 से शाम 05 बजे से होने जा रहा है। दिवाकर आट्‌र्स सेन्टर के संस्थापक एवं राष्ट्रीय सम्मान ख्याति प्राप्त स्वतंत्र चित्रकार दिवाकर आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 वर्ष पूर्व यह कैंप सन् 2004 में बहुत ही सीमित, अल्प साधनों में शुरु किया गया था। आज हम अपना 23वां समर कैंप आयोजित करने जा रहे है। जिसमें कक्षा 01 से स्नातक, स्नाकोत्तर तक के विधार्थी सहभागिता कर सकते हैं। जिसमें बच्चों व विधार्थियों को घर के बैकार पड़े कचरे से बेस्ट आउट आफ वैसट क्राफ्ट ( सदुपयोग कला), स्कैनिंग, कलरिंग, कैनवास पेंटिंग, मंडाला आर्ट, मधुबनी पेंटिंग, कार्टून कैरीकेचर ( व्यंग्य चित्रण), लैंडस्केप, पोट्रेट वर्क ( व्यक्ति चित्रण), एवं एक्रेलिक कलर विधाओं की जानकारी एवं कलात्मक प्रयोग करवाएं जाएंगे। आर्य ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को कैंप का 20 दिवसीय सहभागिता प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

# लोक कल्याण मेले में पीएम स्वनिधि योजना का लाभ, वेंडरों को दी गई जागरूकता

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बिसौली।** नगर पालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 1 जून से 30 जून तक आयोजित किए जा रहे लोक कल्याण मेले के अंतर्गत मंगलवार को पालिका सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेले का उद्देश्य शहर के स्ट्रीट वेंडरों एवं जरूरतमंद नागरिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान स्ट्रीट फूड वेंडर्स योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि ऋण योजना के तहत लाभार्थियों को ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया। सभागार में विभिन्न योजनाओं से संबंधित अलग-अलग डेस्क स्थापित किए गए, जहां प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को आवेदन पत्र भरने में सहायता दी गई। इससे बड़ी संख्या में लोगों ने योजनाओं के प्रति रुचि दिखाई और आवेदन किए।

मेले में विशेष रूप से स्ट्रीट फूड वेंडरों को स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा के मानकों की जानकारी दी गई। उन्हें साफ-सफाई बनाए रखने, सुरक्षित भोजन परोसने और ग्राहकों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही डिजिटल भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए भी जानकारी दी गई, जिससे वेंडर ऑनलाइन लेन-देन अपनाकर अपने व्यवसाय को आधुनिक बना सकें। इस अवसर पर नगर पालिका के कर्मचारियों ने योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में पालिका लिपिक राजीव कुमार, यशोदा नंदन, रोहित लोहान, नदीम अब्बासी, रमेश, जितेंद्र, अनमोल, व्योमेश पाठक, नितिन सक्सेना, अमित, गगन, रवि सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



अधिवक्ता सम्मान समारोह में भाग लेते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

# अधिवक्ता सम्मान समारोह में संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** 127 विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंदोई स्थित मौर्य बैंक्वेट हॉल में समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ताओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्य ने किया।

समारोह के मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा रहे, जबकि अध्यक्षता अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट ज्योति प्रकाश शुक्ला ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अधिवक्ताओं को संविधान, कानून के शासन और नागरिक अधिकारों का प्रहरी बताते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय, समानता और जनता के मुद्दों के लिए लगातार संघर्ष करती रही है। अध्यक्षीय संबोधन में एडवोकेट ज्योति प्रकाश शुक्ला ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय दिलाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और वर्ष 2027 में समाजवादी सरकार बनाने के संकल्प के साथ संगठन को मजबूत किया जाएगा। आयोजक सतेन्द्र मौर्य ने सभी अतिथियों और अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दुकान को लेकर पारिवारिक विवाद गहराया, महिला ने दी आत्मदाह की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद बदायूं में एक छोटी सी दुकान को लेकर पारिवारिक विवाद अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद आरोप है कि कुछ लोग फर्जी तरीके से दुकान का बैनामा कराने की कोशिश कर रहे हैं। इससे आक्रोशित एक महिला ने आत्मदाह की चेतावनी देकर प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मचा दिया है।

मोहल्ला सोथा खेल, गौटिया रोड निवासी श्रीमती सुशनाज बी पत्नी स्वर्गीय मी० मियां ने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके पुत्र मोहम्मद फैज खान के नाम एक दुकान है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 8.93 वर्ग मीटर है। यह दुकान मोहल्ला बौधरीगंज में स्थित है। प्रार्थिनी के अनुसार इस दुकान के पूर्व मालिक स्वर्गीय अब्दुल कदीर थे, जिन्होंने 18 मार्च 2006 को उक्त दुकान का हिबा (दान) अपने पोते मोहम्मद फैज खान के नाम कर दिया था। इसके समर्थन में 17 अप्रैल 2006 को एक लिखित तहरीर भी तैयार की गई थी।

शिकायत में कहा गया है कि तब से मोहम्मद फैज खान उक्त दुकान के स्वामी और कब्जेदार हैं। इस संपत्ति को लेकर विवाद उत्पन्न होने पर उन्होंने सिविल जज (सीनियर डिवीजन) बदायूं की अदालत में मूल वाद संख्या 183/2026 दायर किया है। इस वाद में न्यायालय द्वारा 30 मई 2026 को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश जारी किया गया है। इस आदेश की जानकारी उपनिबंधक कार्यालय बदायूं को भी प्रार्थना पत्र के माध्यम से दे दी गई है।

इसके बावजूद आरोप है कि प्रार्थिनी के देवर मुज्जफर मियां, हसीन मियां, इरफान मियां और फिरोज खान पुत्रगण स्वर्गीय अब्दुल कदीर उक्त दुकान को अपनी संपत्ति बताकर उसका बैनामा कराने की कोशिश कर रहे हैं। महिला का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया फर्जी तरीके से की जा रही है और न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। प्रार्थिनी ने अपने शिकायती पत्र में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि यदि उपनिबंधक कार्यालय द्वारा इस दुकान का कोई भी विक्रय पत्र पंजीकृत किया जाता है, तो वह वहीं आत्मदाह करने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

# विश्व दुग्ध दिवस- दूध पोषण, स्वास्थ्य और समृद्धि का आधार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली ट्रेड यूनियन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने बताया कि हर वर्ष 1 जून को विश्व दुग्ध दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2001 में खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य दूध और दुग्ध उत्पादों के पोषण, स्वास्थ्य तथा आर्थिक महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

दूध को संपूर्ण आहार माना जाता है क्योंकि इसमें शरीर के विकास और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक लगभग सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन-डी, विटामिन-बी12, पोटैशियम और फॉस्फोरस का महत्वपूर्ण स्रोत है। भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। देश में श्वेत क्रांति के जनक माने जाने वाले डॉ. वर्गीज कुरियन के प्रयासों से दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई। आज डेयरी उद्योग करोड़ों किसानों, विशेषकर ग्रामीण महिलाओं, की आजीविका का प्रमुख साधन है। विश्व दुग्ध दिवस केवल दूध के सेवन को बढ़ावा देने का अवसर नहीं है, बल्कि यह डेयरी क्षेत्र से जुड़े किसानों, पशुपालकों और श्रमिकों के योगदान को सम्मान देने का भी दिन है। साथ ही यह पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन और टिकाऊ डेयरी प्रबंधन के महत्व को भी रेखांकित करता है। दूध केवल एक पेय नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, पोषण और समृद्धि का आधार है। भारत वैश्विक दूध उत्पादन में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। 2024-25 में देश का कुल दूध उत्पादन लगभग 248 मिलियन टन तक पहुंच गया है और प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता प्रतिदिन 485 ग्राम है।

# गौ सेवा आयोग सदस्य ने किया गौशालाओं का निरीक्षण, नवाचारों की सराहना

जागरण मोर्चा कार्यालय



गौ सेवा आयोग के सदस्य गौशालाओं का निरीक्षण करते हुए। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने जनपद भ्रमण के दौरान देवीपुरा, पकड़िया नौगवां, खाईखेड़ा और बसंतापुर गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। देवीपुरा गौशाला में किए जा रहे नवाचारों की उन्होंने विशेष सराहना की। गांधी सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय गौ आश्रय स्थल अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक में उन्होंने गौशालाओं की स्वच्छता, पशुओं के लिए गुणवत्तापूर्ण भूसा, हरा चारा, चोकर और स्वच्छ पेयजल की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही गौशालाओं को गोबर और गौमूत्र के उपयोग से आत्मनिर्भर बनाने, हरे चारे की उपलब्धता के लिए किसानों से एमओयू कराने तथा बीमार और कमजोर गौवंशों के लिए अलग व्यवस्था करने पर जोर दिया। बैठक में गोबर से खाद, वर्मी कम्पोस्ट, गोबर गैस प्लांट और गमले बनाने जैसे नवाचारों को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए गए, ताकि रासायनिक खाद पर निर्भरता कम हो सके। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।


**योजना** करोड़ों की लागत से विकसित की जा रही इन टाउनशिपों से शहर के विकास और उद्योगों को नई दिशा मिलने की उम्मीद

# बरेली विकास प्राधिकरण शहर में करेगा दो नई टाउनशिप विकसित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बीडीए जल्द ही शहर में दो नई टाउनशिपों का विकास करने जा रहा है। जिसमें एक टाउनशिप आवासीय और दूसरी टाउनशिप औद्योगिक होगी। जिसमें कई गांवों की भूमि चिन्हित की गई है। करोड़ों रूपयों की लागत से विकसित की जा रही इन टाउनशिपों से शहर के विकास का और उद्योगों को नई दिशा मिलने की उम्मीद की जा रही है।

दिल्ली लखनऊ बड़ा बाईपास व बरेली-पीलीभीत राजमार्ग से सटी नई आवासीय टाउनशिपः- तहसील बरेली के ग्राम कुम्हरा, नवदिया कुर्मियान, अडूपूरा जागीर, बरकापुर, कलापुर, हरिहरपुर, अहलादपुर, आसपुर, खूबचन्द्र व मोहरनियाँ कुल 9 ग्रामों की 267.192 है० भूमि चिन्हित की गयी है। जिसमें से



11 हे0 भूमि पुर्नग्रहण के माध्यम से प्राप्त की जा रही है एवं शेष 256 हे0 भूमि आपसी सहमति से क्रय कर नई आवासीय टाउनशिप विकसित किये जाने के लिए प्राधिकरण द्वारा समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करने के उपरान्त भूमि क्रय किया जाना प्रारम्भ किया जा चुका है। प्राधिकरण द्वारा वर्तमान में 424.36 करोड़ रूपये से 78 हैक्टेयर भूमि क्रय की जा चुकी है। इस योजना में 45 मीटर व 30 मीटर जोनल रोड का प्राविधान है। आन्तरिक सड़कें भी 18 मीटर चैड़ी है। योजना के अन्दर ही 132 केवीए का विद्युत केन्द्र भी प्रस्तावित है। योजना में एम्यूजमेन्ट पार्क व कम्युनिटी सेण्टर भी विकसित किये जायेंगे।

### दिल्ली रोड से सटी हुई नई औद्योगिक टाउनशिप

मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक जनपद में न्यूनतम 50 एकड़ भूमि पर सरदार वल्लभ भाई पटेल इम्पलाईमेंट एण्ड इण्डस्ट्रियल जोन विकसित किये जाने के निर्देश के क्रम में बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त औद्योगिक टाउनशिप विकसित किये जाने हेतु तहसील बरेली के ग्राम रसूला चैधरी एवं तहसील मीरगंज के ग्राम भिटौरा नौंगवा उर्फ फतेहगंज पश्चिमी, चिटौली एवं रहपुरा जागीर में 126 .3043 हे0 भूमि चिन्हित की गई है। जिसमें से ग्राम समाज-शासकीय 27 हे0 भूमि पुर्नग्रहण के माध्यम से प्राप्त की जा रही है एवं शेष 100 हे0 भूमि भू-स्वामियों से आपसी सहमति के आधार पर क्रय किया जाना प्रारम्भ कर दिया गया है। प्राधिकरण द्वारा वर्तमान में 20 .91 करोड़ रूपये से 10 हे0 भूमि क्रय की जा चुकी है। इस टाउनशिप में उद्योगों हेतु सभी आवश्यक आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया जायेगा, जिनमें चैड़ी सड़कें, भूमिगत विद्युत नेटवर्क, जलापूर्ति, सीवरेज एवं ड्रेनेज, हरित क्षेत्र, ई-चार्जिंग स्टेशन, गैस लाइन, नेटवर्क कॉमन पार्किंग एरिया, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, फायर स्टेशन आदि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल है। वर्तमान में प्राधिकरण द्वारा दोनों योजनाओं में 445 .27 करोड़ रूपये से 88 हे0 भूमि क्रय की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त योजना में सम्मिलित ग्राम समाजध्शासकीय 38 हे0 भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही की जा रही है।

# 3 से 15 जून तक चलेगा अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान

**जागरण मोर्चा कार्यालय, बरेली।** उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा ने बताया कि जनपद में नागरिक सुरक्षा संगठन द्वारा 3 से 15 जून तक व्यापक अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत नागरिक सुरक्षा के प्रत्येक प्रभाग की प्रत्येक वार्डेन पोस्ट पर कम से कम एक अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को आग लगने की घटनाओं की रोकथाम, अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, आपदा की स्थिति में सुरक्षित निकासी, प्राथमिक बचाव उपायों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। अभियान का उद्देश्य नागरिकों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा दुर्घटनाओं से होने वाली जन-धन हानि को न्यूनतम करना है।

# तहसील बार और प्रशासन के बीच विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** तहसील बार एसोसिएशन की मंगलवार को बार हाल में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में अधिवक्ताओं और तहसीलदार के बीच चल रहा गतिरोध सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाप्त हो गया। बैठक में दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक संवाद हुआ, जिससे लंबे समय से चले आ रहे विवाद का समाधान निकल सका।

बैठक के दौरान तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि भविष्य में उनके सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि तहसील में होने वाले सभी विधिक एवं प्रशासनिक कार्य पारदर्शिता और सहयोगात्मक भावना के साथ संपन्न कराए जाएंगे। तहसीलदार के इस आश्वासन पर अधिवक्ताओं ने संतोष व्यक्त किया और विवाद समाप्त होने पर खुशी जताई।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 5 जून के बाद तहसील के सभी कार्य सामान्य रूप से संचालित किए जाएंगे। साथ ही आपसी संवाद और समन्वय को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया, ताकि न्यायिक कार्य प्रभावित न हों और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में गजेंद्र यादव, नरेंद्र सिंह, रविंद्र पाल, प्रेमशंकर यादव, अभीक्ष पाठक, सुधारक सक्सेना, राजेश भारद्वाज, मुकेश कुमार, सुमित पाठक, केपी सिंह, अबरार खान, बलवीर सिंह, मोहम्मद जावेद खान, भविष्य सिंह, रंजीत सिंह, विवेक यादव और विदित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

बैठक के अंत में सभी ने आपसी सौहार्द बनाए रखने और बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया, जिससे न्याय व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके।

# फीफा वर्ल्ड कप का भारत में जी एंटरटेनमेंट के नए चैनल युनाइट 8 स्पोर्ट्स पर होगा प्रसारण

नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप 2026 का भारत में प्रसारण जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के नए स्पोर्ट्स चैनल युनाइट 8 स्पोर्ट्स और ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर किया जाएगा। कंपनी ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के साथ-साथ आगामी प्रमुख फीफा टूर्नामेंटों के मीडिया अधिकार भी हासिल कर लिए हैं।

अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 11 जून से 19 जुलाई तक होगा। टूर्नामेंट में पहली बार 48 टीमें भाग लेंगी और कुल 104 मुकाबले खेले जाएंगे। जी एंटरटेनमेंट ने 2026 और 2030 के फीफा पुरुष विश्व कप, 2027 के फीफा महिला विश्व कप तथा 2034 तक आयोजित होने वाले अन्य प्रमुख फीफा आयोजनों के मीडिया अधिकार प्राप्त किए हैं। इन अधिकारों में भारतीय दर्शकों के लिए विशेष डॉक्यूमेंट्री और संबंधित कंटेंट भी शामिल हैं। टूर्नामेंट के प्रसारण अधिकारों की घोषणा प्रतियोगिता शुरू होने से दो सप्ताह से भी कम समय पहले की गई है। समय क्षेत्र (टाइम जोन) के अंतर के कारण अधिकांश मैच भारत में देर रात प्रसारित होंगे, जिससे अन्य प्रसारकों की रुचि सीमित रही।

## जी5 एप पर होगी लाइव स्ट्रीमिंग, टूर्नामेंट का रोमांच 11 जून से



### अंडर-17 से लेकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप भी दिखाएगा जी

पुरुष और महिला विश्व कप के अलावा जी अपने प्लेटफॉर्म पर अंडर-17, अंडर-20, महिला अंडर-17, महिला अंडर-20, फुटसाल विश्व कप, महिला फुटसाल विश्व कप तथा इंटरकॉन्टिनेंटल कप का भी प्रसारण करेगा।

## आठ साल बाद स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टिंग सेक्टर में जी की वापसी

करीब आठ वर्षों बाद जी एंटरटेनमेंट स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टिंग क्षेत्र में वापसी कर रहा है। कंपनी ने वर्ष 2005 में जी स्पोर्ट्स के जरिए खेल प्रसारण क्षेत्र में प्रवेश किया था और बाद में टेन स्पोर्ट्स का अधिग्रहण कर अपनी मौजूदगी मजबूत की थी।

**फीफा-जियोस्टार की डील टूटने के बाद हुई जी की एंट्री:** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फीफा और जियोस्टार के बीच प्रसारण अधिकारों की कीमत को लेकर सहमति नहीं बन सकी थी, जिसके बाद जी एंटरटेनमेंट ने इस क्षेत्र में प्रवेश किया। कंपनी ने अपने कुछ मनोरंजन चैनलों को पुनर्गठित कर चार नए स्पोर्ट्स चैनल लॉन्च किए हैं, जिनमें हिंदी के लिए युनाइट 8 स्पोर्ट्स 1 और युनाइट 8 स्पोर्ट्स 1 एचडी तथा अंग्रेजी के लिए युनाइट 8 स्पोर्ट्स 2 और युनाइट 8 स्पोर्ट्स 2 एचडी शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फीफा भारत में प्रसारण अधिकारों के लिए प्रारंभिक तौर पर 100 मिलियन डॉलर की मांग कर रहा था, जबकि जियोस्टार ने इसकी कीमत करीब 20 मिलियन डॉलर आंकी थी। मूल्यांकन में अंतर के चलते समझौता नहीं हो सका। फुटबॉल के अलावा नए स्पोर्ट्स चैनलों पर क्रिकेट, कबड्डी, बैडमिंटन, रेसलिंग और कॉम्बैट स्पोर्ट्स का भी प्रसारण किया जाएगा। कंपनी के पास पहले से बंगाल सुपर लीग, यूपी कबड्डी लीग और आईएलटी20 जैसे टूर्नामेंटों के अधिकार हैं।

## ▶ आरसीबी कप्तान ने ट्रॉफी दिवंगत प्रशंसकों को की समर्पित

# रजत पाटीदार बोले- हमने सिर्फ खेला नहीं, पूरे टूर्नामेंट में वर्चस्व किया कायम

अहमदाबाद



सोमवार तड़के करीब एक बजे जब रजत पाटीदार आईपीएल ट्रॉफी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे, तो उनके चेहरे की मुस्कान ही उनकी सफलता की कहानी कह रही थी। आमतौर पर शांत रहने वाले पाटीदार के लिए यह पल खास था, क्योंकि उनकी कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार आईपीएल खिताब अपने नाम किया। संयोग से यह उनके 33वें जन्मदिन का भी दिन था।

पाटीदार ने कहा, इससे बेहतर जन्मदिन का तोहफा नहीं हो सकता। हमने लगातार दो खिताब जीते हैं, लेकिन अब हमारी नजरें तीसरी ट्रॉफी पर हैं। जब टीम ट्रॉफी जीतती है तो व्यक्तिगत उपलब्धियां मायने नहीं रखतीं। उन्होंने कहा कि 2026 का खिताब पिछले सीजन की तुलना में अधिक संतोष देने वाला रहा, क्योंकि इस बार टीम ने पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाए रखा। पिछले साल दबाव ज्यादा था, लेकिन इस बार मुझे भरोसा था कि अगर हम इसी अंदाज में खेलते रहे तो खिताब बचा सकते हैं। हमने सिर्फ क्रिकेट नहीं खेला, बल्कि विपक्षी टीमों पर वर्चस्व स्थापित किया।

पाटीदार ने बताया कि ऑफ-सीजन में उन्होंने दिनेश कार्तिक के साथ बल्लेबाजी पर विशेष काम किया, जिसका असर पूरे सीजन में दिखा। उन्होंने 192.69 के स्ट्राइक रेट से 501 रन बनाए, जो आईपीएल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। उन्होंने कहा, मैंने बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों भूमिकाओं में काफी कुछ सीखा। दिनेश कार्तिक के साथ तकनीकी बदलावों पर काम किया, जिससे बल्लेबाजी में स्पष्टता मिली। वहीं फाफ डु प्लेसिस से नेतृत्व और बॉडी लैंग्वेज के महत्व को समझा।

### कोचिंग स्टाफ को दिया सफलता का श्रेय

आरसीबी कप्तान ने टीम की सफलता का श्रेय कोचिंग स्टाफ को दिया। उन्होंने गेंदबाजी कोच ओंकार साल्वी की विशेष सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने युवा गेंदबाजों के विकास में अहम भूमिका निभाई। पाटीदार ने मुख्य कोच एंडी फ्लावर को भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ कोच बताया। उन्होंने कहा, फ्लावर सिर्फ प्लेइंग इलेवन तक सीमित नहीं रहते। वह नए और बाहर बैठे खिलाड़ियों पर भी उतना ही ध्यान देते हैं। पाटीदार ने माना कि पिछले कुछ वर्षों में आरसीबी की सोच और संस्कृति पूरी तरह बदल चुकी है। उन्होंने कहा, 2021 से पहले क्या था, मैं नहीं जानता। लेकिन जब से मैं टीम में आया हूं, खिलाड़ियों का माइंडसेट बदला है। बातचीत का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब पाटीदार ने पिछले साल आरसीबी की पहली खिताबी जीत के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ को याद किया, जिसमें 11 प्रशंसकों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा, जीत के बाद अपने प्रशंसकों को खोना बेहद दुखद था। वे सिर्फ प्रशंसक नहीं, हमारे परिवार का हिस्सा थे। मैं यह ट्रॉफी उन सभी दिवंगत समर्थकों को समर्पित करता हूं।

### होटल लौट रही गुजरात टाइटन्स की बस में शॉर्ट सर्किट, धुआं-धुआं हुई बस



फाइनल में हार के बाद गुजरात टाइटन्स के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के साथ बड़ा हादसा टल गया। होटल लौट रही टीम बस में शॉर्ट सर्किट के कारण धुआं भर गया, जिसके बाद सभी खिलाड़ियों और स्टाफ को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। कुछ देर सड़क किनारे इंतजार करने के बाद टीम को दूसरी बस से होटल पहुंचाया गया।

# वैभव बोले- अब मैं दूध नहीं पीता

## कहा-अगले सीजन में भी बेहतर खेलने की करूंगा पूरी कोशिश

नई दिल्ली



आईपीएल 2026 में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी को हैरान करने वाले वैभव सूर्यवंशी ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के बाद कहा कि वह अगले सीजन में भी बेहतर खेलने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि वह अपनी फिटनेस पर ध्यान देंगे और चोट से बचने का प्रयास करेंगे। सूर्यवंशी ने अवॉर्ड समारोह के बाद कहा, काफी अच्छा लग रहा है, लेकिन इंटरव्यू देने का थोड़ा दबाव भी है। मैं अपने गेम पर भरोसा करता हूं। अगर पहली गेंद को हिट कर सकता हूं, तो पूरी पारी में आक्रामक रहने की कोशिश करूंगा। अब मैं दूध नहीं पीता (हंसते हुए)। इस सीजन सूर्यवंशी ने 237.30 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से कुल 776 रन बनाए, 72 छक्के लगाए और गेल के एक सीजन में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा।

उनके प्रदर्शन ने राजस्थान रॉयल्स को प्लेऑफ तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। क्वालिफायर-2 में गुजरात से हार के बावजूद उन्होंने 96 रनों की पारी खेली, जिसमें उन्होंने परिपक्वता का प्रदर्शन किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस सीजन से उन्होंने यह सीखा कि हर मैच में लगातार अटैक नहीं किया जा सकता, बल्कि परिस्थितियों और टीम की जरूरत के हिसाब से खेलना जरूरी है।

### इस सीजन मिले 5 अवॉर्ड

मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर
ऑरेंज कैप (सबसे ज्यादा रन, 776)
सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन (सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट)
सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन (सबसे ज्यादा छक्के, 72)
इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन

इन पुरस्कारों के साथ उन्हें कुल 45 लाख रुपये की इनामी राशि और सुपर स्ट्राइकर अवॉर्ड पर टाटा सिएरा कार भी मिली।

### भविष्य की योजना...

वैभव ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें सुनील गावस्कर की कहानियां सुनाकर प्रेरित किया करते थे, खासकर तेज गेंदबाजों और बाउंसर का सामना करने के लिए। उन्होंने कहा कि उनका सपना केवल सीमित ओवरों तक सीमित नहीं है, बल्कि टेस्ट क्रिकेट में भी अपना नाम बनाना चाहते हैं। वैभव ने आगे कहा कि अब उनकी प्राथमिकता फिटनेस और खेल दोनों को बेहतर बनाना होगी, ताकि वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर सकें। राजस्थान रॉयल्स के ड्रेसिंग रूम के माहौल और सीनियर खिलाड़ियों के मार्गदर्शन ने उन्हें और मजबूत बनाया।

### विराट से मुलाकात बनी चर्चा का विषय

आईपीएल फाइनल के बाद विराट कोहली और वैभव सूर्यवंशी की मुलाकात भी चर्चा में रही। आरसीबी की खिताबी जीत के बाद कोहली खुद वैभव के पास पहुंचे और उन्हें बधाई दी। दोनों खिलाड़ियों की मुस्कुराती तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। क्रिकेट प्रेमियों ने इसे भारतीय क्रिकेट के वर्तमान और भविष्य की प्रतीकात्मक मुलाकात बताया।

### लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका का भावुक संदेश

लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने सोशल मीडिया पर वैभव की एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए उनके सफर की सराहना की। उन्होंने लिखा कि नौ साल पहले स्टैंड्स में बैठकर आईपीएल देखने वाला यह बच्चा आज ऑरेंज कैप विजेता बन चुका है। वैभव का सफर प्रेरणादायक है और उन्हें भरोसा है कि भारतीय टीम की जर्सी में भी वह कई बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगे।

### फ्रेंच ओपन: चार बार की चैंपियन स्वियातेक बाहर

पेरिस। फ्रेंच ओपन 2026 महिला एकल में सोमवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। यूक्रेन की 15वीं वरीय मार्ता कोस्त्युक ने चार बार की चैंपियन और तीसरी वरीय इगा स्वियातेक को सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। 1 घंटा 39 मिनट तक चले मुकाबले में कोस्त्युक ने शानदार प्रदर्शन किया। क्वार्टर फाइनल में कोस्त्युक का सामना हमवतन एलिना स्वितोलिना से होगा। स्वितोलिना ने स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिच को हराकर अंतिम-8 में जगह बनाई। इस मुकाबले की विजेता ओपन एरा में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली यूक्रेनी महिला खिलाड़ी बनेगी।

### राज्य तैराकी में भोपाल को तीसरे दिन 8 गोल्ड

भोपाल। भोपाल/रीवा में आयोजित 54वीं राज्य तैराकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन भोपाल जिले ने शानदार प्रदर्शन किया। सोमवार को भोपाल के तैराकों ने कुल 8 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलनानी ने बताया कि सीनियर महिला वर्ग में कृतिका श्रीवास्तव ने 200 मीटर बटरफ्लाई और 200 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक और समान दूरी में रजत पदक जीता। बालक-ग्रुप बी में अर्थ जैन ने 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में नए मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। सीनियर पुरुष वर्ग में भी उन्होंने 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीता। अन्वी खंडूरी ने 50 मीटर बैक स्ट्रोक में स्वर्ण, इशिता परिहार ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण और 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजत पदक प्राप्त किया। वाणी जैन ने 50 मीटर बैक स्ट्रोक में रजत, अरनब चौधरी ने पुरुष वर्ग में 50 मीटर बैक स्ट्रोक में कांस्य पदक जीता।

### बिल्ड अप क्लब ने जीता फुटसल खिताब

भोपाल



टैगोर फु टबॉल क्लब ने स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय के फुटसल एरिना में राज्य स्तरीय फुटसल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर की 8 टीमों ने हिस्सा लिया और शानदार खेल प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में बिल्ड अप फु टबॉल क्लब ने टैगोर फु टबॉल क्लब को 4-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में ईशान सही को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और पीयूष खटीक को बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार दिया गया। स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा खेलों के क्षेत्र में युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. संगीता जौहरी, रजिस्ट्रार, रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय ने खिलाड़ियों को बधाई दी और आयोजन की सफलता की सराहना की।

# नेपाल का फिर बड़ा कारनामा, एक ओवर में 6 छक्के और 313 रन...

## कुशल भुर्तेल ने 43 गेंदों में ठोंके 129 रन, एक ओवर में लगातार 6 छक्के लगाकर रचा इतिहास, चीन को 221 रनों से दी शिकस्त

सिंगापुर



नेपाल ने टी-20 क्रिकेट में दूसरी बार 300+ स्कोर बना दिया। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चीन के खिलाफ 20 ओवर में 313/2 रन बनाए और मुकाबले 221 रन से जीत लिया।

ओपनर कुशल भुर्तेल ने 43 गेंदों में 129 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने एक ओवर में लगातार 6 छक्के जड़े और कुल 16 छक्के लगाए। उनका शतक सिर्फ 35 गेंदों में आया, जो टी-20 इंटरनेशनल इतिहास का संयुक्त रूप से 5वां सबसे तेज शतक है। जवाब में चीन की टीम 92 रन पर ऑलआउट हो गई। नेपाल की यह टी-20 इंटरनेशनल में 7वीं सबसे बड़ी जीत है।

**नेपाल**
313/2 (20 ओवर)

**चीन**
92 रन पर ऑलआउट

# पूर्व क्रिकेटर डिंडा बने मंत्री

कोलकाता



पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अशोक डिंडा को पश्चिम बंगाल सरकार में राज्य मंत्री बनाया गया है। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उन्होंने पद और गोपनीयता की शपथ ली। भाजपा नेता डिंडा ने हालिया विधानसभा चुनाव में मोयना सीट से जीत दर्ज की थी। क्रिकेट से राजनीति में आए डिंडा ने 2021 में भाजपा का दामन थामा था और लगातार दूसरी बार विधायक चुने गए। भारत के लिए 13 वनडे और 9 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके डिंडा आईपीएल में भी कई टीमों का हिस्सा रहे हैं। अब क्रिकेट के बाद उन्होंने राजनीति में भी नई पारी शुरू की है।

V.N.P.S.
Affiliation No. : 2133487
School Code : 61359
VIDYA NIKETAN PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE New Delhi
The First & Only CBSE Affiliated School In Madhotanda
CLASSES-PNC To 10 th
100% RESULT OF CLASS X
ADMISSION OPEN
Session 2026-27
Call Us : 8433205919 9719791111, 9412644571

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

पं. राजेन्द्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी के क्षेत्र में
अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
वो भी सबसे कम फीस में!
D.PHARM
SESSION : 2026-27
B.PHARM
SESSION : 2026-27
JEECUP REGISTRATION बिल्कुल FREE
आज ही हमें कॉल करें और कोर्स से जुड़ी जानकारी प्राप्त करें
Free Registration के लिए अभी सम्पर्क करें
+91 6398097339, +91 9548012113

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।